# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–218 । सागर, बुधवार, 27 सितंबर 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए

नगर परिषद के सामने पंडाल लगाकर बैठे सफाईकर्मी — पृष्ठ 3
▪ मोदी का विरोधियों को 'अर्बन नक्सल' कहना अशोभनीय
▪ लोकसभा चुनाव फरवरी 2024 से पहले करा सकते हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी — पृष्ठ 4
▪ झोलाछाप महिला डॉक्टर की लापरवाही से 55 वर्षीय महिला की मौत — पृष्ठ 6
मासूम का शव लेकर बण्डा आ रही एंबुलेंस ट्राले से टकराई, बच्चे की दादी और ड्राइवर की मौत — पृष्ठ 8

## सार-समाचार

### एशियाई खेल : भारत ने घुड़सवारी में जीता सोना



**हांगझोउ, एजेंसी।** भारत की सुदीप्ति हजेला, दिव्याकृति सिंह, हृदय छेदा और अनुष अग्रवाल की घुड़सवारी टीम ने मंगलवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीत लिया। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में घुड़सवारी टीम ने देश के लिए तीसरा स्वर्ण पदक जीता। भारत की ओर से सुदीप्ति हजेला, दिव्याकृति सिंह, हृदय छेदा और अनुष अग्रवाल की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। घुड़सवारी टीम को 41 साल बाद इस खेल में स्वर्ण पदक मिला है। इससे पहले 1982 एशियन खेल में पहली बार घुड़सवारी में भारत को मेडल मिला था।

**घुड़सवारी में 41 साल बाद मिला स्वर्ण**

### शाजापुर में सभा को करेंगें राहुल गांधी



**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा सांसद राहुल गांधी आगामी 30 तारीख को मध्य प्रदेश के शाजापुर जिले में एक आमसभा को संबोधित करेंगे। मध्य प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष (संगठन) राजीव सिंह ने बताया कि गांधी का विधानसभा चुनाव से पूर्व मध्यप्रदेश का यह पहला बड़ा दौरा कार्यक्रम है। सिंह ने बताया कि गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को मध्य प्रदेश में जनता का ऐतिहासिक और अभूतपूर्व स्नेह मिला था। उनका शाजापुर दौरा मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए निर्णायक साबित होगा।

### भाजपा ने अमरवाड़ा से मोनिका बट्टी को उतारा



**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी ने मध्य प्रदेश विधानसभा की अमरवाड़ा (सु.) सीट से सुश्री मोनिका बट्टी को टिकट दिया है। पार्टी महासचिव अरुण सिंह ने मंगलवार को यहां बताया कि भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति ने अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित छिंदवाड़ा जिले की अमरवाड़ा सीट से सुश्री बट्टी को उम्मीदवार बनाया है। मोनिका अखिल भारतीय गोंडवाना पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष रहीं हैं। उन्होंने हाल ही में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के हाथों भाजपा की सदस्यता ली थी। उनके पिता मनमोहन शाह भट्टी विधायक रहे हैं। यह सीट अभी कांग्रेस के कमल प्रताप शाह के पास है। भाजपा ने पहली और दूसरी सूची में 39 – 39 उम्मीदवारों की घोषणा की है।

### प्रधानमंत्री के सलाहकार अमित खरे को मिला सेवा विस्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री के सलाहकार अमित खरे को सेवा विस्तार मिल गया है। उनके इस सेवा विस्तार को प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली केंद्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने मंजूरी दी है। वे अब इस पद पर सेवा की नियमित शर्तों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मौजूदा कार्यकाल तक अपने पद पर बने रहेंगे। 1985 बैच के बिहार कैडर से आने वाले भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकरी खरे का कार्यकाल अक्टूबर 2023 में खत्म हो रहा था।

### शाहनवाज को आया हार्ट अटैक, अस्पताल में भर्ती

**मुंबई, एजेंसी।** भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन को मंगलवार को दिल का दौरा पड़ने के बाद मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्हें शाम साढ़े 4 बजे के करीब हॉस्पिटल लाया गया। उनकी एंजियोप्लास्टी की गई है। हुसैन अभी आईसीयू में भर्ती है। हुसैन को इससे पहले अगस्त में स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने के बाद दिल्ली के एम्स में भर्ती कराया गया था। इस दौरान डॉक्टरों ने उन्हें आराम करने की सलाह दी थी। भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन का जन्म 12 दिसंबर 1968 को बिहार के सुपौल में हुआ था। वो नीतीश कुमार और एनडीए सरकार में केंद्र में मंत्री रहे हैं।

## मणिपुर में मोबाइल इंटरनेट फिर बंद

# सुरक्षाबलों से झड़प में 54 छात्र घायल

### 2 छात्रों की हत्या के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर के इंफाल शहर में मंगलवार 26 सितंबर को सुरक्षाबलों और स्टूडेंट्स के बीच झड़प हो गई। इसमें 1 टीचर सहित 54 छात्र घायल हो गए। छात्र जुलाई से लापता दो छात्रों की हत्या के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे।

सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राज्य सरकार ने एक बार फिर मोबाइल इंटरनेट को अगले 5 दिनों के लिए सस्पेंड कर दिया है। राज्य में 23 सितंबर को मोबाइल इंटरनेट से बैन हटने के बाद दो छात्रों के शवों की फोटो सामने आई थी, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। फोटो में दोनों की बॉडी जमीन पर पड़ी हुई नजर आ रही है। साथ ही लड़के का सिर कटा हुआ है। हालांकि दोनों के शव अभी तक नहीं मिले हैं। जुलाई में दोनों छात्र एक दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में दिखाई दिए थे, लेकिन उसके बाद से उनका पता नहीं चल सका है। वहीं, राज्य सरकार ने सभी सरकारी-गैर सरकारी स्कूलों को 27 सितंबर और 29 सितंबर को बंद रखने का आदेश जारी किया है।



### मामले की जांच सीबीआई कर रही

मुख्यमंत्री कार्यालय के सूत्रों के अनुसार सरकार ने कहा है कि जो भी दोषी हैं, उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले की जांच सीबीआई कर रही है। सुरक्षा बलों ने अपराधियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान भी शुरू कर दिया है। लोगों से अपील की गई है कि मामले में संयम बरतें और जांच एजेंसियों को अपना काम करने दें।

### केंद्र को अपनी निष्क्रियता पर शर्म आनी चाहिए : प्रियंका

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने कहा– मणिपुर में बच्चे जातीय हिंसा के सबसे कमजोर शिकार हैं। यह हमारा कर्तव्य है कि हम उनकी रक्षा के लिए हर संभव कोशिश करें। मणिपुर में हो रहे अपराध शब्दों से परे हैं, फिर भी राज्य में अपराधों को बिना किसी रोक-टोक के जारी रहने दिया जा रहा है। केंद्र को अपनी निष्क्रियता पर शर्म आनी चाहिए।

## भारत का सर्वोच्च फिल्म सम्मान

# वहीदा रहमान को दादा साहब फाल्के पुरस्कार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अपने अभिनय से हिंदी सिनेमा में अमिट छाप छोड़ने वाली वहीदा रहमान को सिनेमा के बड़े पुरस्कार दादा साहब फाल्के के लिए चुना गया है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने यह जानकारी देते हुए कहा कि वहीदा रहमान को इस साल 'दादा साहब फाल्के लाइफटाइम अचीवमेंट' से नवाजा जाएगा। वहीदा रहमान हिंदी सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्रियों में से एक हैं। उन्होंने ब्लैक एंड व्हाइट से लेकर कलर फिल्मों में अपनी एक्टिंग का दम दिखाया है।

वहीदा रहमान ने अपने अभिनय से लंबे समय तक सिनेमा पर राज किया है। उन्होंने पर्दे पर देव आनंद, राज कपूर, राजकुमार, मनोज कुमार और सुनील दत्त सहित हिंदी सिनेमा के कई बड़े कलाकारों के साथ काम किया था. वहीदा रहमान का जन्म 3 फरवरी 1938 को चेन्नई में हुआ और उन्होंने 1955 में तेलुगू इंडस्ट्री में कदम रखा. इसके बाद उन्हें हिंदी सिनेमा में पहला ब्रेक 1956 में सीआईडी फिल्म से मिला। हालांकि, इस फिल्म में वहीदा रहमान ने नेगेटिव किरदार निभाया, लेकिन उनके रोल को बहुत पसंद किया गया. इस दौरान वहीदा और गुरु दत्त की जोड़ी भी फैंस को बहुत पसंद आती थी. उन्होंने उनके साथ प्यासा, कागज के फूल, चौदहवीं का चांद, साहिब बीवी और गुलाम जैसी फिल्मों में काम किया। वहीदा रहमान ने 1965 में फिल्म गाइड के लिए फिल्म फेयर अवार्ड हासिल किया। वहीदा रहमान की निजी जीवन की बात की जाए तो उन्होंने 1974 में एक्टर शशि रेखी के साथ शादी कर ली. लेकिन 2000 में उनके पति की मौत हो गई। इसके बाद वहीदा रहमान ने एक बार फिर काम करना शुरू किया और दिल्ली 6, रंग दे बसंती और वॉटर जैसी फिल्मों में काम किया। आखिरी बार वहीदा रहमान ने साल 2021 में आई मराठी फिल्म स्केटर गर्ल में काम किया था।

# कुंड में डूबे 10 बच्चे, 4 की मौत

**दतिया, एजेंसी।** दतिया में गणपति प्रतिमा विसर्जन के दौरान बड़ा हादसा हो गया। यहां 10 बच्चे कुंड में डूब गए। इसमें तीन लड़कियों समेत 4 की मौत हो गई। यह घटना शाम करीब 6.30 बजे की है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के निआऊल बड़ेनिया में सिद्ध बाबा मंदिर परिसर में कुंड बनाया गया था। इसमें बच्चे प्रतिमा विसर्जित करने पहुंचे थे। इस दौरान अंश पाल पिता ब्रजमोहन पाल (14), प्रतिज्ञा पाल पिता झाहर सिंह (15), कृष्णा पाल पिता रामहजुर पाल (16) और आस्था पिता श्रीराम पाल (15) की डूबने से मौत हो गई। वहीं दो बच्चों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें ग्वालियर रेफर कर दिया गया है। एक बच्चा जिला अस्पताल में भर्ती है। बाकी बच्चे सुरक्षित है।

एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि निआऊल गांव में कुछ बच्चे गणपति प्रतिमा विसर्जन के लिए गए थे। संभवत– एक बच्चा उसी दौरान पैर फिसलने से डूब गया। उसे बचाने के लिए बाकी बच्चे भी उसमें गए थे। 4 बच्चों की मौत हुई है, जिसमें 3 बच्चियां शामिल हैं। एहतियात के तौर पर एसडीओपी और होमगार्ड की एक टीम हमने घटनास्थल पर भेजी। टीम सर्चिंग की और देखा कि कोई और बच्चा उसमें फंसा ना हो।

प्रत्यक्षदर्शी प्रेम कुशवाहा ने बताया कि मैं मंदिर में दर्शन करने गया था उस समय बच्चे कुंड में गणेश प्रतिमा सिराने जा रहे थे। जब दर्शन करने के बाद में मंदिर में बैठा था तो एक बच्चा दौड़ कर आया और बोला कि चाचा 8-10 बच्चे डूब गए हैं। मैं पहुंचा तो देखा कि एक-दो बच्चे मिलकर कुंड में से बच्चे निकाल रहे थे। उस समय कोई भी ऊपर नहीं था। मैं कूद गया और डूबे हुए बच्चों को बाहर निकाला। कम से कम 10 बच्चे थे। सभी बच्चे 15 साल के होंगे।

ग्रामीणों के मुताबिक बच्चे हर साल इसी कुंड में गणेश विसर्जन के लिए ले जाते थे। जिसकी गहराई पहले करीब 5-6 फीट थी लेकिन बीते दिनों उसकी गहराई बढ़ा दी गई थी। इस बात की जानकारी बच्चों को नहीं थी। जिला अस्पताल पहुंचे दतिया कलेक्टर संदीप माकिन ने मृत बच्चों के परिवारों को 4-4 लाख रुपए की सहायता राशि देने के लिए दतिया तहसीलदार और एडीएम रुपेश उपाध्याय को निर्देश दिया।

## राज्य सरकार ने कई प्रस्तावों को दी मंजूरी

# पुलिस अधिकारियों को मिलेगा नया वेतनमान, अतिथि विद्वानों और कोटवारों का मानदेय बढ़ाया



**भोपाल, देशबन्धु।** राज्य सरकार ने पुलिस अधिकारियों के लिए 5वां समयमान वेतनमान स्वीकृत कर दिया है। वहीं कोटवार और अतिथि विद्वानों के मानदेय में वृद्धि के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में आज हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में संबल योजना में पंजीकृत श्रमिक और उसके परिवार के सदस्य को राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने पर 25 हजार से लेकर 50 हजार रुपये तक प्रोत्साहन राशि देने के प्रस्ताव को भी हरी झंडी दे दी है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने हाल ही में बिना सेवा भूमि वाले कोटवारों का मानदेय चार से बढाकर आठ हजार रुपये करने की घोषणा की थी। इसी तरह अतिथि विद्वानों का मानदेय 50 हजार रुपये का निर्णय लिया था। राज्य प्रशासनिक सेवा, राज्य वित्त सेवा के तरह ही पुलिस अधिकारियों को पांचवां समयमान वेतनमान देने की घोषणा की गई थी। इन सभी प्रस्तावों को आज मंत्रिपरिषद की मंजूरी मिल गई है। वहीं, विशेष केन्द्रीय सहायता (शहरी सुधार कार्यक्रम) से प्रदेश में मास्टर प्लान की सड़कों के लिए योजना को तीन वर्षों के लिए स्वीकृति भी दी गई। इसमें वर्ष 2023-24 में सड़कों पर एक हजार 200 करोड़ रुपये का प्रावधान है।

### नई तहसीलों के गठन को मिली मंजूरी

मंत्रिपरिषद ने जबलपुर जिले में पौडा और कटंगी तहसील बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इसके लिए 34 पद स्वीकृत किए गए। जबकि, मऊगंज जिले में देवतलाब और ग्वालियर जिले में पिछोर तहसील बनाने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। मुरैना जिले में नया अनुविभाग पोरसा के गठन के साथ 12 पद स्वीकृत किए गए।

### महिला फुटबाल प्रोत्साहन के लिए 97 करोड़

मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रदेश में महिला फुटबाल के प्रोत्साहन के लिए 97 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। इसमें फुटबाल प्रशिक्षक एवं प्रबंधन की व्यवस्था राष्ट्रीय फुटबाल महासंघ से करने तथा अन्य सहायक अमले आदि की व्यवस्था आउटसोर्स के आधार पर किए जाने की स्वीकृति भी दी गई।

### अब 20 हजार रुपये प्रतिमाह मिलेगी सम्मान निधि

मंत्रिपरिषद ने प्रदेश के वरिष्ठ एवं बुजुर्ग पत्रकारों को प्रतिमाह 10 हजार के स्थान पर 20 हजार रुपये प्रतिमाह सम्मान निधि देने की घोषणा पर स्वीकृति दी। साथ ही अब सम्मान निधि प्राप्त करने वाले पत्रकार की मृत्यु होने पर उनकी पत्नी/पति को एकमुश्त आठ लाख रुपये की सहायता राशि दी जाएगी। पत्रकारों को स्वयं अथवा आश्रितों के उपचार के लिए सामान्य बीमारियों की स्थिति में 20 हजार के स्थान पर 40 हजार और गंभीर बीमारियों के लिए 50 हजार के स्थान पर एक लाख रुपये की सहायता दी जाएगी। इसमें आयकर संबंधी शर्त भी नहीं होगी। इसी तरह अधिमान्य पत्रकारों को 25 के स्थान पर 30 लाख रुपये तक के आवास आवास ऋण पर पांच प्रतिशत ब्याज अनुदान पांच वर्ष के लिए दिया जाएगा।

### इंफोसिस से 50 एकड़ भूमि वापस लेगी सरकार

इंफोसिस को इंदौर में आवंटित भूमि में से 50 एकड़ भूमि वापस लेने का निर्णय लिया गया है। आपसी सहमति के आधार पर यह निर्णय लिया गया है। इस भूमि का उपयोग विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी से जुड़ी अन्य कंपनियों को देने के लिए होगा।

### धार के भैंसोला में बनेगा टेक्सटाइल पार्क

राज्य मंत्रिपरिषद ने धार जिले के भैंसोला में एक हजार 563 एकड़ भूमि पर टेक्सटाइल पार्क बनाया जाएगा। प्रस्तावित पार्क में सड़क, बिजली एवं पानी की सुविधा प्रदान करने में 163 करोड़ रुपये व्यय होंगे। पीएम मित्र पार्क में स्थापित होने वाली इकाइयों को प्रचलित औद्योगिक संवर्धन नीति अनुसार सुविधाएं एवं सहायता दी जाएगी।

## 9वां रोजगार मेला : प्रधानमंत्री ने 51 हजार नियुक्ति पत्र बांटे, बोले-

# तकनीक से भ्रष्टाचार घटा, सुविधा बढ़ी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज 9वें रोजगार मेले के तहत 51 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया। ये युवा पिछले कुछ दिनों में केंद्र सरकार के अलग-अलग विभागों में भर्ती हुए हैं। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले नौ साल में इनोवेटिव तरीके से बड़े बदलाव हुए हैं। तकनीक का इस्तेमाल बढ़ने से भ्रष्टाचार घटा है और सुविधाएं बढ़ी हैं। ये रोजगार मेला देशभर में 46 स्थानों पर आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री मोदी दिल्ली के नेशनल मीडिया सेंटर में आयोजित इस कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां से उन्होंने 45 जगहों पर मौजूद युवाओं को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जॉइनिंग लेटर सौंपा।

### नई संसद में देश का नया भविष्य शुरू हुआ

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की बेटियां अंतरिक्ष से खेलों तक अनेक कीर्तिमान बना रही हैं। कुछ दिन पहले ही देश की आधी से ज्यादा आबादी को नारी शक्ति वंदन एक्ट के जरिए बड़ी ताकत मिली है। 30 साल से पेंडिंग इस बिल को नई संसद के पहले सत्र में ही दोनों सदनों से पारित कराया गया। एक तरीके से नई संसद में देश का नया भविष्य शुरू हुआ है।

## कांग्रेस का प्रधानमंत्री मोदी पर तीखा हमला

# प्रधानमंत्री को बताया झूठा



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी और भाजपा ने जुबानी जंग तेज होती जा रही है। प्रधानमंत्री ने कल मध्यप्रदेश में एक चुनावी रैली के दौरान कांग्रेस पर तीखा हमला किया था तो कांग्रेस पार्टी ने पलटवार करते हुए उन्हें सर्टिफाइड झूठा करार दे दिया। उन्होंने कहाकि कल प्रधानमंत्री ने भोपाल के चुनावी रैली के दौरान अपने 51 मिनट के भाषण में 44 बार कांग्रेस का नाम लिया। जिस राज्य में उनकी 19 साल से सरकार है,वहां भी उन्हें चुनाव जीतने के लिए कांग्रेस का ही सहारा लेना पड़ रहा है।

इसे कहते हैं, नींद हमारी,ख्वाब तुम्हारे। खेडा ने कहा कि अगर प्रधानमंत्री थोडा भी थोडा भी सच बोलना शुरू कर दें तो वे कांग्रेस के सबसे बड़े स्टार प्रचारक साबित हो सकते हैं। उन्होंने कहाकि यूपीए सरकार के समय जब महिला आरक्षण विधेयक आया था तो उसके विरोध में अटलबिहारी वाजेपेयी से लेकर लालकृष्ण आडवाणी और जशवंत सिंह तक शामिल थे। 10 साल तक मोदी सरकार को महिला आरक्षण विधेयक का खयाल तक नहीं आया और धृष्टता देखिए कि अब कहते हैं कि कांग्रेस इसका विरोध कर रही है। उन्होंने कहा कि कोई सर्टिफाइड लायर है तो वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। आज तक ऐसी छवि किसी भी प्रधानमंत्री की नहीं थी

### संसद में अभिनेत्रियां आईं थीं, राष्ट्रपति नहीं

उन्होंने कई अन्य मुद्दों को लेकर भी भाजपा सरकार को घेरते हुए कहाकि संसद में अभिनेत्रियां तो आती हैं,लेकिन राष्ट्रपति नहीं। क्योकि वे आदिवासी महिला हैं। तभी राहुल गांधी कहते हैं कि आप जातिवादी हैं। आप दलितों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों, महिलाओं के खिलाफ हैं। आप बृजभूषण सिंह को निकाल नहीं पाए और बात महिला अधिकारों की करते हैं।'

# हाईकोर्ट जजों की नियुक्ति और तबादलों से संबंधित 70 सिफ़ारिशें सरकार के पास लंबित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को हाईकोर्ट के जजों की नियुक्ति और स्थानांतरण की सिफारिशें सरकार के पास लंबित होने पर चिंता व्यक्त की और कहा कि वह इस मुद्दे की बारीकी से निगरानी करेगा और इसके समाधान तक कम से कम 10-12 दिनों में एक बार इसे उठाएगा. पीठ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की कॉलेजियम द्वारा की गईं 70 सिफारिशों वर्तमान में सरकार के पास लंबित हैं।

2 सदस्यीय पीठ की अध्यक्षता कर रहे जस्टिस एसके कौल ने कहा, 'कुछ मायनों में हमने इन चीजों को आगे बढ़ाने का प्रयास किया है. अब हम इसकी बारीकी से निगरानी करना चाहते हैं.' पीठ, जिसमें जस्टिस सुधांशु धूलिया भी शामिल थे, बेंगलुरु एडवोकेट्स एसोसिएशन की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें न्यायाधीशों की नियुक्ति के मामले में सरकार की ओर से कथित देरी के लिए अदालत की अवमानना की कार्यवाही की मांग की गई थी. याचिका पर सुनवाई करते हुए पीठ ने अटॉर्नी जनरल (एजी) आर. वेंकटरमणी से कहा कि 11 नवंबर 2022 से सुप्रीम कोर्ट की कॉलेजियम द्वारा की गईं 70 सिफारिशें वर्तमान में सरकार के पास लंबित हैं। जस्टिस कौल ने कहा, 'दोहराए गए नामों की संख्या 7 है, जबकि 9 नाम पहली बार प्रस्तावित किए गए हैं.' उन्होंने कहा कि एक मुख्य न्यायाधीश की पदोन्नति और 26 स्थानांतरण संबंधी मामले हैं. जस्टिस कौल ने कहा कि चार दिन पहले तक लंबित फाइल की संख्या 80 थी, लेकिन तब से सरकार ने 10 नामों को मंजूरी दे दी है. इसलिए वर्तमान आंकड़ा 70 है. पीठ ने बताया कि लंबित फाइल में से एक फाइल एक 'संवेदनशील हाईकोर्ट' के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति से संबंधित है। जहां सुप्रीम कोर्ट की कॉलेजियम ने 5 जुलाई 2023 को दिल्ली हाईकोर्ट के जज सिद्धार्थ मृदुल को मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश की थी।

## दिल्ली में सनसनीखेज वारदात

# ज्वेलरी शोरूम से 25 करोड़ की चोरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के जंगपुरा स्थित एक ज्वेलरी शोरूम पर धावा बोलते हुए करोड़ों के जेवरों पर हाथ साफ कर दिया। शोरूम में चोरी की जानकारी मिलते ही निजामुद्दीन थाने पुलिस ने मौके पर शोरूम में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगालना शुरू कर दिया है।

पुलिस ने बताया कि भोगल इलाके में जिस आभूषण की दुकान में चोरी हुई मेंटीम को शक है कि चोरी रविवार रात को हुई है। चोर शोरूम की दीवार काटकर अंदर घुसे थे, जहां उन्होंने स्ट्रांग रूम में रखे करोड़ों को गहने चुरा लिए। डीसीपी साउथ-ईस्ट राजेश देव ने कहा कि उन्होंने सीसीटीवी फुटेज हासिल कर लिया है। उसके आधार पर मामले की जांच की जा रही है। ये चोरी के एक बड़ी घटना है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि अपराधियों को दुकान और आभूषणों के बारे में पहले से जानकारी थी और उन्हें पता था कि स्ट्रांग रूम तक कैसे पहुंचना है। उन्होंने बताया कि चोरों को इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के बारे में भी जानकारी थी। जिस तरह से चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है, उससे ऐसा प्रतीत होता है कि अपराधी पहले से ही अपनी योजना बनाने के लिए वहां आये थे।

### दुकान में थे 20-25 करोड़ के आभूषण : मालिक

ज्वेलरी शोरूम के मालिक संजीव जैन ने बात करते हुए बताया, 'हमने रविवार को दुकान बंद कर दी थी और सोमवार की छुट्टी के बाद जब हमने इसे मंगलवार को खोला तो हमने देखा कि पूरी दुकान में धूल भरी हुई थी और स्ट्रॉन्ग रूम की दीवार में एक छेद था... हमें लगता है कि चोरों ने सब कुछ लूट लिया है। करीब 20-25 करोड़ रुपए की ज्वेलरी थी। चोर दुकान के अंदर छत के रास्ते से दाखिल हुए थे। सीसीटीवी समेत सबकुछ टूटा हुआ है।'

इस दौरान हमें आभास हो गया कि दुकान में चोरी हुई है। दुकान में देखा तो सब कुछ लूट लिया गया था। वो छत से दुकान में घुसे थे। लगभग 20-25 करोड़ रुपए के आभूषण चोरी किए गए हैं। चोरों ने सीसीटीवी भी चोरी किया है। पुलिस को सूचना दी गई और मौके पर पुलिस पहुंच गई। मामले में जांच की जा रही है। दिल्ली पुलिस ने इसे चोरी की एक बड़ी घटना बताया है।

# नवनियुक्त शासकीय सेवक अपना कार्य संवेदनशीलता के साथ समाज को लाभान्वित करने का कार्य भी करें: डॉ. वीरेंद्र कुमार



### रोजगार मेला में प्रदान किए गए नियुक्ति पत्र

**सागर, देशबन्धु।** सभी नवनियुक्त शासकीय सेवा के अपने-अपने कार्य पूरी संवेदनशीलता, ईमानदारी के साथ करते हुए समाज को लाभान्वित करने का कार्य भी करें। उक्त विचार केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने रोजगार मेला के अवसर पर व्यक्त किये। इस अवसर पर महापौर संगीता तिवारी, महापौर प्रतिनिधि सुशील तिवारी, पोस्ट मास्टर जनरल बृजेश कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं पोस्ट ऑफिस के अधिकारी सहित नवनियुक्त शासकीय सेवक मौजूद थे। डॉ. वीरेंद्र कुमार ने कहा कि सभी नवनियुक्त शासकीय सेवक अपने कार्यों को इस प्रकार अंजाम दें, जिससे समाज के सभी वर्ग को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उनके सभी कार्य समय सीमा में संपन्न हो सके। सभी सेवक अपने पूर्व के समय को याद करते हुए कार्य करें, जिससे कोई भी आपके समक्ष आने वाला व्यक्ति परेशान न हो। आपको लाभान्वित कर रोजगार की नियुक्ति पत्र प्रदान कर रहा हूं। आप समाज से जुड़कर सभी सामाजिक कार्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी के साथ करें। इस अवसर पर महापौर प्रतिनिधि डॉ. सुशील तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रोजगार अधिकार जो युवाओं में खुशहाली का देने का कार्य किया है। इस खुशी से वह अपने जीवन को नई दिशाओं तक पहुंचाएंगे। आप सभी आज पूरी लगन एवं ईमानदारी से अपना कार्य करें और दीपावली, दशहरा अभी दूर है किंतु आप लोगों के लिए आज ही दीपावली एवं दशहरा है। दीपक अग्रवाल द्वारा संचालन किया गया। रोजगार मेला का सीधा प्रसारण महाकवि पद्माकर सभागार में वर्चुअली कांफ्रेंस के माध्यम से देखा एवं सुना गया। कार्यक्रम के अंत में रोजगार प्राप्त करने वाले युवक युवतियों को रोजगार प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर सागर में पोस्ट ऑफिस के 343 सहित कुल 384 युवक युवतियों को रोजगार प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

## मोह-राग-द्वेष का अहंकार का त्याग करने से आत्मा को बल एवं मोक्ष मार्ग की वृद्धि होती है



**देवरीकलां, देशबन्धु।** ग्राम महाराजपुर में श्री नेमिनाथ दिगम्बर जैन पंचायती बड़ा मंदिर, श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन छोटा मंदिर सोधिया मोहल्ला में दशलक्षण महापर्व के आठवें दिन त्याग धर्म पर सुबह से अभिषेक शांतिधारा हुई। इस दौरान शुभम भैया ने बताया कि दशलक्षण धर्म में उत्तम त्याग धर्म को आमतौर पर दान करने को ही त्याग कहा व समझा जाता है। लेकिन त्याग और दान में महान अन्तर है। किसी उद्देश्य के लिए, परोपकार के लिए जबकि त्याग किया जाता है संयम के लिए दान करने से पुण्य बन्ध होता है, त्याग करना धर्म है। धन का लोभ नहीं छूटता वह एक लाख दान में देता है तो दो लाख कमाने को आतुर रहता है लेकिन त्यागी जो त्याग देता है फिर उसके चक्कर में नहीं रहता। त्याग होता है कषायों का मोह-राग-द्वेष का अहंकार का त्याग करने से आत्मा को बल मिलता है। मोक्ष मार्ग की वृद्धि होती है। समस्त जैन समाज द्वारा पूजन, अभिषेक, शांतिधारा विधान कर पुण्यार्जक प्राप्त कर एवं प्रवचनों का लाभ लिया एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में कवि सम्मेलन प्रतियोगिता आयोजन हुआ। जिसमें शाम को जिनेन्द्र देव की भक्ति संगीतकार मंडली सिंगर स्वतंत्र सोनी, नीरज लखेरा, आदर्श, अनिल, शशांक द्वारा प्रस्तुत की।

## सार-समाचार

### जगत के पालनहार निकलें नगर भ्रमण पर, बीना नदी में किया जल बिहार



**राहतगढ़, देशबन्धु।** डोल ग्यारस पर शनिचरा बाजार देव श्यामलिया सरकार मंदिर से गाजे बाजे एवं राधे-राधे संकीर्तन के साथ भगवान राधाकृष्ण विमान से नगर भ्रमण पर निकले। विमान शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु राधे-राधे गोविंद गोपाल राधे की धुन पर नाचते गाते हुए चल रहे थे। मंदिर से शुरू हुई जलबिहार यात्रा ब्लाक हनुमान मंदिर, गणेश मंदिर, बस स्टैंड होकर बीना नदी बनेंनीघाट पहुंची, जहां भगवान ने जलबिहार किया। इस दौरान नगर भ्रमण पर निकले जगत के पालनहार का नगर एवं क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्पवर्षा से भगवान की अगवानी कर आरती की। शोभायात्रा में नगर एवं क्षेत्र के महिलाएं पुरुष बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस दौरान प्रशासनिक व्यवस्था चाक चौबंद रही

### बड़ा मंदिर में बच्चों ने दी सुंदर प्रस्तुति




**मालथौन, देशबन्धु।** पर्युषण पर्व परश्री 1008 चन्द्र प्रभु जिनालय बड़े मंदिर में जैन मिलन शाखा की वीरांगनाओं के द्वारा पाठशाला के बच्चों से आशाओं का हुआ खतमा, दिल की तमन्ना धरी रही नाटक का मंचन का सुंदर मंचन कराया गया। जिसमें मुख्य भूमिका में सांगानेर भ्रमण संस्कृति सांगानेर के प्रवीण भैया की रही। पाठशाला की दीदियों का भी पूरा सहयोग रहा। इस अवसर पर मंजू सतभैया गोल्डी, मिनी, कल्पना, साधना, जयन्ती, प्रतिभा, रजनी राजे प्रभा, मीना, राजकुमारी, मुनी आदि सभी ने साथ दिया।

### जश्ने ईद मिलादुन्नबी जुलूस ए मोहम्मदी कल

**शाहगढ़, देशबन्धु।** नूरी मस्जिद कमेटी वा अहले मुस्लिम समाज के बैनर तले ईद मिलादुन्नबी पर जुलूस सहित 28 सितंबर को शाम 4 बजे जश्न ए मोहम्मदी को शहर में निकल जाएगा। पार्षद सलीम खान ने बताया कि नूरी मस्जिद से शुरू होकर जुलूस जामा मस्जिद होते हुए विभिन्न मांगों से जश्ने ईद मिलाद अली का जुलूस निकाला जाएगा खास बात है कि हमारी कमेटी द्वारा पटाखा को पूरी तरह से निषेध किया गया है।

### तीन सवाल तीन पुरस्कार तात्कालिक प्रतियोगिता का आयोजन



**मकरोनिया, देशबन्धु।** जैन मिलन मकरोनिया क्षेत्र क्र. 10 के द्वारा श्री ऋषभनाथ देव स्थानम अंकुर एक्सटेंशन में तीन सवाल तीन पुरस्कार प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसके संयोजक संजीव जैन, सुनील स्टेशनरी थे उन्होंने धार्मिक ग्रन्थों पर आधारित सभी टीमो से प्रश्न पूछे गए एवं सही जवाब देने वालों को तत्काल पुरस्कार दिये गये। प्रतियोगिता में लगभग 60 महिला, पुरुष एवं बच्चों ने भाग लिया जिनको सही जवाब देने पर पूरी टीम को तत्काल पुरस्कार दिए गए। इस अवसर पर सुरेश जैन, रविंद्र जैन, हेमचंद जैन, हीरालाल जैन, संजय जैन के साथ-साथ बड़ी संख्या में वीर एवं वीरांगनाएं उपस्थित थे कार्यक्रम की अंत में संतोष जैन द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

### जन सुनवाई में 137 आवेदनों पर हुई कार्यवाही

**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर शैलेंद्र सिंह ने आम लोगों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभाग के अधिकारियों को तत्परता से निराकरण के निर्देश दिए। जिले के 137 आवेदकों के प्रकरणों में सुनवाई कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई।

## सारी जिम्मेदारियां परमात्मा को सौंप कर निश्चिंत जीवन व्यतीत करें: नीलम बहन



**सागर, देशबन्धु।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि सेवाकेंद्र सागर के तत्वावधान में सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा के पांचवें दिवस में प्रवचन कर्ता राजयोगिनी बीके नीलम बहन ने बताया कि ब्रह्मा की रात अर्थात महाशिवरात्रि का महापर्व कई आध्यात्मिक रहस्यों को समेटे हुए है। यह पर्व सभी पर्वों में महान और श्रेष्ठ है, क्योंकि शिवरात्रि परमात्मा के दिव्य अवतरण का यादगार महापर्व है। ज्योतिर्बिंदु स्वरूप हैं परमात्मा। भारत में 12 ज्योतिर्लिंग प्रसिद्ध हैं और गली-गली में शिवालय बने हुए हैं। इससे स्पष्ट होता है कि वह परमपिता परमात्मा कभी इस सृष्टि पर आएं हैं और विश्व कल्याण का कार्य किया है, तभी तो हम उन्हें याद करते हैं। परमात्मा का स्वरूप ज्योतिर्बिंदु है। श्रीमद्भ भगवत गीता से लेकर महाभारत, शिवपुराण, रामायण, यजुर्वेद, मनुस्मृति सभी में कहीं न कहीं परमात्मा के अवतरण की बात कही गई है। किसी भी धर्म ग्रंथ में परमात्मा के जन्म लेने की बात नहीं है। हर जगह प्रकट होने, अवतरण पर परकाया प्रवेश की बात को ही इंगित किया गया है। क्योंकि परमात्मा का अपना कोई शरीर नहीं होता है। वह परकाया प्रवेश कर नई सतयुगी सृष्टि की स्थापना का दिव्य कार्य कराते हैं। यहां तक कि शिवपुराण में स्पष्ट लिखा है कि मैं ब्रह्मा के ललाट से प्रकट होऊंगा। शिव जन्ममरण से न्यारे हैं। ब्रह्मा, विष्णु और शंकर के भी रचयिता त्रिमूर्ति हैं, जिन्हें हम परमात्मा शिव कहते है। सभी पर्वों में महाशिवरात्रि महान पर्व है। ज्ञान के सागर परमात्मा शिव हमें इस समय सच्चा गीता ज्ञान दे रहे हैं। हम सभी शिवालयों में अक धतूरा, भांग आदि अर्पित करते हैं। इसके पीछे आध्यात्मिक रहस्य यह है कि जीवन में जो कांटों के समान बुराइयां हैं, गलत आदतें हैं, गलत संस्कार हैं, कांटों के समान बोल, गलत बोल सोच को आज के दिन शिव पर अर्पण कर मुक्त हो जाएं। हम दुनिया में देखते हैं, कि दान की गई वस्तु वापस नहीं ली जाती है, इसी तरह परमात्मा पर आज के दिन अपने जीवन की कोई एक बुराई जो हमें आगे बढ़ने से रोक रही है, सफलता में बाधक है उसे शिव को सौंपकर मुक्त हो जाएं। अपने जीवन की समस्याएं, बोझ उन्हें सौंप दें। फिर आपकी जिम्मेदारी परमात्मा की हो जाएगी। सारी जिम्मेदारियां परमात्मा को सौंप दें। एक बच्चे का हाथ जब उसके पिता पकड़कर चलते हैं तो वह निश्चिंत रहता है, इसी तरह हम भी यदि खुद को परमात्मा को सौंपकर जीवन में चलते हैं तो सदा निश्चिंत रहते हैं।

## कार्य में लापरवाही बरतने पर सहायक ऑडिटर को निलंबित किया

**सागर, देशबन्धु।** संभागायुक्त डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत ने सहायक ऑडिटर सचिन मिश्रा कार्यालय उप संचालक, स्थानीय निधि एवं संपरीक्षा को शासकीय कार्य में गंभीर लापरवाही बरतने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। सचिन मिश्रा द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी जिला सागर के कार्यालय में कार्य करने के लिए अस्थायी पदों की पूर्ति हेतु कर्मचारियों की सूची तैयार कर रिक्त पदों पर किसी अन्य व्यक्तियों के नाम भरकर बिना उप जिला निर्वाचन अधिकारी की अनुमति लिये सीधे जिला निर्वाचन कार्यालय के ई-मेल के माध्यम से सेडमैप भोपाल भेज दी गई थी। श्री मिश्रा द्वारा बिना किसी अनुमति एवं अन्य व्यक्तियों की रिक्त पदों की पूर्ति कर सेडमैप भोपाल को भेजते हुये जिला निर्वाचन कार्यालय की गोपनीयता को भंग किया गया है। शासकीय सेवक होने के नाते अपने वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों-निर्देशों का पालन न करते हुये शासकीय कार्य में गंभीर लापरवाही भी बरती गई है। कलेक्टर दीपक आर्य द्वारा के प्रस्ताव के अवलोकन एवं परिशीलन उपरांत पाया गया है कि श्री मिश्रा द्वारा की गई अनियमितताए मप्र सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के अन्तर्गत कदाचार की श्रेणी में आता है। उक्त कृत्य अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में स्वेच्छाचारिता एवं अनुशासनहीनता का द्योतक भी है। इसलिए श्री मिश्रा को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया। निलंबन अवधि में श्री मिश्रा का मुख्यालय कार्यालय कमिश्नर संभाग सागर नियत किया गया हैं।

## जगत के तारण हार पालकी पर निकले, जलबिहार हुआ



**शाहगढ़, देशबन्धु।** वामन द्वादशी पर देव जानकी रमण मंदिर, देव जानकी बिहारी जू देव मंदिर, द्वारकाधीश मंदिर और नरसिह मंदिर से सामूहिक विशाल शोभायात्रा निकाली गई। तीन विमानों में अलग-अलग राधा कृष्ण भगवान की प्रतिमा को सजाकर पालकी को कंधों पर उठाकर नगर में गाजे बाजे के साथ धूमधाम से निकले, घरों के बाहर श्रद्धालुओं ने आरती उतारी पूजा भक्ति अर्चना की। सुख समृद्धि खुशहाली की मंगल कामना को लेकर विमान को कांधा देने और नीचे से निकलने भक्त लालायित रहें महिलाएं भजनों को सुर देकर अपनी भक्ती आराधना करते हुए यात्रा में चल रही थी, बच्चे धर्म ध्वजा लेकर तो पुरुष वर्ग ठाकुर जी का जयघोष सहित प्रभु की भक्ति में नाचकर भक्ती आराधना करते हुए चल रहे थे, दोपहर में दो दर्जन से अधिक धार्मिक, सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से निकली शोभायात्रा में अनेक मनमोहक झांकियां भी शामिल हुई। नगर के प्रमुख बाजारों से होती हुई शोभायात्रा सायंकाल को 5.30 बजे रामघाट स्थित नदी तट पर पहुंची जहां भव्य आतिशबाजी के पश्चात सरोवर में वामन जी की पालकी का नौका विहार जलविहार करवाया गया और पूजा आरती प्रसाद वितरण के पश्चात शोभायात्रा संपन्न हुई। जल बिहार कर विमान प्रस्थान हुए उन्हें बिहारी जू देव मंदिर में विश्राम के लिए रोका गया। वरिष्ठ समाज सेवी रामगोपाल बिलेया ने बताया कि ढोल ग्यारस के दूसरे दिन वामन द्वादशी व्रत हिन्दू धर्म में महत्वपूर्ण है, भाद्रपद माह में शुक्ल पक्ष की बारहवीं तिथि को वामन द्वादशी कहते हैं, इस दिन भगवान विष्णु ने वामन अवतार के रूप में जन्म लिया था, हर साल भाद्रपद माह की शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि को वामन जयंती मनाई जाती है, भगवान विष्णु के दसवें अवतार में से एक हैं। मान्यता है कि वामन जयंती को भगवान विष्णु के वामन रूप की पूजा से समस्त बुरे कर्मों से छुटकारा मिल सकता है।

## सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन का समय पर उठाव हो: कलेक्टर

**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर दीपक आर्य ने जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन कार्डधारियों को समय पर खाद्यान्न की आपूर्ति सुनिश्चित हो, इसके लिए उन्होंने नागरिक आपूर्ति निगम सहित अन्य विभागों के अधिकारियों को संयुक्त रूप से निर्देशित किया है कि उचित मूल्य दुकानों पर राशन का परिवहन समय पर हो ताकि भण्डारण में किसी भी प्रकार की दिक्कतो का सामना न करना पडें। कलेक्टर ने प्रत्येक उचित मूल्य दुकान पर अन्न उत्सव आयोजन के संबंध में पूर्व जारी निर्देशो का पालन कराए जाने के भी निर्देश दिए है। जिला आपूर्ति अधिकारी अनिल तंतुवाय ने जिले की उचित मूल्य दुकानो में राशन पहुंचाने के लिए क्रियान्वित व्यवस्था के तहत अन्नदूत वाहन के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कलेक्टर ने समस्त एसडीएम सहित अन्य अधिकारियों को निर्देश दिए कि भ्रमण के दौरान शासकीय उचित मूल्य दुकानों का भी निरीक्षण अनिवार्य रूप से करें। इस प्रकार की बैठकें प्रत्येक अनुविभाग क्षेत्र में हर सप्ताह आयोजित की जाए ताकि हितग्राहियों की स्थानीय स्तर पर समस्याओं का समाधान त्वरित हो सकें।

## संसार रूपी सागर से पार होना है तो हल्के बनना है यानि उत्तम आकिंचन धर्म का पालन करना चाहिए: मुनिश्री



**मकरोनिया, देशबन्धु।** सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान और सम्यक चारित्र तीनों की एकता का नाम ही रत्नत्रय है। रत्नत्रय रूपी साइकिल पर बैठकर भव्य जीव अपने गंतव्य मोक्ष मार्ग पर पहुंच जाते हैं यह बात मुनिश्री सुदत्तसागर ने अंकुर कॉलोनी स्थित श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में धर्म सभा को संबोधित करते हुए कही। मुनि श्री ने बताया वहां दृष्टि सम्यक दर्शन है, बैलेंस सम्यक ज्ञान है और पैडल सम्यक चारित्र है। सम्यक दर्शन का अर्थ है सच्ची श्रद्धा, सम्यक ज्ञान का अर्थ है समीचीन ज्ञान और सम्यक चारित्र का अर्थ है पाप मुक्त क्रिया, इन तीनों के समागम से ही मोक्ष मार्ग बनता है। भादो, माघ और चैत्र माह के तेरस, चौदस और पूनम को इस प्रकार यह तीन दिन व्रत किया जाता है। पर्यूषण पर्व में श्रद्धालु तीन दिन रत्नत्रय व्रत उपवास या एकासन करके करते हैं। उत्तम आकिंचन धर्म के बारे में कहा कि त्याग के बाद त्याग के ममत्व को भी त्याग देना ही उत्तम आकिंचन है। जब अंदर बाहर सब त्याग देते हैं बिल्कुल खाली हो जाते हैं, उसी से खुलापन मिलता है और मिलता है उन्मुक्त आकाश। साधना का चरम रूप है आकिंचन। शरीर, सम्पत्ति, सामग्री और सम्बन्धी ये चारों उत्तम आकिंचन में बाधक हैं। इनमे उलझनें वाला ही भारी होता है और भारी चीज तो पानी में डूबती ही है। इसलिए अगर इस संसार रूपी सागर से पार होना है तो हल्के बनना है यानि उत्तम आकिंचन धर्म का पालन करना चाहिए। क्षुल्लक श्री चंद्र दत्त सागर ने कहा कि जैसे सांझ घिरते-घिरते पक्षीगण एक तरुवर पर आकर विश्राम कर लेते हैं, किंतु सुबह होते ही अपने-अपने कार्य के लिए भिन्न-भिन्न दिशाओं में चले जाते हैं। ठीक इसी प्रकार संसार में हम सभी का निवास है। पुराने किसी संयोग की वजह से आप यहां एकत्रित हुए हैं किंतु आगे की यात्रा तो आपको एकाकी करनी है। मुनि सेवा समिति सदस्य मनोज जैन लालो ने बताया कि भगवान का अभिषेक शांति धारा करने का सौभाग्य विभिन्न परिवारों को प्राप्त हुआ।

## जयपुर में बुंदेली नृत्यों की रंगारंग प्रस्तुति



**सागर, देशबन्धु।** स्थानीय सांस्कृतिक संस्था लोक कला निकेतन के कलाकारों ने जयपुर में सप्तरंग 2023 कार्यक्रम में बुंदेली नृत्यो की रंगारंग प्रस्तुतियां दी। दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र नागपुर के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में नगर के कलाकार लखन रजक के निर्देशन में गये। बुंदेली कलाकारों ने आकर्षक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों की खूब वाह वही लूटी संस्था के अध्यक्ष डॉ. अतुल श्रीवास्तव ने जयपुर गये कलाकारों को बधाई दी एवं बुंदेली संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए उनकी प्रतिबद्धता की प्रशंसा की। कार्यक्रम में प्रकाश कुशवाहा, विवेक साहू, अमन पटैल, अजय यादव सहित कई वरिष्ठ कलाकारों ने भागीदारी की।

## सीसीटीवी की सहायता से खोजी मोटरसाईकिल



**सागर, देशबन्धु।** राम जी यादव निवासी श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड ने आवेदन देकर बताया कि मेरे घर के सामने से कोई अज्ञात व्यक्ति मेरी मोटर साईकिल समय 15.30 बजे लगभग, एमपी 15 एमव्ही 6399 उठाकर ले गया है। रामजी के बताएं मुताबिक सीसीटीवी कंट्रोल रूम खुरई में फरसा चौक, झंडा चौक एवं जामा मस्जिद के कैमरे चेक किये गए जिसमें एक अजात व्यक्ति मोटरसाइकिल को जामा मस्जिद से पॉलीटेक्निक कॉलेज की ओर ले जाते हुए सीसीटीवी फुटेज द्वारा देखा जिसको तत्काल चीता एवं फरियादी को बताया गया, फुटेज चेक से पता लगने वाले रास्ते को चेक किया गया जिसमे शिशु मंदिर के पास मोटर सायकल रखी मिल गई अज्ञात व्यक्ति जो मोटर सायकल ले गया था वही छोड़कर भाग गया बाइक बरामद कर फरियादी को सौंपी गई। उक्त मोटर सायकल का पता सीसीटीवी खुरई की फुटेज से लगाया गया पता लगाने में आरक्षक प्रीतम, भूपेंद्र और फर्म इंजीनियर अजय राजपूत का विशेष योगदान रहा आरोपी की तलाश जारी है।

## जेपी कंपनी के खिलाफ 27 सूत्रीय मांगों को लेकर चल रहे धरना प्रदर्शन के मामले में तहसील में जमा हुए दस्तावेज

**बीना, देशबन्धु।** जेपी कंपनी के खिलाफ 27 सूत्रीय मांगों को लेकर चल रहे धरना प्रदर्शन के विषय में तहसील कार्यालय में कैंप आयोजित हुआ। जिसमें किसानों की मांगों को लेकर दस्तावेज जमा हुए। वहीं जिनके दस्तावेज जमा नहीं हो पाए उन्हें 30 सितंबर तक का समय दिया गया है। जो भी दस्तावेज में कमी रहेगी वह 30 सितंबर तक जेपी के अधिकार बताएंगे। किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष राजा भाई दांगी ने बताया कि जिनके दस्तावेज दिए गए हैं उनके लिए नौकरी दी जाएगी। अगर जेपी कंपनी नौकरी नहीं देती है तो फिर किसान जमीन जोतेंगे। शासन प्रशासन ने भी कह दिया है कि हम किसानों के साथ हैं जो किसान कहेंगे वही होगा। इस दौरान एडीएम सपना त्रिपाठी, एएसपी संजीव उइके, गोविंद सिंह ठाकुर, ऋषि शर्मा, रोहण शर्मा सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## रहली सिटी टीम को मिलेगा समाज सेवा प्रोत्साहन पुरस्कार

**रहली, देशबन्धु।** सामाजिक क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य करने और लोगो के लिए हर समय मददगार होने के लिए रहली सिटी टीम को आगामी 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा और पुरुस्कार की राशि 51 हजार रुपए प्रदान किए जायेगे। यह जानकारी देते हुए भाजपा नेता अभिषेक भार्गव ने बताया की समाज सेवा प्रोत्साहन पुरुष्कार हेतु हमारे रहली क्षेत्र की युवा और वरिष्ठों के संयुक्त जोश, ऊर्जा, संवेदनशीलता और सकारात्मकता से बनी रहली सिटी टीम को चुना गया है। कई वर्षो से निस्वार्थ समाज सेवा के क्षेत्र में इस टीम के सदस्य बड़ी संवेदनशीलता के साथ तत्पर रहे है। कोरोना जैसे भयानक संक्रमण अपातकाल में मेरे साथ भी रहली सिटी के सदस्य सहयोगी के रूप में काम करते रहे। आज बड़ी खुशी हो रही है की इस पुरुस्कार हेतु रहली सिटी टीम को चुना गया है। हार्दिक बधाई एवं सदैव इसी प्रकार जनसेवा के कार्यों में आप सभी बड़ चढ़ कर बड़ी संवेदनशीलता और तत्परता से कार्य करते रहेंगे। टीम को 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित करके आपके सेवा कार्यों को सम्मानित किया जाएगा।

## आदर्श आचरण संहिता तथा व्यय दरों से अवगत हुए राजनैतिक दलों के पदाधिकारी



**सागर, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के अभ्यर्थियों के लिए सामग्रियों एवं अन्य निर्वाचन कार्यो के व्यय दरों की जानकारी सर्वसम्मति से तय की गई है। कलेक्टर दीपक आर्य की अध्यक्षता में आयोजित राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त दलों के पदाधिकारियों को इस बैठक में आदर्श आचरण संहिता की भी विस्तृत जानकारी दी गई। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशो के साथ-साथ जिले की विधानसभाओं में मतदान केन्द्रां, मतदाताओं की संख्या, सामग्री वितरण, स्ट्रांग रूम, मतगणना के लिए चिन्हाकिंत स्थल की भी विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के जिलाध्यक्षों एवं अन्य प्रतिनिधियों तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी भव्या त्रिपाठी वरिष्ठ कोषालय अधिकारी दीपक जैन, सेल टैक्स अधिकारी सुप्रिया पाठक के अलावा समस्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं नोडल अधिकारी तथा मास्टर ट्रेनर्स भी मौजूद रहें। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने निर्वाचन अवधि के दौरान अभ्यर्थियों के खर्चे के लिए निर्धारित मापदण्डो की जानकारी दी। साथ ही साथ विधानसभा स्तरीय समितियों के अनुमोदन उपरांत सामग्री एवं अन्य व्यय की दरो का जिला स्तर पर औसतन दर उपरांत अनुमोदन की कार्यवाही की गई है। बैठक में अखबारों और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के क्षेत्र में प्रचार-प्रसार हेतु निर्धारित डीएपी दरों से भी अवगत कराते हुए विज्ञापनो और पेम्पलेटो के प्रकाशन के पूर्व अनुमतियां प्राप्ति के लिए निर्धारित मापदण्डों की भी जानकारी दी गई है। कलेक्टर ने बताया कि जिले के चिन्हित हेलीपेड स्थलों पर हेलीकाप्टर उतरने की अनुमति नियमानुसार प्रदाय की जाएगी। विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत आयोग द्वारा प्रत्येक अभ्यर्थी अधिकतम 40 लाख रूपए व्यय कर सकते है। निर्वाचन के दौरान व्यय करने हेतु प्रत्येक अभ्यर्थी को नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने के पूर्व नवीन खाता खोलना होगा। यह खाता किसी बैंक में खोलना होगा। नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने से लेकर निर्वाचन परिणामों की घोषणा तक के तमाम खर्चो के देयकों का भुगतान नवीन खाते के माध्यम से किया जाएगा।

## सार समाचार

### वीमेन अचीवर्स अवार्ड से सम्मानित होंगी



**छतरपुर, देशबन्धु।** स्वच्छ भारत अभियान की ब्रांड एम्बेसडर एवं सामाजिक उद्यमी डां नंदिता पाठक को उनके द्वारा महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में किए गए प्रयासों के कारण 30 सितंबर को हयात होटल दिल्ली में आइकॉन इंडिया वीमेन अचीवर्स अवार्ड से सम्मानित होंगी ।डॉ नंदिता पाठक को पूर्व में भी उनके द्वारा किए गये सामाजिक कार्यों हेतु अनेक सम्मान मिल चुके हैं । डॉ पाठक ने द आइकॉन इंडिया टीम का का आभार व्यक्त करते हुए कहा की यह सम्मान बहुत महत्वपूर्ण है , सम्मान प्राप्त होने पर व्यक्ति और ऊर्जा के साथ समाज के लिए काम करता है नंदिता ने भारत रत्न नानाजी देशमुख जी को याद करते हुए कहा कि यह सम्मान राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख जी के आशीर्वाद से प्राप्त हो रहा है उन्होंने सभी का हृदय से सभी को धन्यवाद दिया।

# जलसंकट से जूझ रहे ग्रामीण



**छतरपुर, देशबन्धु।** सटई क्षेत्र की ग्राम पंचायत अमरौनियां के रहवासी इन दिनों जलसंकट से जूझ रहे हैं। बताया गया है कि दो वर्ष पूर्व गांव में नज–जल योजना के तहत पानी की सप्लाई शुरू की गई थी जिससे लोगों को पानी मिल रहा था लेकिन करीब 15 दिन पहले सरपंच केलोगो ने पानी की सप्लाई के लिए नियुक्त व्यक्ति से विवाद करते हुए स्टार्टर और केबिल उखाड़ दी जिससे सप्लाई बाधित हो गई है और जलसंकट गहरा गया है।

पानी की सप्लाई के लिए नियुक्त कर्मचारी रामकृपाल साहू के मुताबिक सरपंच के दो लोग आए थे जिन्होंने पहले विवाद किया और बाद में स्टार्टर ओर केबिल उखाड़ कर ले गये। इसकी शिकायत सटई थाना में की गई है। गांव की महिला पुनिया बाई ने बताया कि 15 दिन से पानी नही आ रहा है, और गांव के तकरीबन सभी हैण्डपम्प खराब पड़े हैं। अन्य ग्रामीणों ने बताया कि इस मामले में सरपंच ने कहा है कि नाली निर्माण के लिए पानी की आवश्यकता है इसलिए सप्लाई बंद कराई गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से व्यवस्था कराने की मांग की है।

# नगर परिषद के सामने पंडाल लगाकर बैठे सफाईकर्मी

**हरपालपुर, देशबन्धु।** नगर में मंगलवार को सुबह से नगर परिषद में काम करने वाले सफाई कर्मचारियों ने 18 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की है सफाई कर्मियों की हड़ताल से नगर हरपालपुर की सफाई व्यवस्था चरमरा सकती है।

अखिल भारतीय सफाई मजदूर ट्रेड यूनियन ने के लोगो ने बताया है कि पिछले बार ये आंदोलन हुआ था सरकार से आश्वसन मिला था सचिवालय में बैठक हुई थी संगठन के तीन पदाधिकारी भी शामिल रहे थे इसके बाद भी निराकरण नही किया गया इसके बाद संपूर्ण मध्यप्रदेश के कर्मचारियों ने धरना देकर काम बंद किया।

### ये है नगर परिषद के कर्मचारियों की मांग

संविदा कर्मचारी,ठेकेदार प्रथा,रोस्टर प्रभारी समाप्त की जाए कम्प्यूटर ऑपरेटर, जलप्रदाय कुली,सफाई कर्मी हो इनको नियमितकरण किया जाए।

सफाई कर्मियों ने बताया है कि शासन से मांग है वेतन में बढोती होनी चाहिए इस महंगाई के दौड़ में परिवार और बच्चो का भरण पोषण नही हो पा रहा है और नियमतिकरण स्थाई कर्मचारी होना चाहिए मांगे



की गई अगर मांग पूरी नही होगी तो समस्त कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे। इस दौरान नपा के समस्त सफाई कर्मी व संविदा कर्मचारी मौजूद रहे।

### इनका कहना है

*मध्यप्रदेश में नियमितीकरण को लेकर नपा कर्मचारियों के द्वारा हड़ताल पर बैठे मेरे द्वारा जाकर उनकी मांगे सुनी है अब शासन का जो आदेश आएगा पालन करेंगे।अगर हड़ताल पर रहेंगे तो नगर की सफाई व्यवस्था को लेकर प्रयास करेंगे ।*

***प्रताप सिंह खेंगर, नगर परिषद सीएमओ हरपालपुर***

# शहर पर पुलिस की पैनी नजर, शांति पूर्ण तरीके से त्योहार मनाए



**नौगाँव, देशबंधु।** नगर की सुरक्षा ब्यवस्था पर पुलिस मुस्तेद है त्योहारों के मद्देनज़र एसडीओपी चंचलेश मरकाम और नगर निरीक्षक सतीश सिंह हर चौराहे गली पर नजर बनाए हुए है एवम पुलिस टीम गस्त कर हर तरफ नजर बनाए रख रही है त्योहारी सीजन है गणेश जी के पंडाल शहर में कई जगह स्थापित है साथ ही मुस्लिम समाज के त्योहार की तैयारी जोर शोर से चल रही है शहर को चौराहों को सजाया जा रहा है बिजली की रोशनी से चकाचोंध किया जा रहा है इन सब को देखते हुए पुलिस भी अपनी डियूटी मुस्तेदी से कर रही है कोई असामाजिक तत्व कोई हरकत कर बाधा उतपन्न ना कर सके इस ओर नजर रखी जा रही है पुलिस की सभी से यही अपील है कि सब मिलजुल कर भाई चारे के सहित त्योहार मनाए।

आगामी 28 सितम्बर को गणेश विसर्जन होना है और 28 तारीख को ही मुस्लिम समाज का त्योहार है और दो बजे से जामा मस्जिद से जुलूस निकलना है जो अपने निर्धारित मार्ग से नगर में घूमते हुए देर शाम तक चलेगा जिसकी सुरक्षा ब्यवस्था हेतु पुलिस की टीमें मुस्तेद रहेगी 28 सितम्बर को पुलिस की बड़ी भूमिका रहेगी उधर गर्रोली धसान नदी में गणेश विसर्जन करवाना जिसे सुरक्षित तरीके से सम्पन्न कराने की जुम्मेदारी है वही जुलूस की ब्यवस्था निभाना डबल जुम्मेदारी हो जाती है इसमें प्रशानिक ब्यवस्था भी रहेगी नगरपालिका भी अपने दायित्व को निभाएगी इस लिए सभी से अपील है हर्ष उल्लास भाई चारे के साथ त्योहारों को मनाया जाए।

## गांधी जयंती पर 3 दिवसीय प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन

**छतरपुर, देशबन्धु।** राष्ट्र पिता महात्मा गांधी की जयंती पर चेतना मंच छतरपुर एवं नीलांचल प्राकृतिक चिकित्सा योग एवं नशा मुक्ति का 3 दिवसीय शिविर दिनांक 1, 2 एवं 3 अक्टूबर 23 को आकाशवाणी तिराहा स्थित नीलांचल प्राकृतिक चिकित्सा योग एवं नशा मुक्ति केन्द्र छतरपुर में आयोजित किया गया है। इच्छुक प्राकृतिक चिकित्सा प्रेमी एवं विभिन्न प्रकार के रोगी उपचार ले सकते हैं। उद्घाटन एक अक्टूबर को प्रात 10 बजे होगा। रोगी खाली पेट आएं तथा नहाने, धोने के कपड़े लेकर आएं। उद्घाटन समारोह में इस संस्थान के छात्र जिन्होंने राष्ट्रीय शिविर काशी विद्यापीठ बनारस में भाग लिया था उन सभी सहयोगियों के प्रमाण पत्रों का वितरण भी होगा।

शिविर के संचालक डॉ. दिनेश मिश्रा ने बताया कि शिविर के पहले दिन एक अक्टूबर को प्रात 10 बजे शिविर का उद्घाटन होगा एवं प्राकृतिक चिकित्सा के सप्त सोपान पर व्याख्यान माला आयोजित की जाएगी। दोपहर 3 बजे से चेतना मंच की बैठक एवं मंच के पुनर्गठन पर विचार किया जाएगा। शिविर के दूसरे दिन दो अक्टूबर को प्रात 7 बजे से 11 बजे तक रोगियों का उपचार एवं चिकित्सकों द्वारा परामर्श दिया जाएगा। इसी तरह 3 अक्टूबर को भी प्रात रोगियों का उपचार किया जाएगा। दोपहर में समापन सत्र का आयोजन होगा।

# सड़क पर मछुवारे : मछुआ नीति लागू करने की मांग



**छतरपुर, देशबन्धु।** म.प्र. मांझी जनजाति संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले मंगलवार को समिति के प्रांतीय महासचिव के नेतृत्व में जिला मांझी समाज ने जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर मछुआ नीति 2008 लागू करने सहित अन्य मांगें पूरी करने का आग्रह किया है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि आचार संहिता लागू होने के पूर्व मांगें पूरी नहीं होतीं तो समाज आगामी चुनाव में भाजपा का बहिष्कार करेगी।

प्रांतीय महासचिव सुंदर लाल रैकवार ने सरकार पर आरोप लगाए हैं कि सरकार ने प्रदेश के वंशानुगत मछुआरों का अधिकार छीन लिया है जो कि समाज स्वीकार नहीं करेगा।

इसके अलावा उन्होंने कहा कि पूर्व में सरकार ने मांझी आरक्षण लागू करने के लिए समिति बनाई थी लेकिन अभी तक आरक्षण लागू नहीं किया गया है। इन्हीं सब बिंदुओं को लेकर जिला मांझी समाज ने आज विरोध प्रदर्शन कर जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है।

## 3 घण्टे में चोरी का ट्रेक्टर बरामद





**हरपालपुर, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत सोमवार को पुलिस को टैक्टर चोरी की शिकायत थाना पुलिस में दर्ज करवाई थी पुलिस ने मामले को गम्भीरता से लेते हुए 3 घण्टे में टैक्टर को बरामद कर लिया है ।पुलिस ने बताया है सोमवार को पीड़ित रमेश अग्रवाल निवासी पुरानी गल्ला मंडी हरपालपुर में स्वराज कम्पनी का टैक्टर चोरी को गया था जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट सुबह 9 बजे दर्ज कर उक्त मामले को तत्काल संज्ञान में लेते हुए पुलिस ने सीसीटीवी फुटौज के आधार पर पीछा किया जो टीकमगढ़ जिले के पलेरा के आगे ग्राम गुआवा के पास टैक्टर को जप्त कर लिया है मौके से टैक्टर चालक फरार हो गया है एवं आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस की कार्यवाही से खुश समाजसेवियों ने थाना पुलिस का पुष्प माला से सम्मान किया।

# पुलिसकर्मियों के बच्चों के लिए दिशा लर्निंग सेंटर का लोकार्पण

**छतरपुर, देशबन्धु।** पुलिस महानिदेशक के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक द्वारा शहर की पुलिस लाइन परिसर में दिशा लर्निंग सेंटर की स्थापना कराई गई है, जिसका मंगलवार को पुलिस अधीक्षक ने विधिवत लोकार्पण किया। इस मौके पर उनके साथ एएसपी विक्रम सिंह, आरआई पूर्णिमा मिश्रा, कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद कुजूर और ओरछा रोड थाना प्रभारी उपमा सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहीं।

पुलिस अधीक्षक अमित सांघी ने बताया कि पुलिस महानिदेशक ने पुलिसकर्मियों के बच्चों को पढ़ाई के लिए अनुकूल स्थान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस सेंटर की स्थापना कराई है। उक्त लर्निंग सेंटर में अभी 20 आधुनिक कंप्यूटर, इंटरनेट, वाई–फाई और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए आवश्यक किताबों की व्यवस्था कराई गई है और आने वाले समय में शिक्षण सामग्री में बढ़ोत्तरी भी की जाएगी। इसके अलावा लर्निंग सेंटर में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की नियुक्ति भी की



जाएगी जो बच्चों को मार्गदर्शन देंगे ताकि अपनी परीक्षाओं की लिए ठीक ढंग से तैयारी कर सकें। एसपी श्री सांघी ने बताया कि इस लर्निंग सेंटर में जिले में पदस्थ पुलिसकर्मियों के बच्चे आकर पढ़ाई कर सकते हैं। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए भी प्रेरित किया।

## महिला आर्थिक सशक्तिकरण परियोजना का हुआ शुभारंभ

**खजुराहो, देशबन्धु।** विकासखंड कार्यालय राजनगर के सभागार में सृजन संस्था द्वारा संचालित महिला आर्थिक सशक्तिकरण परियोजना का शुभारंभ मंगलवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी के मुख्य अतिथि में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेश शुक्ला सीईओ राजनगर रहे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह परियोजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। उल्लेखनीय है कि इस परियोजना के माध्यम से राजनगर जनपद अंतर्गत संचालित स्व–सहायता समूह की लगभग 13 हजार महिलाओं को कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी एवं व्यावसायिक गतिविधियों में कौशल विकास प्रशिक्षण एवं तकनीकी रूप से सशक्त बनाने का कार्य किया जाएगा। सृजन संस्था के कार्यक्रम प्रबंधक राकेश सिंह ने संस्था का विस्तृत परिचय दिया और परियोजना के उद्देश्य बताए। वहीं राममोहन गुप्ता ने परियोजना की विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम को पशुपालन विभाग के डॉ. रवि गुप्ता, कृषि विस्तार अधिकारी बीके श्रीवास्तव, उद्यानिकी विभाग के योगेश यादव, शिवाकांत मिश्रा ने भी संबोधित किया। सृजन संस्था के टीम लीडर शांतनु ने सभी का आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया। कार्यक्रम में संस्था की टीम और सदस्यों के साथ आजीविका मिशन के विकासखण्ड प्रभारी पुष्पेंद्र अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे।



## मुआवजे की मांग को लेकर आदिवासियों ने किया प्रदर्शन



**छतरपुर, देशबन्धु।** केन–बेतवा लिंक परियोजना को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के छतरपुर आगमन की चर्चाएं जोरों पर हैं तो वहीं दूसरी ओर इस परियोजना से प्रभावित 22 गांव के ग्रामीण और आदिवासी लगातार अनशन और धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी क्रम में बिजावर क्षेत्र के हजारों प्रभावित जिला मुख्यालय पर प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन देने पहुंचे।

ग्रामीणों का नेतृत्व कर रहे आम आदमी पार्टी के नेता अमित भटनागर ने बताया कि इस परियोजना में बड़े पैमाने पर ग्रामीणों के साथ छलावा किया जा रहा है। गौरतलब है कि इस परियोजना में 22 गांव के हजारों ग्रामीण और आदिवासी प्रभावित हो रहे हैं लेकिन इसका सर्वे कार्य दोषपूर्ण ढंग से कराया गया है जिसकी वजह से ग्रामीणों को 500 रूपए तक मुआवजा दिया गया जो कि उनके साथ एक भद्दा मजाक है। अमित भटनागर ने जानकारी देते हुए बताया कि मुआवजे के लिए प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा त्रुटिपूर्ण नाप कराई गई और ग्रामसभा का आयोजन न होने से ग्रामीण क्षेत्र के लोग जानकारी से वंचित रह गए।

इस दौरान ग्रामीणों के हाथों में तख्तियां देखी गईं जिसमें उचित मुआवजा नहीं तो बांध नहीं के नारे भी लिखे थे। श्री भटनागर ने कलेक्टर पर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें हमारी बात सुननी चाहिए लेकिन वे हमें धमका रहे हैं और लाठी का डर दिखा रहे हैं। समाचार लिखे जाने तक बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी कलेक्ट्रेट परिसर में कलेक्टर से मिलकर आवेदन देने की मांग पर अडक़र बैठे रहे।

भागवत कथा के पांचवे दिन गोवर्धन की कथा का बखान

# भोले की भक्ति में रम गए भक्त, बनाए 1.89 लाख शिवलिंग



**छतरपुर, देशबन्धु।** ब्रम्हलीन गृहस्थ संत पं. देवप्रभाकर शास्त्री दद्दाजी के 88वें अवतरण दिवस के उपलक्ष्य में चल रहे 134वें सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रूद्राभिषेक महायज्ञ में महाराजपुर विधानसभा के श्रद्धालु पूरी तरह से भोलेनाथ की भक्ति में लीन हो गए हैं। महायज्ञ के पांचवे दिन श्रद्धालुओं ने 1 करोड़ 89 लाख 33 हजार 443 शिवलिंग निर्माण विशाल धार्मिक आयोजन के उद्देश्य को दोगुना कर दिया।

मंगलवार को सुबह से ही श्रद्धालु भगवान की महादेव की भक्ति में तल्लीन होकर शिवलिंग कर रहे थे। महायज्ञ के पांचवे दिन भक्तों ने कुल 21 लाख तीन शिवलिंग निर्माण किए और लक्ष्य से अधिक शिवलिंग निर्माण का आंकड़ा एक करोड़ 89 लाख 33 हजार 443 तक कर डाला। पांचवे दिन भागवत कथा में गृहस्थ संत डॉ. अनिल शास्त्री ने गोवर्धन की कथा का बखान किया। उन्होंने कहा कि नौगांव के मेला मैदान का इतिहास बन गया है। यह मैदान कभी भूला नहीं जाएगा क्योंकि अब यह रूद्र मैदान बन गया है।

यहां श्रद्धालुओं ने अपने भाव पूरी तरह से भोलेनाथ को समर्पित किए हैं। उन्होंने कहा कि जीवन में सिर्फ भावों की कीमत है। हम परमात्मा के प्रति जैसा भाव बना लेंगे वैसे ही हमारी भावना होगी क्योंकि भगवान तो भाव के ही भूखे होते हैं। धार्मिक आयोजन में वृंदावन धाम से पधारे पंडित विनय मिश्रा ने भी संक्षिप्त उदबोधन में भगवान की महिमा का बखान किया। भागवत कथा में विधायक नीरज दीक्षित, व्हीएव्ही ग्रुप ऑफ कॉलेज के डायरेक्टर अशोक दीक्षित, कांग्रेस नेता विनोद दीक्षित, प्रमोद दीक्षित, रवि मिश्रा सहित दद्दा शिष्य मंडल और श्रद्धालुओं ने भागवत भगवान की आरती की। इस मौके पर नौगांव नगर की जैन समाज, शोभादेवी समिति, चरण पादुका समिति ने दद्दाजी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और गृहस्थ संत डॉ. अनिल शास्त्री का सम्मान किया। तत्पश्चात राधे–राधे मंडल के भजनों पर थिरकते नजर आए।

पर्यूषण पर्व के आठवें दिन त्याग भावना से मना उत्तम त्याग धर्म

# मोह, राग, द्वेष, अहंकार छोड़ना की त्याग धर्म है

**छतरपुर, देशबन्धु।** जैन धर्मावलंबियों के दस दिवसीय पर्वराज पर्युषण नगर में विभिन्न धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हर्षोल्लास से मनाया जारहा है। नगर में चातुर्मास कर रहे मुनि श्री विलोक सागर जी एवं मुनि श्री विबोध सागर जी प्रतिदिन दस धर्मों पर अपने प्रभावी प्रवचन दे रहे हैं, जिससे धार्मिक प्रभावना हो रही है।

डा. सुमति प्रकाश जैन के अनुसार नगर के सभी जैन मंदिरों में अल सुबह ही धार्मिक क्रियाएं प्रारंभ हो जाती हैं। श्रावक पूरे मनोयोग से श्री जी का पूजन अभिषेक करते हैं और दिन में केवल एक बार ही सात्विक भोजन ग्रहण करते हैं, जिसे एकात कहते हैं। जैन व्यवसायी बंधु पूजन पाठ और एकात से निवृत होकर ही देर से अपने व्यावसायिक प्रतिष्ठान खोलते हैं।

प्रतिदिन मंदिरों में चलने वाले सभी प्रवचनों तथा सांस्कृतिक आयोजनों का लाभ भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु लेते है। डा जैन के मुताबिक धर्म के दस लक्षणों में से



मंगलवार 26 सितंबर को आठवां धर्म उत्तम त्याग धर्म मनाया गया। मुनिश्री विबोध सागर जी ने आठवें धर्म उत्तम त्याग धर्म पर अपने प्रवचन में त्याग धर्म की विवेचना करते हुए कहा कि त्याग का तात्पर्य छोडना है और जीवन को संतुष्ट बना कर अपनी इच्छाओं को वश में करना है। न केवल दौलत, वरन कषाय, मोह, राग, द्वेष, अहंकार छोड़ना ही त्याग धर्म है ।छोडने की भावना जैन धर्म में सबसे अधिक है क्योंकि जैन संत सिर्फ घर–बार ही नहीं, वरन कपडे भी त्याग देते हैं और पूरा जीवन दिगंबर मुद्रा धारण करके बिता देते है। व्यक्ति की शक्ति इससे नहीं परखी जाती की उसके पास कितनी धन – दौलत है बल्कि इससे परखी जाती है कि उसने कितना छोडा ,कितना त्याग किया है ।उत्तम त्याग धर्मे हमें यही सिखाता है कि मन को संतोषी बनाके ही इच्छाओं और भावनाओं का त्याग करना मुमकिन है।

सामान्यत: दान करने को ही त्याग समझा जाता है। लेकिन त्याग और दान में बड़ा अन्तर है। दान किसी उद्देश्य या परोपकार के लिए किया जाता है जबकि त्याग संयम के लिए के लिए किया जाता है। दान करने से पुण्य बन्ध होता है, त्याग करना धर्म है। लेकिन त्यागी जो त्याग देता है फिर उसके बारे में नहीं सोचता। त्याग धर्म है, जिसे करने से आत्मा को बल मिलता है, मोक्ष मार्ग का रास्ता प्रशस्त होता है।

देशबन्धु



सागर, बुधवार 27 सितम्बर 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## मजबूती का परिचय दें मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने सत्ता में आने के साथ ही पुरानी सरकारों की अपनाई गई नीतियों और फैसलों को बदलने का काम किया, ताकि उनका नाम एक मजबूत प्रधानमंत्री के तौर पर दर्ज हो सके। भारत को पूरी तरह बदल देने के उनके जुनून ने बहुत से दीर्घकालिक नुकसान कर दिए हैं। लेकिन इस वक्त उनकी तथाकथित लोकप्रियता के फेर में इन नुकसानों का सही आकलन नहीं किया जा रहा है। विश्व में भारत की पहचान हमेशा से शांतिप्रिय देश के तौर पर रही। गांधीजी दुनिया में अहिंसा के पुजारी माने गए और नेहरूजी शांति दूत। भारत को विश्वगुरु और विश्वमित्र बनाने का कोई घोषित ऐलान पहले की सरकारों ने नहीं किया और दुनिया के मानचित्र में भारत का अनूठा, सम्मानजनक स्थान बना रहा। लेकिन मोदी सरकार के नौ सालों के कार्यकाल में विदेश नीति में अघोषित प्रयोग हुए और उसका नतीजा ये रहा कि पाकिस्तान, श्रीलंका, नेपाल और चीन जैसे पड़ोसी देशों के साथ संबंधों में उतार-चढ़ाव आए ही, अब कनाडा के साथ रिश्ते दांव पर लग गए हैं। संबंधों में इस कड़वाहट के लिए जिम्मेदार कनाडा ही है, लेकिन सवाल मोदी सरकार पर भी उठेंगे कि आखिर उसने कनाडा की नीयत को पहचाना कैसे नहीं। क्योंकि खालिस्तान जैसा मुद्दा, जो भारत की अखंडता के लिए बड़ा खतरा है, वह फिर से जिंदा हो गया है। देश जानता है कि खालिस्तान आंदोलन ने किस तरह पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी समेत कई बड़े राजनेताओं, अधिकारियों, और गणमान्य नागरिकों की शहादत ली। बड़ी मुश्किल से इस आग को शांत किया गया था, लेकिन अब इसकी लपटें कनाडा से उठती दिख रही हैं। याद करें कि जब 2020-2021 में किसान आंदोलन चल रहा था, तब आंदोलनकारियों को खालिस्तानी कहकर अपमानित किया गया था। यह सब मोदी सरकार की नाक के नीचे होता रहा और प्रधानमंत्री मोदी से यह कहते नहीं बना कि देश में बंद किए जा चुके इस दुखदायी अध्याय को किसी भी कारण से फिर न खोला जाए। देश को जब भी जरूरत होती है प्रधानमंत्री चुप ही रहते हैं। अब भी कनाडा के साथ इतनी कड़वाहट बढ़ गई है और इस वजह से लाखों भारतीय जो इस समय पढ़ने, काम करने या अन्य वजहों से कनाडा में हैं, वे अपने भविष्य को लेकर सशंकित हो रहे हैं। भारत सरकार की ओर से एडवाइजरी जारी हो चुकी है। विदेश मंत्री इस मामले में लगातार बयान दे रहे हैं, लेकिन श्री मोदी की ओर से जो आश्वस्ति कनाडा में रहने वाले भारतीयों और यहां उनके परिजनों को मिलनी चाहिए, उसकी कमी कहीं न कहीं महसूस हो रही है। इस बीच कनाडा के साथ विवाद सुलझाने की जगह और उलझता दिख रहा है, क्योंकि इसमें अब अमेरिका की राय भी सामने आ गई है।

गौरतलब है कि पिछले हफ्ते जी-20 की बैठक से लौटने के बाद कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारत पर एक गंभीर आरोप लगाया। कनाडाई नागरिक और भारत में आतंकी घोषित हरदीप सिंह निज्जर की जून में हुई हत्या के मामले में ट्रूडो ने कहा था कि निज्जर की हत्या के पीछे 'भारत सरकार के एजेंट' हो सकते हैं। ट्रूडो ने संसद में ये बड़ा आरोप लगाया और इसके पीछे सबूतों के होने का दावा भी किया। हालांकि वो सबूत अब तक सामने नहीं आए हैं। लेकिन इसके बाद से भारत और कनाडा के बीच संबंध एकदम से बिगड़ गए। अब हालात ऐसे हैं कि राजनयिकों को वापस बुलाया जा रहा है। भारत ने कनाडा के लोगों को वीज़ा देने पर रोक लगा दी है, वहीं कनाडा ने भारत आए कनाडाई नागरिकों के लिए नयी एडवायजरी जारी की है, जिसमें कहा गया है- 'कनाडा और भारत में हाल के घटनाक्रमों के संदर्भ में, विरोध प्रदर्शन के आह्वान और सोशल मीडिया पर कनाडा के प्रति कुछ नकारात्मक भावनाएं हैं। कृपया सतर्क रहें और सावधानी बरतें।' उधर निज्जर की हत्या के खिलाफ खालिस्तानी समर्थकों ने मंगलवार को कनाडा के टोरंटो, ओटावा और वैंकूवर में भारतीय दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। खालिस्तान समर्थक संगठन - 'सिख फॉर जस्टिस' (एसएफजे) के सदस्यों के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों को नारे लगाते और खालिस्तानी झंडे लहराते देखा गया।

इस बीच फाइनेंशियल टाइम्स में छपी एक खबर के मुताबिक अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और अन्य पश्चिमी नेताओं ने जी-20 सम्मेलन में निज्जर हत्या के मामले को प्रधानमंत्री मोदी के सामने उठाया था। रिपोर्ट है कि उन नेताओं ने कहा था कि नयी दिल्ली से जुड़े एजेंट वैंकूवर में सिख अलगाववादी की हत्या में शामिल थे। यही बात ट्रूडो ने भी कही थी कि उन्होंने जी-20 के दौरान निज्जर की हत्या का मामला उठाते हुए भारत से कार्रवाई की मांग की थी। लेकिन भारत ने उनकी बात का खंडन कर दिया था। खबरें ये भी हैं कि अमेरिकी खुफिया एजेंसी ने हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर इनपुट कनाडा के साथ साझा किए थे। इसके अलावा अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कनाडा के आरोपों की गहन जांच के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि हम कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की तरफ से संदर्भित आरोपों से चिंतित हैं। हम अपने कनाडाई सहयोगियों के साथ निकट संपर्क में हैं। अमेरिका ने यह भी कहा कि जांच आगे बढ़नी चाहिए और अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने का आह्वान किया।

अमेरिका जिस तरह का रुख इस समय दिखा रहा है वह उसके दोहरे मापदंडों को बताता है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को कहा भी कि दुनिया अभी भी डबल स्टैंडर्ड यानी दोहरे मापदंड से चल रही है। जो देश प्रभावशाली हैं वे स्थिति में बदलाव का विरोध कर रहे हैं और ऐतिहासिक रूप से शक्तिशाली देश इन क्षमताओं का इस्तेमाल हथियारों की तरह कर रहे हैं। जयशंकर का इशारा निश्चित ही पश्चिमी देशों की ओर है, लेकिन अब भारत को इशारों में नहीं साफ-साफ अपनी बात वैश्विक मंच पर रखना चाहिए। अमेरिका एक ओर भारत का मित्र बनकर रहे और दूसरी ओर उन शक्तियों का समर्थन करे, जो भारत की अखंडता के लिए खतरा हैं, यह किसी हाल में स्वीकार्य नहीं होना चाहिए। श्रीमान मोदी अपनी मजबूती का परिचय वैश्विक पटल पर दें, यह वक्त की मांग है।

# मोदी का विरोधियों को 'अर्बन नक्सल' कहना अशोभनीय

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की डिक्शनरी में विपक्ष के लिये जितने (अप)शब्द होंगे, शायद ही किसी अन्य नेता के पास उतने हो सकते हैं। मोदी केन्द्र पर जिन हथियारों के बलबूते केन्द्र की सत्ता पर आरुढ़ हुए हैं, उनमें एक बड़ा असलहा प्रतिपक्ष, खासकर कांग्रेस पर गैरजिम्मेदार तरीके से होने वाला हमला है। जो-जो आरोप लगाकर भारतीय जनता पार्टी ने केन्द्र तक अपनी पहुंच बनाई और दो मर्तबा सत्ता सम्भाली, मोदी उनमें से कोई भी साबित नहीं कर पाये- बावजूद इसके कि अब वे दूसरा कार्यकाल पूरा करने जा रहे हैं और देश लोकसभा चुनाव के मुहाने पर खड़ा है। मोदी का 9 वर्षों से अधिक का कार्यकाल केवल इसी काम में बीता है। इसके लिये उन्हें अवसरों और मंचों का भी भान नहीं रहता। संसद के भीतर कोई बयान देना हो या फिर राष्ट्रीय पर्वों को सम्बोधित करना हो, किसी भी विषय पर आयोजित सम्मेलन हो अथवा बैठक- मोदी को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। उनका एजेंडा हर मौकों पर एक सा होता है- विपक्ष को अपमानित करना एवं उसे नीचा दिखाना। चुनावी सभाओं में तो वे सारी हदें पार कर ही जाते हैं, क्योंकि ऐसे मंच तो उनके लिये सबसे माकूल व मुफ़ीद होते हैं। मोदी ने पद की प्रतिष्ठा तथा गरिमा को अपनी ज़ुबान से जितना गिराया है, लोकतांत्रिक मर्यादाओं के वह बिलकुल विपरीत व अशोभनीय है।

सोमवार को मोदीजी ने अपने उसी तेवर व तासीर का परिचय देते हुए कांग्रेस को 'जंग लगी हुई पार्टी' करार देते हुए कहा कि उसे अब अर्बन नक्सलियों को आऊटसोर्स कर दिया गया है। हाल ही में कांग्रेस के नेतृत्व में 28 दलों से मिलकर बने विपक्षी गठबन्धन 'इंडिया' को वे पहले ही 'घमंडिया' कहते रहे हैं। ऐसा वे चुनावी सभाओं में तो कहते ही आ रहे हैं, उनकी देखा-देखी और उनकी आंखों में चढ़ने के लिये उनके सहयोगी संसद के भीतर होने वाली चर्चा में भी इस शब्द का इस्तेमाल करने लगे हैं। इस सबसे एक कदम आगे बढ़ते हुए मोदी ने सोमवार को राजस्थान की राजधानी जयपुर एवं मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल की रैलियों को सम्बोधित करते हुए नये तीर छोड़े। भोपाल में उन्होंने बताया कि हाल ही में नारी वंदन शक्ति अधिनियम के नाम से पारित महिला आरक्षण विधेयक को कांग्रेस व विपक्ष ने 'खट्टे मन से समर्थन' दिया है। वक्त आने पर वे इससे पीछे हट जायेंगे। उन्होंने कांग्रेस को अपने वादे न निभाने वाली पार्टी बताया और कहा कि इसके विपरीत 'मोदी मतलब गारंटी' है। जयपुर में उन्होंने कहा कि 'कांग्रेस जंग लगा लोहा है जिसे अब कांग्रेसी नेता नहीं वरन कुछ अर्बन नक्सली चला रहे हैं।'

भाजपा की अपेक्षाओं के विरूद्ध कांग्रेस समेत विपक्ष की मजबूत होती स्थिति के अलावा ऐसे कई अन्य कारण हैं जिनके चलते मोदी की झल्लाहट अपने चरम पर है। जिन सभाओं में मोदी ने ये उद्गार प्रकट किये उन राज्यों में छत्तीसगढ़, तेलंगाना व मिजोरम के साथ ही इसी नवम्बर में विधानसभा के चुनाव होने जा रहे हैं। मप्र व छग में कांग्रेस की जीत तयशुदा बताई जा रही है, तो वहीं राजस्थान में दोनों दलों (कांग्रेस-भाजपा) के बीच कड़ा मुकाबला है। तेलंगाना में भाजपा को लड़ाई से बाहर बताया जा रहा है और वहां मुख्य मुठभेड़ कांग्रेस व भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की होगी। चुनावी हार-जीत तो एक तरफ है लेकिन लोकतांत्रिक प्रणाली हर किसी को अपनी बात कहने और विरोधी दलों की मुद्दों पर आधारित आलोचना का हक देती है, परन्तु उसकी मर्यादा होती है। नौ साल तक देश का नेतृत्व करने के बाद भी मोदी अब तक यह नहीं जान पाये हैं कि इस शासन व्यवस्था में सरकार की आलोचना का हक सभी को होता है और सरकार के मुखिया होने के नाते उनका काम स्पष्टीकरण व जवाब देना होता है। इतना ही नहीं, अगर वे कोई बात कहते हैं तो उसे साबित करने की जिम्मेदारी भी उन्हीं की है। पीएम होने के नाते उन्हें ऐसी कोई भी बात नहीं कहनी चाहिये जो कि विधिसम्मत न हो या वह आधारहीन हो। सरकारी रिकार्ड में 'अर्बन नक्सली' जैसा कोई शब्द नहीं है। वैसे ही जिस प्रकार से 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' नहीं है। मोदी को बतलाना चाहिये कि ये विपक्ष में कौन नक्सली हैं जिन्हें 'कांग्रेस ने अपने नारों और नीति के लिये आउटसोर्स कर दिया है', जैसा कि उन्होंने इसी सभा में कहा है। अगर वे इन नक्सलियों को जानते हैं तो उन पर क्या कार्रवाई की गई है?


डॉ. दीपक पाचपोर

भाजपा की अपेक्षाओं के विरूद्ध कांग्रेस समेत विपक्ष की मजबूत होती स्थिति के अलावा ऐसे कई अन्य कारण हैं जिनके चलते मोदी की झल्लाहट अपने चरम पर है। जिन सभाओं में मोदी ने ये उद्गार प्रकट किये उन राज्यों में छत्तीसगढ़, तेलंगाना व मिजोरम के साथ ही इसी नवम्बर में विधानसभा के चुनाव होने जा रहे हैं। मप्र व छग में कांग्रेस की जीत तयशुदा बताई जा रही है।

वैसे तो अब साफ हो चुका है कि मोदीजी के पास मुद्दों का अभाव होने से और आसन्न चुनावों में भाजपा की पराजय के डर से मोदी वे बातें कहने लगे हैं जो उनके समर्थक कब का बन्द कर चुके हैं। 2014 में जब मोदी पीएम बने थे, तो इस तरह की शब्दावली का खूब इस्तेमाल होता था। मानवाधिकार कार्यकर्ताओं, गरीबों-आदिवासी हितों की बात करने वालों और सबसे प्रमुखतया सरकार से सवाल करने वालों को बदनाम करने और उन्हें जेलों में डालने का रास्ता साफ करने के लिये अर्बन नक्सली, टुकड़े-टुकड़े गैंग, जिहादी आदि विशेषणों का प्रयोग किया जाने लगा जबकि सच्चाई यह है कि ऐसे आरोपों में न तो किसी व्यक्ति को अदालतों में पेश किया गया और न ही इस आधार पर किसी को सजा ही हो सकी है। हां, इसके नाम से उन्हें बदनाम अवश्य किया गया तथा अनेक लोगों को इसकी आड़ में बिना मुकदमा चलाये लम्बे समय तक जेलों में ज़रूर डाला गया है। पार्टी स्तर पर तो इन दांव-पेंचों का इस्तेमाल फिर भी समझ में आता है लेकिन देश के शीर्ष नेता होने के नाते मोदीजी को वही कहना चाहिये जो वे साबित कर सकें और जो सार्वजनिक जीवन की मर्यादा के अनुकूल हो। हालांकि मोदीजी से यह आशा करना बेकार है क्योंकि पिछले 9 साल में वे अमर्यादित व्यवहार का भरपूर प्रदर्शन कर चुके हैं। शुचितापूर्ण आचरण की बार-बार दुहाई देने और स्वयं को लोकतांत्रिक बतलाने का आडम्बर रचने वाले मोदीजी अपने विरोधियों के लिये दीदी ओ दीदी, जर्सी गाय, कांग्रेस की विधवा, खूनी पंजा, 50 करोड़ की गर्ल फ्रेंड जैसे शब्दों का इस्तेमाल करते रहे हैं। मोदी अपने पार्टी व संसद के सहयोगियों को भी यही आचरण व भाषावली अपनाने की प्रेरणा देते हैं। इसका हालिया दृष्टांत भरी लोकसभा में भाजपा सदस्य रमेश बिधूड़ी द्वारा बहुजन समाज पार्टी के दानिश अली के लिये मुल्ला, कटुवा, आतंकवादी जैसे शब्दों का इस्तेमाल करने और बाहर देख लेने की धमकी देने के बाद भी बचकर निकल जाना है। यह जान लेना कितना कठिन है कि भाजपाईयों के मन में प्रतिपक्ष के लिये ऐसे घृणा भाव का स्रोत व प्रेरणा पुरुष कौन हो सकता है।

बहरहाल, मोदी की गिरती छवि और चुनावी असफलताओं (हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, घोसी आदि) तथा अगले साल के आम चुनावों में पराजय के डर से मोदीजी के मन में जो झल्लाहट भरी हुई है, उसी की प्रतिध्वनि कांग्रेस को घमंडिया, अर्बन नक्सली, टुकड़े-टुकड़े गैंग कहने के रूप में सुनाई पड़ रही है। फिर भी उन्हें जानना चाहिये कि देश का लोकतंत्र चुनावी हार-जीत या सत्ता पाने-गंवाने की प्रक्रिया से ऊपर व अधिक स्थायी प्रकृति का होता है। तीसरी बार पीएम बनने के चक्कर में उन्हें ऐसा कोई बर्ताव नहीं करना चाहिये जो लोकतांत्रिक रूप से अमर्यादित तो हो ही, उसे अशोभनीय भी कहा जाये। देश की कार्यपालिका के प्रमुख होने के अलावा उनका नैतिक कर्तव्य देश की श्रेष्ठ मर्यादाओं व मूल्यों का अनुपालन करना भी है ताकि देश का लोकतांत्रिक चरित्र बचा रहे। आखिर मोदी जी ही तो भारत को 'लोकतंत्र की जननी' कहते हैं।

**(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं।)**

# लोकसभा चुनाव फरवरी 2024 से पहले करा सकते हैं प्रधानमंत्री नरेंन्द्र मोदी

■ **नित्य चक्रवर्ती**

पिछले सप्ताह संसद के विशेष सत्र में महिला आरक्षण विधेयक पारित होने के बाद, अनुभवी चुनाव रणनीतिकारों के सहयोग से भाजपा के थिंक-टैंक लोकसभा चुनाव कराने के लिए पार्टी के लिए सबसे उपयुक्त समय निकालने में व्यस्त हैं। चुनाव अगले वर्ष अप्रैल/मई में होने हैं, परन्तु प्रारंभिक अध्ययनों से भाजपा रणनीतिकारों को पता चला है कि चुनाव समय से पहले कराने से भाजपा के हितों की बेहतर पूर्ति होगी, और इसीलिए वे नवंबर-अंत और फरवरी के बीच चुनाव चाहते हैं।

2019 का लोकसभा चुनाव 11 अप्रैल से 19 मई तक सात चरणों में हुआ था। परिणाम 23 मई को घोषित किए गये थे। यदि सामान्य कार्यक्रम का पालन किया जाये तो प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के पास लोकसभा चुनाव कराने के लिए छह महीने से अधिक समय बचा है। चुनाव आयोग अपनी तैयारियों के साथ तैयार है। आगामी लोकसभा चुनावों के लिए, चुनाव आयोग की योजना मतदान के चरणों की संख्या को पहले के सात से घटाकर अधिकतम पांच या तीन तक लाने की है। सरकार से मंजूरी मिलने के बाद चुनाव आयोग निर्देश जारी कर सकता है।

भाजपा नेतृत्व के लिए चिंता की बात इंडिया गठबंधन की बढ़ती एकजुटता और मुंबई सम्मेलन के बाद कांग्रेस पार्टी द्वारा दिखाया जा रहा आत्मविश्वास है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी मीडिया के साथ अपनी नवीनतम बातचीत में उत्साहित दिखे जब उन्होंने कहा कि कांग्रेस मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में जीत हासिल करेगी, और राजस्थान में भी जीत जायेगी, जबकि तेलंगाना में भी पार्टी अच्छा प्रदर्शन करेगी। तेलंगाना के बारे में राहुल थोड़े आशावादी थे, लेकिन बाकी तीन राज्यों के बारे में वह सही थे।

आगामी राज्य विधानसभा चुनावों का सवाल है, दिसंबर 2023 तक चार राज्यों में चुनाव होने हैं। केवल मध्य प्रदेश में ये जनवरी 2024 में हो सकते हैं। इसलिए सामान्य तौर पर, चुनाव आयोग दिसंबर 2023 तक सभी पांच राज्यों में चुनाव कराना चाहेगा। यदि चुनाव तय कार्यक्रम के अनुसार होते हैं और भाजपा हिंदी पट्टी से जुड़े तीनों राज्यों को हार जाती है, तो इंडिया गठबंधन, खासकर कांग्रेस को बड़ी ताकत मिलेगी, जिसका लोकसभा चुनाव पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा।

जहां तक आगामी राज्य विधानसभा चुनावों का सवाल है, दिसंबर 2023 तक चार राज्यों में चुनाव होने हैं। केवल मध्य प्रदेश में ये जनवरी 2024 में हो सकते हैं। इसलिए सामान्य तौर पर, चुनाव आयोग दिसंबर 2023 तक सभी पांच राज्यों में चुनाव कराना चाहेगा। यदि चुनाव तय कार्यक्रम के अनुसार होते हैं और भाजपा हिंदी पट्टी से जुड़े तीनों राज्यों को हार जाती है, तो इंडिया गठबंधन, खासकर कांग्रेस को बड़ी ताकत मिलेगी, जिसका लोकसभा चुनाव पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा। क्या भाजपा इसकी इजाजत दे सकती है? भाजपा थिंक टैंक के एक वर्ग का तर्क है कि लोकसभा चुनाव पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के साथ ही कराये जाने चाहिए।

उनका कहना है कि चंद्रयान-3, जी-20 शिखर सम्मेलन और अब महिला आरक्षण विधेयक से शुरू हुई सफलताओं की श्रृंखला के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने खुद को और सरकार को बढ़त दिलाई है। प्रधानमंत्री 50 प्रतिशत मतदाताओं पर नजर रखते हुए महिलाओं के मुद्दों और ओबीसी महिलाओं के लिए विशेष कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। आरएसएस ने अपने कार्यकर्ताओं को महिलाओं के लिए पीएम के इस संदेश को देश के सुदूर इलाकों तक पहुंचाने का निर्देश दिया है। दिलचस्प बात यह है कि आरएसएस का अभियान केवल प्रधानमंत्री पर केंद्रित है, भाजपा पर नहीं।

भाजपा थिंक-टैंक खालिस्तानी आतंकवादी निज्जर की हत्या पर वर्तमान भारत-केनेडा राजनयिक संकट के प्रभाव को भी ध्यान में रख रहे हैं। प्रधानमंत्री केनेडा के पीएम के आरोपों को नकारने पर अड़े हुए हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर संयुक्त राष्ट्र महासभा में बड़ी शक्तियों, यानी अन्य लोगों के बीच, संयुक्त राज्य अमेरिका के दोहरे मानकों के बारे में बयान दे रहे हैं। कांग्रेस ने भारत सरकार की स्थिति का पूरी तरह से समर्थन किया है, यह जानते हुए कि चाहे कुछ भी हो, अंततः चुनाव से पहले इससे प्रधानमंत्री को राजनीतिक लाभ होगा। लेकिन मामला इतना नाजुक है कि कांग्रेस और अन्य इंडिया घटक सरकार के रुख का समर्थन करते रहेंगे।

नरेंद्र मोदी के लिए यह एक जीत की स्थिति है। यदि केनेडा और उसके पश्चिमी सहयोगी मामले को आगे बढ़ाते हैं, तो पीएम उसका विरोध करते हुए मजबूत रुख अपना सकते हैं, जिससे उन्हें बड़ा समर्थन मिलेगा। मोदी पश्चिमी बड़ी शक्तियों से लड़ते हुए खुद को ग्लोबल साउथ के नेता के रूप में स्थापित करने की कोशिश करेंगे, जो भारत जैसी प्रमुख शक्ति के उद्भव को बर्दाश्त नहीं कर सकती हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन असमंजस में हैं क्योंकि अगर भारत ने अपनी वर्तमान आक्रामकता जारी रखी तो एशिया-प्रशांत में चीन के खिलाफ भारत को सामने लाने की उनकी अच्छी तरह से तैयार की गई नीति संकट में होगी।

दूसरी ओर, यदि फाइव-आइज वाली शक्तियां (संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और निश्चित रूप से, केनेडा) स्वर को नरम करती हैं और भारत को अपेक्षित ट्रैक पर रखने के लिए किसी प्रकार की समझ बनाती हैं, तो पीएम खुद को सही ठहरायेंगे, जबकि भाजपा के ढोल-नगाड़े बजाने वाले और कॉरपोरेट मीडिया नरेंद्र मोदी को एक ऐसे ईश्वरीय अवतार के रूप में पेश करेंगे, जिसने पश्चिम के राक्षसों को एक पवित्र युद्ध में हरा दिया है। किसी भी तरह से, यह मोदी के लिए फायदेमंद है। इंडिया गठबंधन के घटक केवल दूर से देख रहे हैं।

इसलिए यह वर्ग चाहता है कि यदि लोकसभा चुनाव राज्य विधानसभा चुनावों के साथ कराये जाएं तो प्रधानमंत्री के पास अब उपलब्ध इन सभी लाभों का फायदा उठाया जा सकता है। इन विश्लेषकों को यकीन है कि अगर चुनाव हुए तो नरेंद्र मोदी की छवि और स्वीकार्यता राज्य विधानसभा तथा लोकसभा चुनावों के नतीजों को प्रभावित करेगी।

इसके विपरीत, एक मजबूत प्रतिवाद यह है कि लोकसभा चुनाव जनवरी 2024 के अंतिम सप्ताह में, संभवतः 22 जनवरी को, अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के बाद ही हो सकते हैं। संघ परिवार के नेताओं को लग रहा है कि प्रधानमंत्री की अन्य हालिया उपलब्धियों के साथ-साथ इस उद्घाटन का हिंदू समुदाय पर उत्प्रेरक प्रभाव पड़ेगा और यह भाजपा की ओर से मतदाताओं के लिए सबसे मजबूत अपील होगी। इसलिए, यह वर्ग चाहता है कि लोकसभा चुनाव तभी हो जब संघ परिवार के कार्यकर्ता प्रचार में हिंदुत्व के मुद्दे का पूरा उपयोग करें। यदि लोकसभा चुनाव फरवरी में होते हैं, तो भाजपा को 2019 के चुनाव घोषणापत्र में प्रधानमंत्री द्वारा वायदा किये गये हिंदुत्व पर सभी प्रमुख प्रतिबद्धताओं का पूरा लाभ मिलेगा। स्वाभाविक रूप से, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही अंतिम निर्णय लेंगे।इंडिया गठबंधन के घटक दलों को लोकसभा चुनाव के लिए तैयार रहना चाहिए, चाहे यह इस साल नवंबर में हो, या फरवरी में हो, या अप्रैल/मई 2024 में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार हो। कांग्रेस नेतृत्व को राज्यों में सीट-बंटवारे की बातचीत शुरू करने के लिए राज्य विधानसभा चुनाव के नतीजों का इंतजार नहीं करना चाहिए। उन्हें अभी प्रक्रिया शुरू करनी चाहिए, क्योंकि अनेक राज्यों में इसमें काफी समय लगेगा। यदि अचानक लोकसभा चुनावों की घोषणा हो जाती है तो इंडिया गठबंधन स्वयं को बिना तैयारी के न पायें। 2004 में, एनडीए-1 सरकार के तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने अपनी सरकार के 'इंडिया शाइनिंग' प्रचार को ध्यान में रखते हुए लोकसभा चुनाव को पांच महीने के लिए आगे बढ़ा दिया था। सभी उम्मीदों पर पानी फेरते हुए एनडीए को हार का सामना करना पड़ा और यूपीए ने नयी सरकार बनाई। भारत के लिए, 2004 का यह उदाहरण महत्वपूर्ण सबक देता है। राष्ट्रीय स्तर पर केवल बड़ा प्रचार पर्याप्त नहीं है।

## पावन प्रसंग

### सिद्धांतों से समझौता न करें

जीवन का अपना सिद्धांत होता है, मूल्य होता है। इस सिद्धांत के कारण ही सामान्य इंसान में दिव्य गुण विकसित होते हैं। मूल्यों के अभाव में इंसान पशुतुल्य हो जाता है। प्रत्येक परमाणु, अणु और तत्व से लेकर जड़-चेतन आदि सभी के अपने-अपने सिद्धांत हैं। इन्हीं सिद्धातों के कारण ही वे अपनी मौलिकता को बरकरार रखते हुए अपना प्रभाव दिखाते हैं और अपना अस्तित्व व औचित्य-सिद्ध कर सकने की एक प्रभावशाली सामर्थ्य रखते हैं। यही वजह है कि इंसानों को छोड़कर किसी प्राणी, वस्तु, तत्व या मिश्रण के गुण-धर्म और उसके प्रभावों की शत-प्रतिशत सत्य एवं सटीक व्याख्या की जा सकती है। एक इंसान ही इस धरती पर ऐसा जीव है, जो पैदा होने से लेकर केवल समझदार होने तक अपनी आत्मस्थिति और मौलिकता में शुद्ध बुद्ध रहता है और इंसानी खाल एवं खोल में बना रहता है।

जरा सा समझदार हो जाने के बाद वह जीवन भर के लिए इंसानियत से मुक्त हो जाता है और कहीं भी कुछ भी करने-करवाने की स्थिति में आ जाता है। जैसे-जैसे वह संसार में आसक्त होने लगता है; वैसे-वैसे उसके भीतर का मनुष्यत्य पलायन करने लगता है, मौलिकता का क्षरण शुरु हो जाता है, मानवता के क्षरण के सारे रास्ते खुल जाते हैं और उसकी जगह उसके भीतर वह सब कुछ भरना शुरु हो जाात है, जिसे इंसानियत का धुर-विरोधी माना जाता है।

एक इंसान तभी तक इंसान बना रह सकता है, जब तक उसके भीतर इंसान होने का गुण धर्म सहेजने वाली मौलिकता है। यही कारण है कि पूरी दुनिया में इंसान की मनोवृत्ति के अनुरूप काफी श्रेणियां हो गई हैं। बहुत कम संख्या में लोग हैं, जो पूरी जिंदगी अपने मानवीय गुण-धर्म को बचाए रख पाते हैं। अधिकांश लोग देश, काल और परिस्थितियों के अनुरूप अपने स्वार्थ और अहंकार को तवज्जो देते हुए हर सांचे में ढल जाया करते हैं। बहुत सारे ऐसे हैं, जो अपने भीतर की इंसानियत को परे धकेलकर शैतानियत को अपना लेते हैं और जमाने भर के लिए मरते दम तक नासूर बने रहते हैं। इंसान के रूप में पैदा होना जितना सरल है, जीवन भर के लिए इंसानियत को सहेजकर रखना और मानवीय उसूलों पर चलना उतना ही दुष्कर है।

ईश्वरीय अनुकंपा और पूर्वजन्म के संस्कारों के साथ ही वंशानुगत चारित्रिक आनुवांशिक गुणों के होने पर ही इंसान अपने आप को इंसान के रूप में प्रकट कर सकता है अन्यथा बहुत सारे लोगों को हम रोजाना ऐसे देखते हैं, जो कि ऐसे सज-धजकर निकलते हैं ऐसी लच्छेदार और लुभावनी बातें करते हैं कि लगता है जैसे इनके मुकाबले कोई महान इंसान मिलना संभव ही नहीं है, लेकिन जब-जब इनके इंसानी गुण धर्म की खोज करते हैं तब हमें घोर निराशा हाथ लगती है।

आजकल जो जैसा दिखता-दिखाता है, वैसा होता नहीं है। अधिकांश लोग अंदर-बाहर में जमीन-आसमान के अंतर भरे होते हैं। यह स्थिति तथाकथित कुलीन लोगों का आभूषण हो गई है, जिसके सहारे वे दुनिया भर में अपने आप को श्रेष्ठतम और महान सिद्ध करते रहने के सारे यत्न करते रहते हैं। वे लोगों को भ्रमित करने के तमाम हथकंडों का सहारा लेते हुए बहुरूपियों और स्वांगियों तक को पीछे छोड़ देने के करिश्माई करतब दिखाते रहते हैं। असल में देखा जाए तो पूरी दुनिया के इंसान को दो भागों में विभक्त किया जा सकता है- सिद्धांतहीन और सिद्धांतवादी। केवल एक सिद्धांत है, जो इंसान को इंसान बनाए रखकर धरती के संचालन में मददगार होता है। सिद्धांतहीन मनुष्य मानवता के लिए अभिशाप है और जगत के लिए घातक भी, क्योंकि इनकी पूरी जिंदगी स्वार्थ को समर्पित होती है। स्वार्थ पूरे करने के लिए ये लोग किसी भी हद तक जा सकते हैं, अपने कद को ऊंचा दिखाने के लिए किसी को भी गिरा सकते हैं और खुद को ऊंचा उठाने के लिए किसी भी सीमा तक गिर भी सकते हैं।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

### विदेशी धरती पर भारत के खिलाफ आतंकी संगठनों का षड्यंत्र दुर्भाग्यपूर्ण

भारत कई वर्षो से आतताइयों से लोहा ले रहा है। विदेशी आतताइयों ने भारत को छिन्न-भिन्न करने के लिए सबसे पहले भारतीय संस्कृति पर हमला किया। अंग्रेजों ने जाते-जाते अलगाववाद के बीज बोए। भारत में और भारत के बाहर भारत के खिलाफ आज भी षड्यंत्र पूर्वक कार्य जोरों से चल रहा है। आईएसआई ने खालिस्तानियों को पनाहगाह बनाकर भारत में आतंकी साजिश रच रहे हैं। कनाडा के राष्ट्रपति ट्रूडो ने कनाडा में सिख फ़ॉर जस्टिन को आंतरिक और बाह्य समर्थन कर रहे है। कनाडा के संरक्षण मंत्री बिल ब्लेयर ने कहा कि भारत और कनाडा के संबंध महत्वपूर्ण हैं। कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो ने भारत पर लगाए आरोप विदेशी धरती पर भारत के खिलाफ आतंकी संगठनों का षड्यंत्र दुर्भाग्यपूर्ण

भारत एक हजार वर्ष से आतताइयों से लोहा ले रहा है।विदेशी आतताइयों ने भारत को छिन्न भिन्न करने के लिए सबसे पहले भारतीय संस्कृति पर हमला किया।अंग्रेजो ने जाते जाते अलगाववाद के बीज बोए।भारत में और भारत के बाहर भारत के खिलाफ आज भी षड्यंत्रपूर्वक कार्य जोरों से चल रहा है। आईएसआई ने खालिस्तानियों को पनाहगाह बनाकर भारत मे आतंकी साजिश रच रहे है। कनाडा के राष्ट्रपति ट्रुडो ने कनाडा में सिख फ़ॉर जस्टिन को आंतरिक और बाह्य समर्थन कर रहे हैं। कनाडा के संरक्षण मंत्री बिल ब्लेयर ने कहा कि भारत और कनाडा के संबंध महत्वपूर्ण है। कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रुडो ने भारत पर लगाए आरोप बेबुनियाद और आघातजनक है। खालिस्तानी आतंकवादी पन्नू कनाडा में रहकर भारत-विरोधी षड्यंत्र रच रहा है। गुरपतवंत सिंह की पंजाब में पूरी संपति सरकार ने जब्त कर ली है। इस घटना के बाद भी उसके तेवर ढीले नहीं हुए हैं। कनाडा में मन्दिरों पर हमला करने वाले आतंकी और खालिस्तान के झण्डे लहराकर भारत को धमकी दे रहे हैं। वहीं ट्रूडो अपने राजनीतिक रोटियां सेंकने में लगे हुए हैं। भारत से कनाडा को दुश्मनी महंगी पड़ेगी। भारत केवल दाल आयात करता है लेकिन भारत अरबों डॉलर के हीरे-जवाहरात और धातु कनाडा को निर्यात कर रहा है। 10 ट्रिलियन जितना व्यापार करने वाले भारत के खिलाफ षड्यंत्र रचने वाले कनाडा को फिर से सोच समझकर निर्णय लेना चाहिए। आतंकवादियों पर कार्रवाई कर और कनाडा में पल रहे आतंकी संगठनों पर प्रतिबंध लगाकर दोस्ती आगे बढ़ाने की कोशिश करनी चाहिए। आतंकी पन्नू इंडिया गेट पर ख़ालितस्तान झंडा लगाने की सोच रहा है। केरल में पीएफआई का बढ़ता वर्चस्व और सैनिक पर घातक हमला इस बात का संकेत है कि वे आज भी यह विचारधारा सक्रिय है। कनाडा अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में बैठकर भारत के विरुद्ध षड्यंत्र करने वाले आतंकी संगठनों की खैर नहीं। अरबों रुपए की पंजाब से फंडिंग ट्रांसफर करने की सूचना चौंकाने वाली बाबत है। कनाडा की संसद में नाजी सैनिक का सम्मान करना जले पर नमक छिड़कने जैसा है परंतु उसके बाद भूल का प्रायश्चित कर स्पीकर ने माफी मांग ली थी। भारत की मजबूत सैन्य ताकत और मजबूत सेना और सरकार के कारण इन संगठनों की नींद हराम हो गई है। अगर कमजोर सरकार आती है तो अकल्पनीय घटनाएं हमारे सामने आकार ले रही होतीं।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

## सार-समाचार

### अधिवकता एक्ट लागू करने की मांग, अधिवक्ताओं ने सौंपा ज्ञापन



**रहली, देशबन्धु।** अधिवक्ता संघ रहली द्वारा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम ज्ञापन एस डीएम गोविंद दुबे को सौंपा जिसमे बताया की मुख्यमंत्री शिवराज सिंह आपने 2012 में वकील पंचायत आयोजित की थी जिसमें मप्र राज अधिवक्ता परिषद व प्रदेश के समस्त अधिवक्ताओं से आये अधिवक्तागणों के समक्ष आपके द्वारा यह घोषणा की थी कि अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट शीघ्र अतिशीघ्र लागू किया जावेगा किंतु मप्र राज्य अधिवक्ता परिषद को आश्वासन भी दिया गया परंतु आज तक एडव्होकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू नही किया गया। जिससे प्रदेश के समस्त अभिभाषक आक्रोश व्यक्त करते है एवं मप्र के समस्त अभिभाषक में व्याप्त असंतोष को ध्यान में रखते हुए आपसे निवेदन है कि एडव्होकेट प्रोटेक्शन एक्ट तत्काल लागू किया जावे। ज्ञापन सौंपने वालों में अध्यक्ष विजय तिवारी, उपाध्यक्ष जगदीश पुरानी, सचिव गोविंद पटेल, अरविंद कुर्मी, अनिलकांत खरे, सीता बाल्मिक, बीके चौबे, पीसी मिश्रा, भूपेंद्र तिवारी, विनोद तिवारी सहित अधिवक्ता मौजूद रहे।

### जैन समाज के सभी वर्ग के लोग कर रहे तत्वार्थ सूत्र की वाचन



**रहली, देशबन्धु।** दस लक्षण पर्व में रहली में विराजमान आर्यिका आराध्यमति के संघ सानिध्य में चल रही आराधना में प्रतिदिन प्रात:काल समाज में सभी वर्ग के सदस्यों के द्वारा तत्वार्थ सूत्र की वाचना की जा रही है। छोटे बच्चे बालिकाएं महिलाएं युवा बुजुर्ग सभी को पर्यूषण पूर्व से पूर्व तत्वार्थ सूत्र की कक्षाएं लगाकर आर्यिका ओं ने तत्वार्थ सूत्र को पढ़ना एवं शुद्ध उच्चारण करना सिखाया। उल्लेखनीय की छोटे-छोटे बच्चों ने संस्कृत के कठिनतम तत्वार्थ सूत्र को कंठस्थ कर सुनाकर आश्चर्य चकित कर दिया। चातुर्मास समिति एवं जैन पंचायत सभा के प्रबंधन में समाज के द्वारा इस अनुकरणीय प्रयास करने वालों के लिए पुरस्कृत किया जा रहा है।

# भानगढ़ को तहसील का दर्जा देने, ग्रामीणों ने विधायक और तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**बीना, देशबन्धु।** भानगढ़ को तहसील का दर्जा देने की मांग को लेकर बड़ी संख्या में लोगों ने बीना तहसील कार्यालय पहुंचकर राज्यपाल के नाम का तहसीलदार और विधायक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से लोगों ने बताया कि भानगढ़ कई वर्षों पहले उप तहसील का दर्जा प्राप्त कर चुका है। भानगढ़ सर्किल के नाम से नायब तहसीलदार भी बीना तहसील कार्यालय में बैठते हैं। भानगढ़ के आसपास के 110 गांवों का मुख्य केंद्र है। यहां पर सुरक्षा की दृष्टि से थाना, व्यावसायिक और आर्थिक कार्यों के लिए राष्ट्रीय बैंक भी है। भानगढ़ से बीना तहसील कार्यालय की दूरी करीब 45 किलोमीटर से भी ज्यादा पड़ती है। यदि भानगढ़ तहसील घोषित होती है तो उसके आसपास के 110 गांवों के लोगों को अपने कार्यों के लिए बीना नहीं जाना पड़ेगा। इससे ग्रामीणों का समय के साथ-साथ आर्थिक स्थिति पर भी प्रभाव नहीं पड़ेगा। इसी के साथ ग्रामीणों ने नायब तहसीलदार को तत्काल प्रभाव से भानगढ़ में बैठाने की मांग के साथ तहसील घोषित करने की कार्रवाई भी शुरू करने की मांग को लेकर राज्यपाल के नाम तहसीलदार सुनील शर्मा और बीना विधायक महेश राय को ज्ञापन सौंपा है। भानगढ़ से ज्ञापन देने आए शशिकांत कुर्मी, रतिराम पटेल ने बताया कि बीना तहसील कार्यालय में जो भानगढ़ सर्किल के नायब तहसीलदार बैठते हैं उन्हें तत्काल प्रभाव भानगढ़ में बैठाया जाए। इसी के साथ भानगढ़ को पूर्ण तहसील घोषित करने की कार्रवाई शुरू की जाए। यदि 29 सितंबर तक मांग पूरी नहीं की जाती है तो सभी क्षेत्रवासी भानगढ़ के सरदार वल्लभभाई पटेल चौराहे पर धरना सहित अन्य विरोध गतिविधियों के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन सौपने वालों में सूर्यकांत तिवारी, जगपाल सिंह, अजय पटेल, नरेश कुर्मी, उदय कुमार, कीरत कुर्मी सहित कई लोग मौजूद रहे।

## कुशवाहा समाज ने सम्राट अशोक महान के सम्मान में निकाली रैली



**रहली, देशबन्धु।** सम्राट अशोक महान के सम्मान में कुशवाह समाज द्वारा बाइक रैली का आयोजन किया गया। मोटर साइकिल पर सवार होकर बड़ी संख्या में कुशवाह समाज के लोग निकले। युवाओं द्वारा निकाली गई बाइक रैली की शुरुआत अस्पताल चौराहा से रहली नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए बस स्टैंड पर महापुरुषों इंदिरा गांधी, भीमराव अंबेडकर, महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए रघुनाथ गार्डन में पहुंची। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं में जन चेतना पार्टी के अध्यक्ष अशोक सिंह लोधी ने युवाओं से नशा मुक्ति का आवाहन किया। बीडी पटेल ने संख्यानुपात में निगम मंडलों में, राजनीतिक संगठनो में, सत्ता में भागीदारी पर बल दिया। हेमराज घोषी ने संविधान बचाओ का जिक्र किया अन्यथा फिर से राजतंत्र लागू हो जाएगा। जनपद सदस्य अनिता कुशवाहा ने महिलाओ को समान भागीदारी एवं समाज को संगठित करने का संदेश दिया। भीम आर्मी से राजा अहिरवार ने कहा बाबा साहब ने जो अधिकार दिए हैं उसको बचाना है। बिहारी कुशवाहा ने कहा सम्राट अशोक किसी एक जाति या धर्म के राजा नहीं थे बल्कि उस समय ऊंच नीच भेदभाव नहीं था। मौर्य काल के संविधान में स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सामाजिक न्याय पर अहम योगदान रहा इसलिए सम्राट अशोक को महान कहा गया और समाज को एकजुट रहने की जरूरत पर बल दिया और समाज पर हो रहे अन्याय अत्याचार से निपटने पर बल दिया। कार्यक्रम के अध्यक्ष समाजसेवी लक्ष्मी प्रसाद कुशवाहा ने युवाओं को संघर्ष करने आवाहन किया और जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी बात पर जोर दिया। तुलसी बाबा ने कहा सामाजिक बुराई दहेज मृत्यूभोज को बंद करने की अपील की। कार्यक्रम में कुशवाहा समाज एवं सभी समाज के सैकड़ों लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन कोमल कुशवाहा और प्रशांत कुशवाहा ने किया और आभार हरि भजन कुशवाहा ने व्यक्त किया।

## इंडिया स्मार्ट सिटी कार्यक्रम में शामिल हुई नगर पालिका रहली

**रहली, देशबन्धु।** इंदौर में मंगलवार से इंडिया स्मार्ट सिटीज कन्क्लेव 2023 कार्यक्रम शुरू किया गया है जिसमे सागर संभाग से सर्व श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली वा निकाय क्षेत्रों में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट पर कार्य करने वाले 13 निकायों को आमंत्रित किया गया जिसमे रहली नगर पालिका भी शामिल होने इंदौर पहुंची। रहली नगर पालिका अध्यक्ष देवराज सोनी, एसीएमओ बाल किशुन पटेल ओर उनके परिषद के पार्षद इस कार्यक्रम में शामिल हुये। कार्यक्रम में पूरे देश से 100 स्मार्ट शहरों के महापौर आयोग स्मार्ट सिटी मिशन से जुड़े अधिकारी भी शामिल हुए। नगरपालिका अध्यक्ष देवराज सोनी ने बताया की केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा 26 और 27 सितंबर को इंदौर के ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में इंडिया स्मार्ट सिटीज कानक्लेव 2023 आयोजित किया गया। इनमें उन सभी 100 स्मार्ट शहरों की भागीदारी देखी गई जो शहरी नवाचार में आगे रहे हैं राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू आज इंडिया स्मार्ट सिटी पुरस्कार प्रतियोगिता आईएससी 2022 के विजेताओं को सम्मानित करेंगी।

## मतदान दल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का प्रथम प्रशिक्षण हुआ आयोजित



**बीना, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए शास. स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मतदान दल के अधिकारी एवं कर्मचारियों का प्रथम प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस अवसर पर रिटर्निंग ऑफिसर देवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि सभी पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी प्रशिक्षण गंभीरता से लें। निर्वाचन संबंधी बारीकियां को समझें तथा सभी शंकाओं का समाधान करें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर द्वारा पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारियों के कर्तव्य, निर्वाचन की प्रक्रिया, चैलेंज वोट, टेंडर वोट एवं टेस्ट वोट संबंधी निर्वाचन नियम तथा कानून, आदर्श आचरण संहिता का पूर्णत: पालन करने, मतदान दिवस पर निर्धारित समय पर दिखावटी मतदान कराने, मॉक पोल की पर्चियां के सीलिंग करने की प्रक्रिया एवं दिव्यांग तथा बुजुर्ग मतदाताओं के लिए प्राप्त सुविधाएं, सुगम मतदान एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण हेतु ईवीएम के अंतर्गत बैलट यूनिटएवीवीपेट एवं कंट्रोल यूनिट की संचालन प्रक्रिया, सीलिंग एवं सावधानियां तथा मॉक पोल एवं निर्वाचन के दौरान आने वाले एरर के समाधान के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षण प्रभारी प्राचार्य डॉ. रेखा बरेठिया, नायब तहसीलदार विजयकांत त्रिपाठी एवं हेमराज मेहर मास्टर ट्रेनर डॉ. एमएल सोनी, डॉ. मुकेश निरंजन, उमेश यादव, केके जैन, डीके शर्मा, राकेश सिंह ठाकुर, अजय कुमार ठाकुर, लोकेश जैन, विवेक पाठक आदि सहित प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

## महाराष्ट्र समाज द्वारा सुर संगम आर्केस्ट्रा का हुआ आयोजन

**बीना, देशबन्धु।** महाराष्ट्र समाज बीना में सुर संगम आर्केस्ट्रा नागपुर द्वारा सुप्रसिद्ध कलाकार सुरभि ढोमेने सारेगामा फैम इंटरनेशनल आर्टिस्ट सारंग जोशी सिंगर डॉ. मनोज सालपेकर एंकर गायक, संगीत संयोजन सचिन ढो मेने का महाराष्ट्र समाज के अध्यक्ष संजय बापट व सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष अनंत आचवल ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया कार्यक्रम में मराठी और हिंदी गानों को सुरभि व सारंग जोशी ने सुरों से सजाया है मेरी जोहार जबी तुझे मालूम नही, हंसता हुआ नूरानी चेहरा, अंखियों के झरोखों से, मेरे नैना सावन भादो, मराठी लावणी वी गणपति जी के भजन बाबूजी धीरे चलना वादक कलाकार ने बेहतरीन संगत दी जिसमें परिमल जोशी मनोज अक्षय अनिकेत ऋषभ शामिल थे महाराष्ट्र समाज के सभी वरिष्ठ दिगंबर टिकेकर डॉ. संध्या टिकेकर, उदय आचवल, डॉ. श्याम बापट, डॉ. विकास बापट, प्रकाश नायक, दीपक मोघे, हेमंत कहु ,साधना कहु ने संगीत का आनंद लिया।

## श्री कृष्ण-रुक्मणी विवाह की कथा सुन झूमे श्रद्धालु



**बांदरी, देशबन्धु।** श्रीगणेश हिंदू उत्सव समिति कारस देव मुहाल द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में कथावाचक लक्ष्मी नारायण शास्त्री ने श्रीकृष्ण रुक्मणी विवाह प्रसंग सुनाया। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण रुक्मणी विवाह को एकाग्रता से सुना। श्रीकृष्ण रुक्मणि का वेश धारण किए बाल कलाकारों पर भारी संख्या में आए श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। श्रद्धालुओं ने विवाह के मंगल गीत गाए। कथा के मुख्य यजमान अमित राय, रजनी राय ने दीप प्रज्जवलित किया। कथावाचक श्री शास्त्री ने श्रद्धालुओं को भगवान श्री कृष्ण की कई लीलाओं के बारे में वर्णन करते हुए उन्होंने श्रद्धालुओं को कथा के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि रुक्मणी विदर्भ देश के राजा भीष्म की पुत्री और साक्षात लक्ष्मी जी का अवतार थी। रुक्मणी ने जब देवर्षि नारद के मुख से श्रीकृष्ण के रूप, सौंदर्य एवं गुणों की प्रशंसा सुनी तो उसने मन ही मन श्रीकृष्ण से विवाह करने का निश्चय किया। रुक्मणी का बड़ा भाई रुक्मी श्रीकृष्ण से शत्रुता रखता था और अपनी बहन का विवाह राजा दमघोष के पुत्र शिशुपाल से कराना चाहता था। रुक्मणी को जब इस बात का पता चला तो उन्होंने एक ब्राह्मण संदेशवाहक द्वारा श्रीकृष्ण के पास अपना परिणय संदेश भिजवाया। तब श्रीकृष्ण विदर्भ देश की नगरी कुंडीनपुर पहुंचे और वहां बारात लेकर आए शिशुपाल व उसके मित्र राजाओं शाल्व, जरासंध, दंतवक्त्र, विदु रथ और पौंडरक को युद्ध में परास्त करके रुक्मणी का उनकी इच्छा से हरण कर लाए। तत्पश्चात श्रीकृष्ण ने द्वारिका में अपने संबंधियों के समक्ष रुक्मणी से विवाह किया। श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन दोपहर दो बजे से पांच बजे तक हो रहा है। वही 28 सितंबर को पूर्णाहुति के साथ प्रसाद वितरण का किया जाएगा। भागवत की आरती में धर्मेंद्र राय, राजेंद्र सिंह सोसाइटी, संस्कार मुडो़तिया, पुष्पेंद्र यादव, शुभम यादव, सचिन सेन सहित सैकड़ो की संख्या में नगर वासी मौजूद रहे।

# रोजगार मूलक योजनाओं का लाभ सभी बैंकर्स समय सीमा में प्रदान करें: कलेक्टर

**सागर, देशबन्धु।** रोजगार मूलक योजनाओं का लाभ सभी बैंकर्स समय सीमा में प्रदान करें एवं ब्लॉक स्तरीय परामर्श दात्री की बैठक लगातार आयोजित कर प्रकरणों का निराकरण कराएं। उक्त निर्देश कलेक्टर दीपक आर्य ने जिला स्तरीय परामर्शदात्री डीएलसीसी की बैठक में दिए। इस अवसर पर लीड बैंक मैनेजर चक्रवर्ती, नाबार्ड के अधिकारी अभिषेक घोष, सचिन मसीह, बैंकों के बैंक अधिकारी सहित अन्य विभागों के विभागीय अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी बैंकर्स शासन के द्वारा निर्धारित रोजगारों मुखी योजनाओं का लाभ देने के लिए विभागों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण कर रोजगार उपलब्ध करायें। विकासखंड स्तर पर आयोजित होने वाली परामर्श धात्री समिति की बैठक में प्रकरणों का निराकरण कर जिला स्तर पर प्रस्तुत करें। स्व.सहायता समूह के तहत बैंक लिंकेज की प्रगति की समीक्षा की। शासन की मंशानुसार स्व.सहायता समूह को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उनके समस्त प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण हो।

उन्होंने कहा प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना की अंतर्गत 10 हजार, 20 हजार वाले प्रकरणों का निराकरण करें। मप्र शासन द्वारा सम्मान निधि योजना के अंतर्गत एक लाख तक की राशि प्रदान किये जाने की योजना तैयार की गई है। इसमें भी जिले में अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करें। किसान क्रेडिट कार्ड अंतर्गत मत्स्य पालकों को मत्स्य पालन गतिविधि हेतु लोन प्रदान करने, मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक हितग्राहियों को लभान्वित करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत जो प्रकरण लंबित हैं, उनका समय-सीमा में निराकरण करें। मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के अंतर्गत जिला उद्योग केंद्र के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक हितग्राहियों को मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना का लाभ प्रदान करें और बैंक लोन प्रदान करें।


**सूचना**

मैं मनीराम यादव पिता हरगोविंद यादव निवासी कृष्णागंज सागर व एक अन्य ने गोपीरंजन साक्षी से एक प्लाट दुर्गानगर रजाखेड़ी में खरीदा, जिसकी आपको पूरी कीमत चुकता कर दी थी। आपना कब्जा सौंप दिया था। व 15.12.2019 तक रजिस्ट्री करने को कहा था। किन्तु गोपीरंजन साक्षी का निरंतर स्वास्थ्य खराब होने के कारण उनकी मृत्यु हो गई और रजिस्ट्री नही हो सकी। उक्त प्लाट पर मेरा कब्जा है।

दिनांक 26.09.2023

सूचनाकर्ता
मनीराम यादव
कृष्णागंज सागर


**न्यायालय नायब तहसीलदार, बांदरी, मालथौन, तहसील मालथौन जिला सागर (म.प्र.)**
**(श्री कमलेश कुमार सतनामी) जिला सागर**

क्रमांक0004/अ-20(5)/2023-24/रीडर/प्र.क्र. दिनांक 25.09.2023

**विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम बमनोरा तहसील मालथौन जिला सागर की शासकीय नजूल भूमि सर्वे नंबर 120, रकबा 16.12 हे. में से 7.00 हे. है। भूमि मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद बांदरी को भूमि आवंटन हेतु आवेदन हेतु आवंटित किए जाने का आवेदन विचारार्थ लिया गया है। उक्त आवंटन में जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो वह इस इश्तेहार जारी होने के दिनांक से प्रकरण में नियत आगामी (कम से कम 15 दिवस उपरांत) दिनांक 11.10.2023 के पूर्व अथवा उक्त दिनांक को अपनी आपत्ति ऑनलाईन अथवा लिखित रुप से न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि पश्चात प्रस्तुत आपत्तियों पर विचार नहीं किया जायेगा।
आज दिनांक 25.09.2023 को मेरे हस्ताक्षर व पद मुद्रा से जारी किया गया है।

**नायब तहसीलदार**
**मंडल बांदरी तह. मालथौन जिला सागर**

**न्यायालय विवाह अधिकारी एवं अपर कलेक्टर पन्ना जिला पन्ना म.प्र.**

प्रकरण क्र./131/स -149 वर्ष 2023-24

**सार्वजनिक उद्घोषणा**

**नोटिस दाता:-** दुर्गेश रैकवार उम्र 29 वर्ष, पिता श्री लखन रैकवार निवासी ग्राम कृष्णगढ़ तहसील पवई जिला पन्ना मध्यप्रदेश

**एवं**

संत कुमारी बाई (विधवा) उम्र 33 वर्ष, पति स्व. श्री धनीराम ढीमर, निवासी ग्राम कृष्णगढ़, तहसील पवई जिला पन्ना मध्यप्रदेश

इस नोटिस के द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त नोटिस दाताओं ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 05 के तहत परस्पर विशेष विवाह करने हेतु सूचना पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त विवाह के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने वैध प्रतिनिधि द्वारा लिखित रुप में इस उद्घोषणा जारी होने के दिनांक से 30 दिन के अंदर इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है, समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर विधि के सम्यक अनुक्रम में सुनवाई नहीं की जाएगी।

उद्घोषणा के साथ द्वितीय अनुसूची **'आशयित विवाह की सूचना'** संलग्न कर भेजी जा रही है। उद्घोषणा का विधिवत् प्रकाशन कराया जाए एवं वाद तामील इस न्यायालय को भेजी जाए।

उद्घोषणा आज दिनांक 14 जुलाई 2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी की गई।
संलग्न- आशायित विवाह की सूचना
प्रकरण में सुनवाई तिथि-29.09.2023

**अपर कलेक्टर एवं**
**विवाह अधिकारी, पन्ना मध्यप्रदेश**

**न्यायालय नजूल अधिकारी जिला सागर म.प्र.**
(सार्वजनिक उद्घोषणा/ इश्तहार)

राजस्व प्रकरण क्रं. 85 अ/20 (1) वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिनेश कुमार साहू पिता स्व.श्री रतनलाल साहू निवासी रामपुरा वार्ड सागर द्वारा म.प्र. नजूल भूमि निर्वर्तन नियम, निर्देश 2020 प्रभावशील दिनांक 24.09.2020 के अध्याय-आठ की कंडिका 137 के अनुसार ग्राम गढौली खुर्द खसरा नं. 133/1 रकवा 7500 वर्गफुट दिनेश कुमार साहू पिता रतनलाल साहू के नाम से दर्ज है, को स्थाई पट्टाधिकारी को भूमिस्वामी अधिकार में संपरिवर्तन कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अत: आवेदक दिनेश कुमार साहू पिता स्व.श्री रतनलाल साहू निवासी रामपुरा वार्ड सागर द्वारा म.प्र. नजूल भूमि निर्वर्तन नियम निर्देश 2020 प्रभावशील दिनांक 24.09.2020 के अध्याय-आठ की कंडिका 137 के अनुसार ग्राम गढौली खुर्द खसरा नं. 133/1 रकबा 7500 वर्गफुब्ट स्थाई पट्टाधिकार को भूमिस्वामी अधिकार में संपरिवर्तन किये जाने के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था/पूर्व संस्था/ राज्य शासन के कार्यालयों में से किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 11.10.2023 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है, नियत तिथि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 26.09.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी।

**नजूल अधिकारी, सागर**

**न्यायालय नजूल अधिकारी जिला सागर म.प्र.**
**(इश्तहार)**

राजस्व प्रकरण क्रमांक 23 अ / 6 वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है, कि आवेदकगण राजेश सचदेव पिता नंदलाल सचदेव निवासी संत कवरराम वार्ड सागर, एकता मखीजा पत्नि रवि मखीजा निवासी सुभाषनगर वार्ड सागर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि नजूल ब्लॉक नं. 108 प्लाट नं. 1/1, 1/4 में से रकवा 1350 वर्गफुट व्यवसायिक प्लाट पंजीकृत बैनामा कमांक एमपी 33712023 ए 11672475 दिनांक 30.03.2023 को विक्रेतागण मो. अरमान मंसूरी, मो. अहसान मंसूरी वल्द मो. उस्मान निवासी तुलसीनगर वार्ड सागर से क्रय कर कब्जा प्राप्त किया है।

अत: नजूल ब्लॉक नं. 108 प्लाट नं. 1/1, 1/4 में से रकवा 1350 वर्गफुट व्यवसायिक प्लाट पर पंजीकृत बैनामा कमांक एमपी 33712023 ए 11672475 दिनांक 30.03.2023 के अनुसार विकेतागण मो. अरमान मंसूरी, मो. अहसान मंसूरी वल्द मो. उस्मान का नाम पृथक कर क्रेता / आवेदकगण राजेश सचदेव पिता नंदलाल सचदेव निवासी संत कवरराम वार्ड सागर, एकता मखीजा पत्नि रवि मखीजा निवासी सुभाषनगर वार्ड सागर का नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अत: उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 11.10.23 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है, नियत तिथि पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 26/9/23 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी।

**नजूल अधिकारी, सागर**

**कार्यालय, अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा सागर मण्डल सागर (म.प्र.)**

दूरभाष नं. कार्यालय 07582-228042 ईमेल - seressagar@mp.gov.in
क्रमांक / 1359/निविदा/ ग्रा. यां. से. / 2023 सागर दिनांक 21.09. 2023

**निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 11/2023-24**

म.प. के राज्यपाल की ओर से Covers 3 ( तीन लिफाफा पद्धति) के आधार पर ऑनलाईन प्रतिशत दर निविदा प्रपत्र एपेंडिक्स 2.10 अनुसार निविदायें लोक निर्माण विभाग की केन्द्रीयकृत ई-पंजीयन प्रणाली में सिविल श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

| क्रं. | ग्रायांसे संभाग | टेण्डर आई. डी. नंबर | कार्य का नाम | निविदा लागत (पी.ए.सी.) (रु. लाख में) | निविदा आमंत्रण का क्रम | Covers |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | सागर क्रं.1 | 2023_RES_309566_1 | अतिरिक्त कक्ष निर्माण जनपद पंचायत भवन जैसीनगर ज.पं. जैसीनगर | 82.98 | प्रथम | तीन लिफाफा पद्धति |
| | | योग | | 82.98 | | |

**कुल योग राशि रू. 82.98 लाख ( रू. बयासी लाख अंठानवें हजार मात्र )**

उपरोक्त निविदाओं के निविदा प्रपत्र ( टेंडर डाक्यूमेंट), वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ऑन लाईन भुगतान कर क्रय किये जा सकेगें । अमानत राशि (EMD) ऑनलाईन (As per Tender website link Bank / Online) जमा ही मान्य की जावेगी । अमानत राशि ऑफ लाईन मान्य नहीं की जावेंगी ।

निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की दिनांक 22.09.2023 से प्रारंभ होकर दिनांक 03.10.2023 समय 5.30 बजे तक निर्धारित है। निविदा कवर 'अ' (Cover-1) 'ब' (Cover-2) एवं 'स' (Cover-3) ऑनलाईन ही जमा / अपलोड (Submit) करने होगें । निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है। संशोधन की सूचना अलग से प्रकाशित नहीं की जावेगी, केवल वेबसाइट पर ही अपलोड की जावेगी ।

जी-20256/23

**अधीक्षण यंत्री**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा,सागर मण्डल सागर**

**न्यायालय नायब तहसीलदार वृत सुरखी तहसील सागर जिला सागर**

राजस्व प्रकरण क्रमांक:-17 बी / 121 वर्ष 23-24
मौजा:- मोकलपुर, हल्का नंबर:-120
राजस्व निरीक्षक मण्डल:-सुरखी

**इश्तहार**

आम जनता ग्राम मोकलपुर हल्का नंबर 120 राजस्व निरीक्षक मण्डल सुरखी तहसील सागर जिला सागर को सूचित किया जाता है कि:- कार्यालय परियोजना संचालक बीना पीएमयू जल संसाधन विभाग द्वारा जी.एन. सिंह द्वारा जेरा माध्यम सिचाई परियोजना अंतर्गत बांध के डूब मे वन भूमि 32.676 हे. प्रभावित होने से उसके बदले मौजा मौकलपुर पटवारी हल्का नं. 120 राजस्व निरीक्षक मण्डल सुरखी तहसील सागर स्थित शासकीय भूमि खसरा नम्बर 8/1 रकवा 355.97 हे. मे से 32.676 हे. भूमि वन विभाग को हस्तांतरित किये जाने बाबत प्रकरण इस न्यायालय को जांच कर प्रतिवेदन देने हेतु प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या हितबद्ध पक्षकार को कोई आपति हो तो वह न्यायालय में इश्तहार जारी होने की तारीख से नियत तारीख तक पेश कर सकता है। म्याद गुजर जाने उपरांत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

इश्तहार इस न्यायालय की मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया ।
जारी दिनाँक-20.09.2023, पेशी दिनांक-20.10.2023

जी-20267/23 **नायब तहसीलदार, सुरखी**

फोन नं.(कार्या.)221900 (निवास)222622
फेक्स 07582-222070,224543
ईमेल-dm.sagar@nic.in

**न्यायालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सागर जिला सागर (म.प्र.)**

**इश्तहार**

क्रमांक/7760/रीडर/2023 सागर, दिनांक 20.09.2023
प्र.क्र. 0044/बी-121/2021-22
अपराध क्र. 149/2021 थाना सुरखी जिला सागर

इस इश्तहार के माध्यम से सर्वसंबंधित एवं हितबद्ध पक्षकारों को सूचित किया जाता है कि पुलिस अधीक्षक सागर ने थाना सुरखी जिला सागर के अप. क्र. 149/2021 धारा-4, 6, 9 म.प्र. गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम, धारा-11 म.प्र. कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम एवं धारा 66/192, 81/177 एम. व्ही.एक्ट में जप्तशुदा वाहन ट्रक क्रमांक MP-04-HE-0595 में 40 नग बछड़े गोवंश मवेशी अवैध रूप से क्रूरता पूर्वक भरकर परिवहन करते पाये जाने पर ट्रक एवं ट्रक के साथ चलने वाली मोटर साईकिल पैशन प्रो क्रमांक MP-15-NH-9564 राजसात किया जाना प्रस्तावित किया था जिस पर इस न्यायालय द्वारा प्रकरण पंजीबद्ध कर तथा सुनवायी उपरांत आदेश दिनांक 17.01.2022 पारित कर उक्त वाहनों के विरूद्ध राजसात की कार्यवाही की है।

यह कि इस न्यायालय के आदेश के विरूद्ध अनावेदकगण में आयुक्त सागर संभाग सागर के समक्ष अपील आवेदन पत्र पेश किया। आयुक्त सागर संभाग सागर मे प्र.क. 0971 / अपील / 2021-22 में पारित आदेश दिनांक 14.06.2023 द्वारा इस न्यायालय का आदेश दिनांक 17.01.2022 निरस्त कर प्रकरण में अपीलार्थी को सुनवायी का अवसर प्रदान करते हुये पुन: गुणदोषो पर बोलता हुआ आदेश पारित करने हेतु आदेशित किया है अतएव प्रकरण में आयुक्त सागर संभाग सागर के आदेश के परिपालन में सुनवायी नियत की गई है तदाशय की सूचना अनावेदकगण तथा हितबद्ध पक्षकारों को इस इश्तहार के माध्यम से दी जाती है।

उक्त संबंध में आयुक्त सागर संभाग सागर के अपील प्र.फ. 0971/ अपील / 2021-22 में पारित आदेश दिनांक 14.06.2023 में दिये गये निर्देशों के अनुक्रम में, थाना सुरखी जिला सागर के अप. क्र. 149/2021 धारा-4, 6, 9 म.प्र. गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम, धारा-11 म.प्र. कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम एवं धारा-66/192, 81/177 एम. व्ही एक्ट में जप्तशुदा वाहन ट्रक क्रमांक MP-04-HE- 0595 एवं ट्रक के साथ चलने वाली मोटर साईकिल पेशन प्रो क्रमांक MP-15-NH-9564 के विरूद्ध राजसात की कार्यवाही प्रचलित है। इस संबंध में जिन भी हितबद्ध पक्षकारों को किसी भी प्रकार की कोई दावा, आपत्ति हो या पक्ष रखना चाहते है, तो इस न्यायालय में दिनांक 03/10/23 को उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते है। नियत दिनांक के उपरान्त प्राप्त दावे-आपत्तियों/आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
आज दिनांक...../.../2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी।

जी-20322/23

**कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी**
**जिला सागर ( मध्यप्रदेश )**

# झोलाछाप महिला डॉक्टर की लापरवाही से 55 वर्षीय महिला की मौत



**बल्देवगढ़, देशबन्धु।** पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भेलसी में झोलाछाप डॉक्टरों की लापरवाही से लगातार मौत के मामले सामने आ रहे हैं। बीते कुछ माह पहले ही एक चांदसी डॉक्टर के द्वारा एक महिला को इंजेक्शन लगाने के दौरान मौके पर मौत हो गई थी। जिस पर प्रकरण दर्ज कर लापरवाह चांदसी डॉक्टर को जेल भेजा गया था और मंगलवार सुबह 10 बजे के करीब फिर एक झोलाछाप महिला डॉक्टर के द्वारा 55 वर्षीय महिला को लापरवाही से इंजेक्शन लगाया गया। जिस कारण से उक्त महिला की मौके पर ही मौत हो गई। मृतिका जसोदाबाई रैकवार की बहू ममता रैकवार के द्वारा बताया कि वह अपनी सास का इलाज करने के लिए कसाखेरा हनुमतपुरा से भेलसी चांदसी डॉक्टर धर्मेंद्र श्रीवास्तव के यहां सर्दी, जुकाम एवं खुजली से संबंधित रोग का इलाज कराने के लिए पहुंची थी कि तभी झोलाछाप डॉक्टर धर्मेंद्र श्रीवास्तव की अनुपस्थिति में उसकी पत्नी बन्या श्रीवास्तव के द्वारा टेबल पर उक्त 55 वर्षीय मृतिका को लिटाकर इंजेक्शन लगा दिया इंजेक्शन लगाते ही जसोदाबाई रैकवार की तड़प कर मौके पर मौत हो गई। मौके पर मौजूद लोगों के द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर बल्देवगढ़ पुलिस पहुंची, जिसमें पुलिस ने डॉक्टरी में उपयोग की जाने वाली समस्त सामग्री एवं दवाइयां जप्त की है।

## झोलाछाप डॉक्टर का पूरा परिवार करता है मरीजों का इलाज

एक गांव में देखा जाता है कि चार से पांच झोलाछाप डॉक्टर दुकान खोलकर बैठे हुए हैं। साथ ही इन झोलाछाप डॉक्टरों की अनुपस्थिति में विभिन्न रोगों से संबंधित मरीजों का इलाज उनके परिवार के पूरे सदस्य ही इलाज करने का ठेका ले लेते हैं। यही कारण है कि इस प्रकार की घटनाएं घटित हो रही है। झोलाछाप डॉक्टरों की लापरवाही से भेलसी गांव में हुई 6 मौतें स्वास्थ्य विभाग ने नहीं कोई ठोस कदम उठाया है। भेलसी गांव के लोगों के द्वारा बताया गया कि अभी तक झोलाछाप डॉक्टरों की लापरवाही से 5 से 6 मौतें हो चुकी हैं, लेकिन स्वास्थ्य विभाग के द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता है। जिस कारण से जगह-जगह झोलाछाप डॉक्टर लोगों की जान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।

## स्वास्थ्य विभाग की देखरेख में लोगों की जान के साथ खिलवाड़

जिले में झोलाछाप डॉक्टरों की लापरवाही से कई घटनाएं घटित हुई हैं। कई बार इस प्रकार की घटनाएं समाचार पत्रों के माध्यम से प्रकाशित हुई है, लेकिन कार्यवाही न होने से जगह-जगह झोलाछाप डॉक्टर बिना डिग्री और बिना अनुभव के समस्त रोगों का इलाज कर रहे हैं और बड़े से बड़े दावा करके रोगियों से मोटी रकम भी वसूल लेते हैं। कई डॉक्टर निजी स्वार्थ को पूरा करने के लिए अपनी दवाइयां को चलाते हैं। दवाई की जांच न हो जाए, इसलिए वह उन टैबलेट दवाइयां को पीसकर चूर्ण बनाकर विभिन्न रोगों से संबंधित रोगियों को दावे के साथ रोग को मिटाने के लिए दे देते हैं, लेकिन बेचारे गरीब और असहाय लोग दवाइयों का सेवन कर लेते हैं। जिस कारण से उन्हें कई इन्फेक्शन हो जाते हैं और कई लोगों को इन दवाइयां से अपनी जान गवाना पड़ती है।

## विभाग की लापरवाही हुई उजागर

स्वास्थ्य विभाग की मिलीभगत से ही जगह-जगह झोलाछाप डॉक्टरों की दुकाने खुल रही हैं। कई झोलाछाप डॉक्टर किसी संस्था को पैसा देकर सामान्य डिग्री ले लेते हैं और टेबल कुर्सी डालकर डॉक्टर बनकर बैठ जाते हैं। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा सिर्फ जांच के दावे किए जाते हैं, लेकिन कहीं कोई कार्यवाही नहीं की जाती। शायद स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी को देखते हुए माना जाता है कि यह स्वयं हादसे का इंतजार करते रहते है और जब कोई हादसा हो जाता है, तो एक दूसरे पर पल्ला झाड़ लेते हैं। मंगलवार को 55 वर्षीय महिला की इंजेक्शन लगाने के दौरान हुई मौत के बाद ग्रामीणों में आक्रोश देखा गया और हत्या के प्रकरण दर्ज करने की मांग की गई। मौके पर मौजूद लोगों के द्वारा बताया कि उक्त झोलाछाप डॉक्टर धर्मेंद्र श्रीवास्तव निवासी परगना माझेर ग्राम कोलकाता जो की अपने परिवार के साथ ग्राम भेलसी में अपने मकान में निवास करता था और लोगों से विभिन्न रोगों का इलाज करने के लिए मोटी रकम वसूलता था। मंगलवार को वह किसी काम से बाहर गया हुआ था, तभी उसकी पत्नी के द्वारा जल्दबाजी और लापरवाही पूर्वक इंजेक्शन लगा दिया गया। जिस कारण से महिला की दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर पुलिस पहुंची, पुलिस ने पंचनामा की कार्यवाही कर शव को बल्देवगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनो के सुपुर्द किया गया।

## इनका कहना

उक्त मामले की पुलिस गंभीरता से जांच कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद उचित कार्यवाही की जाएगी, ताकि इस प्रकार के हादसे न हो।

–**अमित साहू,** थाना प्रभारी बल्देवगढ़

मैं अभी बाहर हूं और आपके माध्यम से ही इस बात की जानकारी लगी है। यदि किसी महिला झोलाछाप डॉक्टर के द्वारा इस प्रकार की लापरवाही की गई है, तो टीम गठित कर पूरे मामले की जांच की जाएगी और उचित कार्यवाही की जाएगी।

–**डॉक्टर अभिषेक सिंह सोलंकी**
खंड चिकित्सा अधिकारी, बल्देवगढ़

### पूर्व केन्द्रीय मंत्री यादव ने नेतृत्व में खरगापुर पहुंची यात्रा बोले

# भाजपा के खिलाफ जनता में आक्रोश

**बल्देवगढ़, देशबन्धु।** सोमवार को पूर्व केन्द्रीय एवं पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और बुंदेलखण्ड प्रभारी अरुण यादव के नेतृत्व में निकल जा रही जन आक्रोश यात्रा सोमवार को खरगपुर विधानसभा में पहुंची। जहां पर प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के उपाध्यक्ष पीसीसी डेलिगेट अजय सिंह यादव के नेतृत्व में सैकड़ों वाहनों के साथ रैली के कन्नपुर, पटोरी, लखेरी, पिपरा, मडोरी एवं अन्य जगह पर श्री यादव का पुष्पवर्षा कर एवं फूलमाला पहनकर भव्य स्वागत किया गया। साथ ही नगर खरगापुर में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया गया। अरुण यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की 50 प्रतिशत कमीशन वाली सरकार हैं। भाजपा सरकार में किस तरह से भ्रष्टाचार तंत्र चल रहा है। आम जनता को लूटा जा रहा है पर चाहे पटवारी परीक्षा हो या नर्सिंग परीक्षा हो, सब जगह घोटाला ही घोटाला है। सभी लोग कांग्रेस का साथ दें। कमलनाथ के नेतृत्व में सरकार बनवाये भ्रष्टाचार को कांग्रेस सरकार द्वारा खत्म किया जाएगा। उन्होंने कहा कि




अजय सिंह यादव अच्छी मेहनत कर रहे हैं पार्टी जरूर विचार करेगी।

इस अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव सीपी मित्तल ने भी संबोधित किया एवं आम जनता को कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मध्यप्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के उपाध्यक्ष अजय सिंह यादव ने भारतीय जनता पार्टी सरकार की असफलता को उजागर किया और बताया किस तरह से खरगापुर विधानसभा क्षेत्र में भ्रष्टाचार तंत्र चल रहा है। लूट तंत्र चल रहा है। आम जनता को सभी विभागों में परेशान किया जा रहा है। साथ ही बल्देवगढ़ ब्लॉक की 24 पंचायतो में बानसुजारा नहर के पानी की व्यवस्था का भी आश्वासन दिया। भाजपा द्वारा पिछले चुनाव में किस तरह से झूठे वायदे किए गए थे। यह भी जनता को बताया गया साथ ही खरगापुर क्षेत्र के सभी लोगों से अपने पारिवारिक रिश्ते की बात बताई। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नवीन साहू ने सभी क्षेत्रों में कांग्रेस के पक्ष में समर्थन के लिए अपील की और कांग्रेस की सरकार बनने पर आम जनता की खुशहाली की बात कही। यात्रा के दौरान हजारों नौजवानों ने बड़ी जोश के साथ अजय सिंह यादव एवं कांग्रेस पार्टी के पक्ष में नारेबाजी की इस दौरान अजय सिंह यादव के साथ सैकड़ो वाहनों का काफिला देखने लायक था। इस अवसर पर सह प्रभारी चंद्रिका द्विवेदी, आबिद सिद्दीकी, युवक कांग्रेस जिला अध्यक्ष देवेंद्र भास्कर, सत्येंद्र खरे, विभोर पांडे, इसराइल खान, प्रणव जैसवाल, रमेश जाटव, खुमान रैकवार, मुन्नीलाल यादव, मनमोहन चढ़ार, अवध यादव, नरेंद्र जोशी, शताज मोहमद, महेंद्र यादव, प्रभु रैकवार अरविन्द यादव, रामचरण यादव, राजाराम राय, जगदीश यादव, देवेंद्र यादव, अरविन्द जैन, रमेश यादव साथ ही विधानसभा क्षेत्र के हज़ारो कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कार्यकर्ता भी उपस्थित है।

# रेलवे ट्रैक पर मिला नव विवाहिता का शव, ससुराल पक्ष पर लगाया हत्या का आरोप

**बल्देवगढ़, देशबन्धु।** खरगापुर रेलवे ट्रैक पर नव विवाहिता का क्षत विछत अवस्था में संदिग्ध परिस्थितियों में शव के मिलने से संपूर्ण क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। नव विवाहिता सपना कुशवाहा की मौत पर मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष पर हत्या करने का आरोप लगाया है। जिसमें मृतिका के पिता बारेलाल कुशवाहा ने बताया कि उसकी पुत्री सपना कुशवाहा का विवाह 6 माह पूर्व राजनगर गांव से खरगापुर के माचन मोहल्ला में बिजेंद्र कुशवाहा के साथ हिंदू रीति रिवाज के आधार पर हुआ था और उसकी पुत्री अपनी ससुराल खरगापुर रविवार को विवाह के बाद तीसरी बार घटना के एक दिन पहले ही पहुंचीं थी कि दूसरे दिन सोमवार को शाम 5 बजे खबर आ गई कि सपना कुशवाहा की रेलवे ट्रैक पर ट्रेन से कटकर मौत हो गई है। जब परिजन पहुंचे तो हादसा देखकर दंग रह गए मृतिका के पिता के द्वारा बताया गया कि विवाह के बाद लगातार ससुराल पक्ष के लोगों के द्वारा दहेज की मांग की जा रही थी कि टीवी और फ्रिज चाहिए। घटना से पहले मृतिका के द्वारा अपनी बड़ी बहन को फोन कर बताया था कि ससुराल जनों के द्वारा उसे परेशान किया जा रहा है और उससे कोई भी सदस्य सीधे मुंह बात नहीं कर रहा है। कई बार मृतिका के द्वारा अपने



माता-पिता को भी ससुराल पक्ष के द्वारा किए जा रहे परेशानी की बात बताई, लेकिन मृतिका के माता पिता ने कहा कि समझा बुझा देंगे और कुछ समय बाद सब कुछ ठीक हो जाएगा। उक्त घटना के बाद खरगापुर पुलिस के द्वारा शव को बल्देवगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, लेकिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला डॉक्टर के न होने के कारण मृतिका के शव को टीकमगढ़ जिला चिकित्सालय पोस्ट मार्टम के लिए भेजा गया वहीं खरगापुर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में ले लिया है।

# विशाल काफिले के साथ दिगौड़ा पहुंची जन आक्रोश यात्रा, सड़कों पर उमड़ा सैलाब

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में बीजेपी की जन आशीर्वाद यात्रा के जवाब में निकाली जा रही कांग्रेस की जन आक्रोश यात्रा मंगलवार की देर शाम दिन पृथ्वीपुर विधानसभा के दिगौड़ा में पहुंची। इस यात्रा में पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव व पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह मुख्य रूप से मौजूद रहे। यहां कांग्रेस के नीतेंद्र सिंह राठौर के नेतृत्व में विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने यात्रा में शामिल कांग्रेस नेताओं का जोरदार स्वागत किया। विधानसभा क्षेत्र के पृथ्वीपुर, मड़िया, विरोरा, जेवरा से होते हुए जन आक्रोश यात्रा दिगौड़ा नगर में पहुंची। यहां अंबेडकर प्रतिमा के पास आयोजित कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंत्री अरुण यादव ने कहा कि भाजपा 18 साल से जनता के शोषण के बाद जन आशीर्वाद निकाल रही है, लेकिन इस बार जनता का आक्रोश है, इसलिए हम जनाक्रोश यात्रा निकाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि एमपी में महिलाएं असुरक्षित है। चौतरफा भ्रष्टाचार है। राज्य सरकार का खजाना खाली है। शिवराज घोषणा पर घोषणा कर रहे हैं। वर्तमान में इतना कर्ज लाद दिया है कि उतारना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि मुझे पता है कि भाजपा को प्रदेश की जनता अब नकार चुकी है। इतने भ्रष्टाचार हुए हैं जो जनता के सामने हैं। देश के बेरोजगार युवाओं का भविष्य गर्त में पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि इस बार मध्य प्रदेश में पूर्ण बहुमत के साथ कांग्रेस की सरकार बनेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रकाश दांगी, ब्लॉक अध्यक्ष निहाल सिंह घोष, भगवान सिंह बुंदेला, डॉ विष्णु राय, ज्ञासी प्रसाद सोनी, लोकेंद्र सिंह बुंदेला, समेत सैकड़ो की संख्या में स्थानीय समर्थक एवं कार्यकर्ताओं के नाम शामिल है।



# 68 लीटर अवैध शराब सहित आरोपी गिरफ्तार

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा अवैध शराब विक्रय एवं परिवहन करने वालों पर कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम एवं एसडीओपी राहुल कटरे के मार्गदर्शन में थाना देहात पुलिस को जरिये मुखविर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम धजरई में एक व्यक्ति अपने मकान के सामने आंगनबाड़ी केंद्र की दीवाल के पास अवैध रूप से अधिक मात्रा में देशी महुआ की शराब बेच रहा है, मुखविर की सूचना की तस्दीक हेतु मुखविर के बताये स्थान पर पहुंचे तो एक व्यक्ति घर के बाहर आंगनबाड़ी केंद्र की दीवाल के पास प्लास्टिक के चार 15-15 लीटर के डिब्बे एवं दो 5-5 लीटर की कुप्पी रखे दिखा जो पुलिस की गाड़ी को आता देख डिब्बे लेकर भागने का प्रयास करने लगा, जिसे हमराह स्टाफ की मदद से घेराबंदी कर पकड़ा व उससे नाम पता पूछा गया, तो उसने अपना नाम राहुल पिता पूरन लोधी उम्र 36 साल निवासी ग्राम धजरई थाना देहात का बताया, डिब्बो को चौक किया गया जो चार डब्बे 15-15 लीटर के फुल ऊपर तक भरे एवं 2 कुप्पी 5-5 लीटर की जो एक फुल ऊपर तक भरी एवं एक



# चोरी गई ट्रॉली बरामद आरोपी गिरफ्तार

टीकमगढ़, देशबन्धु। फरियादी पुष्पेन्द्र तिवारी पुत्र हरनारायण तिवारी निवासी ग्राम बरखिरिया ने थाने में रिपोर्ट कराई कि 13 सितम्बर की रात्रि मे मेरी ट्राली हमेशा की तरह मेरे बाडे मे रखी थी। सुबह 8 बजे लगभग बाडे मे गया, तो ट्राली नही मिली आस-पास जानकारी करने पर कोई पता नही चला कोई अज्ञात चोर उक्त दिनांक की रात्रि मे मेरी ट्राली चोरी कर ले गये। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर मामले को विवेचना में लिया। निरीक्षक आनंद राज थाना प्रभारी कोतवाली टीकमगढ़ के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई जिसमें उनि. अजय प्रताप सिंह चौकी प्रभारी खिरिया, संजीव यादव, आनंद सुडेले, सुनील राय, अरविंद राय ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आरोपी देवेन्द्र पिता रामसेवक यादव नि. नैगुवा के कब्जे से उक्त चोरी गई ट्राली जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय टीकमगढ पेश किया गया।

# आगामी त्यौहारों को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन

**बल्देवगढ़, देशबन्धु।** पुलिस थाना परिसर में आगामी त्यौहारों को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इसमें तहसीलदार पीयूष दीक्षित के द्वारा बताया गया कि मुस्लिम समाज के द्वारा ईद मिलादुन्नबी पर संपूर्ण नगर में जुलूस निकाला जाएगा। साथ ही इसी दिन हिंदू समाज के द्वारा गणेश विसर्जन का आयोजन किया जाएगा। उक्त दोनों आगामी त्योहारों को लेकर तहसीलदार पियूष दीक्षित के द्वारा समस्त हिंदू उत्सव कमेटी एवं मुस्लिम समाज के सदर रशीद खान, रज्जन खान एवं समस्त लोगों को समझाइस दी गई कि सभी अपने-अपने धार्मिक त्योहारों को हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ शांति और सौहार्द के साथ मनाये किसी प्रकार से कोई वाद विवाद की स्थिति पैदा न हो। इस अवसर पर पुलिस थाना प्रभारी अमित साहू के द्वारा बताया गया कि सभी गणेश उत्सव समिति के लोग शाम 7 बजे के बाद गणेश विसर्जन के लिए निकलेंगे और इसके पहले दोपहर 2 बजे से 7 के बीच मुस्लिम समाज के लोगों के द्वारा जुलूस निकाला जाएगा। साथ ही माहौल खराब करने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही बाउंड ओवर किए गए लोगों को सख्त चेतावनी दी गई है कि यदि किसी प्रकार से धार्मिक त्योहारों में उपद्रव किया जाता है, तो उनके ऊपर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर पीयूष दीक्षित के द्वारा संपूर्ण नगर में नगर परिषद एवं विद्युत विभाग के कर्मचारियों को बिजली की व्यवस्था, साफ-सफाई को लेकर विशेष ध्यान देने की बात कही। इस अवसर पर समस्त विभागों के अधिकारी कर्मचारी एवं नगर के गणमान्य नागरिक, हिंदू गणेश उत्सव समिति के कार्यकर्ता एवं मुस्लिम समाज से अधिक संख्या में लोग शामिल हुए।



# हिंसकों को अहिंसक बनाकर जीवों की रक्षा करने की प्रेरणा दे: हीरक सागर

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** बुंदेलखंड के हजारों वर्ष प्राचीन अतिशय क्षेत्र बंधाजी में मुनि 108 विनम्र सागर महाराज, मुनि निस्वार्थ सागर, निर्मद सागर, मुनि निसर्ग सागर, मुनिश्री श्रवण सागर एवं 105 छुल्लक हीरक सागर महाराज का चतुर्मास चल रहा है। मुनि संघ पिछले 6 माह से बंधाजी की पावन धरा पर विराजमान है। 6 महीने से लगातार पूर्णमासी मंगल काम कलश स्थापना प्रत्येक माह की पूर्णमासी के दिन हो रही है। इस माह 30 सितंबर को पूर्णमासी कलश की स्थापना मुनि संघ के मंगल सानिध्य में होगी। प्रदीप जैन बम्होरी ने बताया कि 19 सितंबर से 10 लक्षण पर्व चल रहे हैं। गुरुवार को अनंत चतुर्दशी के साथ पर्यूषण पर्व का समापन होगा। अतिशय क्षेत्र बंधाजी में मुनि विनम्रसागर महाराज के प्रतिदिन प्रवचन हो रहे हैं। मंगलवार को 10 लक्षण पर्व का आठवां दिन उत्तम त्याग धर्म मनाया गया। प्रात: 6.30 बजे से मूलनायक अजितनाथ भगवान का अभिषेक एवं शांति धारा संपन्न हुई। इसके पश्चात विनय पाठ, देव शास्त्र गुरु पूजन, अजितनाथ पूजन, सोलहकारण पूजन, नंदीश्वर पूजन अंत में 10 लक्षण पूजन हुई। इसके बाद आचार्य विद्यासागर महाराज की पूजन संपन्न हुई। 9 बजे से मुनिश्री के मंगल प्रवचन शुरू हुए। मुनि विनम्र सागर महाराज ने कहा आज उत्तम त्याग का दिन है। आचार्य विद्यासागर कहते हैं कि अपने ऊपर भी और दूसरे के लिए जो किया जा रहा है, उसे त्याग कहते हैं। दादा गुरु ज्ञान सागर त्याग धर्म की महिमा बतलाते हुए कहते हैं कि गाय अपना दूध परोपकार के लिए, वृक्ष अपना फल परोपकार के लिए, नदी अपना जल परोपकार के लिए देते हैं। मुनि श्री ने कहा और जितनी महान विभूतियां हैं वह अपना सर्वस्व परोपकार के लिए त्याग कर देते हैं। पूज्य गुरुदेव त्याग धर्म के दिन अहिंसा और गौ सेवा की बात करते हैं। देश भर में चलने वाली 250 गौशालाओं के आचार्य विद्यासागर महाराज आशीर्वाद प्रदाता हैं। आचार्य विद्यासागर महाराज ने गौ माता एवं पशु संवर्धन एवं संरक्षण के लिए अनेक कार्य किए हैं। आचार्य गौ सेवा के लिए त्याग धर्म को परिलक्षित करते हैं। मुनि श्री ने कहा कि मुनिराज अपने पास आये हुये जीवों की रक्षा करते हुए उनको अभयदान देते हैं। हिंसकों को अहिंसक बनाकर जीवों की रक्षा करने की प्रेरणा देते हैं, वह इस तरह वे सबको अभयदान करते हैं। अपने पास आने वाले प्रत्येक स्त्री-पुरुष को आत्मा, अनात्मा, परमात्मा, बंध मोक्ष का, पुण्य पाप का ज्ञान कराते हैं, सुगति दुर्गति जाने का बोध कराते हैं, भक्ष्य अभक्ष्य का भेद समझाते हैं। सबको दान करते रहते हैं।



## सार समाचार

### राकेश बने सेवादल के जिला सचिव

**दमोह देशबन्धु।** जिला कांग्रेस सेवादल कमेटी द्वारा जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रतनचंद जैन, विधायक अजय टंडन, प्रदेश कांग्रेस महामंत्री मनु मिश्रा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष कोमल अहिरवार की अनुशंसा पर जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष वीरेन्द्र राजपूत द्वारा दपरिया के युवा राकेश राय का जिला कांग्रेस सेवादल का सचिव नियुक्त किया गया है उनके मनोनयन पर सतीश जैन, आशीष पटेल, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, भूपेन्द्र अजवानी, अजय सरवरिया, अरूण मिश्रा, अनिल मिश्रा, अनिल जैन सहित कांग्रेस के मंडलम सेक्टर सहित कांग्रेस जनों के बधाई दी है।

### नि:शुल्क नेत्र शिविर आयोजित

दमोह देशबन्धु। साकेत धाम में नि:शुल्क नेत्र शिविर का पुन: तृतीय बार आयोजन जिसमें श्री महंत श्री श्रीभगवान वेदांताचार्य जी के द्वारा सदूरु सेवा संघ ट्रस्ट जानकी कुंड चित्रकूट के सहयोग से नि:शुल्क नेत्र परीक्षण कर लोगो को लाभान्वित किया जा रहा है जिसका शुभारंभ दीप प्रज्वलित एवं पुष्पहार से किया गया। शिविर में डा. शुभम मिश्रा एवं उनकी टीम द्वारा 223 ओपीडी लगभग 150 से अधिक मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया। साथ ही मरीज को दवाई एवं चश्मे का वितरण किया गया। मोतियाबिंद के 32 मरीजों को आपरेशन हेतु बस द्वारा चित्रकूट ले जाया गया। शिविर में श्याम सुंदर गुप्ता, उमाशंकर चौरसिया, अभय खरे, अजय दीक्षित ओम गुरु, श्री वेद प्रकाश पाठक, घनश्याम चौरसिया, विनायक, सूर्या की उपस्थिति रही। जिसमे महामंगल सेवा समिति एवं श्रीजी विद्यालय के तत्वाधान में पदाधिकारियों की महती भूमिका रही जो दमोह जिले के मरीजों की सेवा में समर्पित है और नेत्र ज्योति जागृति रूपी अभियान अभियान को निर्विधन रूप से गति प्रदान कर रहे है।

# अवैध कॉलोनी पर निर्माण संबंधित रोक के बाद रजिस्ट्री पर भी रोक लगाने लगाई आपत्ति

**दमोह देशबन्धु।** पूर्व में ऐतिहासिक धरोहर के रूप में पंजीकृत फुटेरा तालाब के विनिमायक क्षेत्र पर आशीर्वाद कंस्ट्रक्शन फर्म द्वारा बनाई जा रही अवैध कॉलोनी एवं नियम विरुद्ध किये गए निर्माण संबंधित शिकायत के बाद प्रशासन ने किसी भी निर्माण पर रोक लगा दी है, जिसकी कार्यवाही एवं जाँच अभी चल रही हैं, पर इस भूमि पर अवैध कॉलोनी बना रहे आशीर्वाद इंटरप्राइजेज फर्म के लोग इस अवैध कॉलोनी के प्लॉट विक्रय के एवज में एडवांस ले रहे हैं, इन मध्यम एवं निम्न वर्ग के क्रेताओं को भूमि प्लाट पर निर्माण संबंधित नियम की कोई जानकारी दिए बिना उनसे एडवांस बुकिंग के नाम पर रकम बसूली जा रही हैं, ये निम्न एवं गरीब वर्ग के क्रेता है ये अपने जीवन भर की जमा पूंजी इस अवैध कॉलोनी में महँगे प्लॉट खरीदने में लगा रहे हैं, जो भविष्य में इनके ऊपर बड़ा प्रशासनिक और आर्थिक संकट खड़ा कर सकता है, भ्रम में रखकर एवं निर्माण संबंधित नियम खरीददारों को न बताकर ये चतुर भू माफिया प्लेटों बेचकर सारा मामला, प्लाट खरिदने वाले लोगों पर डालकर इस कार्यवाही से बाहर निकलना चाहते हैं, उक्त विषय कि जानकारी लगने पर फुटेरा तालाब संरक्षण समिति के सदस्य नितेश प्यासी ने विवादित अवैध भूमि की खरीदफरोख्त और गरीब क्रेताओं को अवैध भूमि खरीदने से बचाने हेतु, जिला कलेक्टर एवं रजिस्ट्रार को लिखित शिकायत देकर खसरा क्रमांक 1140, 1141 और 1143 के प्लेटों पर रजिस्ट्री आफिस में आपत्ति लगाने हेतु आवेदन दिया है, जिससे कि आशीर्वाद कंस्ट्रक्शन फर्म के संचालक गरीबों को विवादित जमीन बेचकर चुना न लगा पाए।

# पूर्व जिला रजिस्टार आर.डी. वर्मा ने ली कांग्रेस की सदस्यता

**दमोह देशबन्धु।** पूर्व जिला रजिस्टार आर डी. वर्मा ने कांग्रेस की विचारधारा से प्रेरित होकर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रतनचंद जैन, विधायक अजय टंडन की अनुशंसा पर कांग्रेस के समाज कल्याण प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डीपी पटेल द्वारा कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया है जिसका नियुक्ति पत्र कांग्रेस के राज्यसभा सांसद एवं पूर्व मंत्री राजमणि पटेल के दमोह आगमन पर सर्किट हाउस में सादर समारोह में कांग्रेस नेता प्रदीप पटेल संगठन मंत्री बैजनाथ पटेल कुर्मी समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदेश कांग्रेस सचिव मानक पटेल, बसंत कुशवाहा, जिला सह प्रभारी पवन पटेल, बाबूलाल पटेल, अजय जाटव, राजेंद्र सिंह, राजाराम पटेल की उपस्थिति में नियुक्ति प्रदान की गई। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद राजमणि पटेल ने कहा कि बुद्धिजीवी वर्ग कांग्रेस पार्टी में जुड़ना इस बात का संकेत है भारतीय जनता पार्टी जिस तरह रेवड़ियां बताकर केंद्रीय मंत्री को विधानसभा चुनाव की टिकट देकर पुन: सत्ता में आने के लिए झटपट आ रही है लेकिन जनता उनके मंसूबे विफल कर देगी।

# संभाग स्तरीय सी.एम. राइज शिक्षकों के 5 दिवसीय प्रशिक्षण का समापन



**दमोह देशबन्धु।** शासन की महत्वाकांक्षी सी.एम. राइज विद्यालय योजना के अंतर्गत इन विद्यालयों में अध्यापन कराने वाले माध्यमिक विभाग के शिक्षकों के उन्मुखीकरण हेतु स्थानीय होटल दमोह के सभागार में सागर संभाग के सागर, दमोह, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़ एवं निवाड़ी आदि जिलों से आए शिक्षको ने 22 सितंबर से 26 सितंबर तक आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में जीवन कौशल उमंग पर आधारित प्रशिक्षण प्राप्त किया। संयुक्त संचालक सागर डॉ मनीष वर्मा के निर्देशन एवं सहायक संचालक डॉक्टर आशुतोष गोस्वामी के मार्गदर्शन में यह प्रशिक्षण लगातार 5 दिन तक सफलतापूर्वक संचालित किया गया। पांचवें दिन राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक एवं कन्या अभाना के प्राचार्य डॉक्टर आलोक सोनवलकर द्वारा नई शिक्षा नीति पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया गया, जो सभी प्रशिक्षणर्थियों के लिए काफी ज्ञानवर्धक रहा। समापन अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी एस के नेमा ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि 5 दिनों तक मास्टर ट्रेनर्स द्वारा जो मेहनत आप लोगों के साथ की है आप उसे अपने विद्यार्थियों के बीच साझा करें तथा आने वाली पीढ़ी को नवाचारों के साथ आगे बढ़ाने के नए-नए अवसर दें। अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक एस के असाटी एवं सहायक परियोजना समन्वयक मोहन राय ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर सभी मास्टर ट्रेनर रेशमा मिंज, विवेचना मिश्रा, राकेश खरे, जीतेन्द्र सूत्रकार एवं सभी प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के समन्वय में नेहा गौतम एवं मनीषा द्विवेदी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## मतदाता जागरुकता अभियान: महाविद्यालय जबेरा में छात्र-छात्राओं को किया गया जागरूक



**दमोह देशबन्धु।** शासकीय महाविद्यालय जबेरा में आगामी विधानसभा चुनाव हेतु मतदाता जागरुकता अभियान अंतर्गत कॉलेज परिसर मे मानव श्रृंखला बनाकर छात्र-छात्राओं को मतदान से संबंधित जानकारी प्रदान की गयी और मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने अपनी सहभागिता निभाई।

# वार्ड एवं ग्राम पंचायत स्तरीय समितियों के अध्यक्षों, सह सदस्यों का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**दमोह देशबन्धु।** जिला न्यायाधीश अम्बुज पाण्डेय के निर्देशन में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग संजीव कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में मिशन वात्सल्य अंतर्गत जिले में बाल संरक्षण समितियों का गठन एवं इनका उन्मुखीकरण हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के एडीआर भवन में वार्ड एवं ग्राम पंचायत स्तरीय समितियों के अध्यक्षों, सह सदस्यों का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में जिला न्यायाधीश अम्बुज पाण्डेय ने कहा दमोह जिले को बाल संरक्षण मय एवं बाल हितेषी बनाना है तो इन समितियों को गतिशील एवं सक्रिय होकर कार्य करना होगा एवं ग्राम का सर्वे कर यदि कोई वंचित बच्चे, बाल विवाह होने की आशंका, बाल श्रम या बाल भिक्षा वृत्ति में संलग्न बच्चों की पहचान कर नियमित बैठकों के माध्यम से समितियों को विकासखंड स्तरीय समितियों एवं जिला बाल संरक्षण एवं कल्याण समितियों को अवगत कराते हुए, इन्हें सामाजिक एवं आर्थिक योजनाओं से जोड़कर इनका पुनर्वास कराना होगा। कार्यक्रम के मुख्य प्रशिक्षक शालीन शर्मा, सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पीपीटी के माध्यम से सर्वप्रथम बाल संरक्षण समितियों के संचानंलाय से प्राप्त आदेश के अनुसार समितियों का गठन एवं इसके दायित्वों व कार्यो को विस्तार से बताया गया। बाल अधिकार, बाल विधि तथा दैनिक जीवन में बच्चों से जुड़ी परिस्थितियों में समिति की भूमिका के बारे में उदाहरणों के माध्यम से परस्पर चर्चा से प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही प्रश्नोत्तर काल में प्रतिभागियों की विभिन्न शंकाओं का समाधान भी किया गया।

# क्विज मास्टर एवं मास्टर ट्रेनर का भोपाल में हुआ प्रशिक्षण



**दमोह देशबन्धु।** पर्यावरण एवं समन्वय संगठन ऐपको भोपाल में पर्यावरणीय गतिविधियों को बढ़ावा देने मोगली महोत्सव के जिला एवं राज्य स्तरीय आयोजन की रूपरेखा तैयार करने के उद्देश्य से क्विज मास्टर एवं मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण भोपाल में संपन्न हुआ। दमोह जिले से क्विज मास्टर सहायक परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय दमोह मोहन राय एवं मास्टर ट्रेनर के रूप में प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चोपरा नरपाल सिंह ठाकुर ने सहभागिता निभाई। इस अवसर पर विभिन्न पर्यावरणीय गतिविधियों के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका के लिए कार्यपालन यंत्री ऐपको भोपाल मनोहर पाटिल द्वारा क्विज मास्टर एवं मास्टर ट्रेनर को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

## कषाय व मिथ्यात का त्याग करना त्याग धर्म है: निर्मलमति



**दमोह/पथरिया देशबन्धु।** आचार्यश्री विधासागर मुनि महाराज हरकरधा भवन में पर्यूषण पर्व के आठवें दिन पर्यूषण महापर्व पर मंगलवार को निर्मलमति माताजी ने कहा उत्तम त्याग किसी वस्तु विशेष को छोड़ना, तन से और मन से संग्रह करना उचित है लेकिन उसके साथ में अपने भीतर उदारता और अनुग्रह का समावेश भी करना चाहिए। सांसारिक जीवन में रहते हुए आंशिक त्याग करें। धन की तीन गति होती है। दान, भोग और नाश। इसमें से सबसे उत्तम गति दान की है। धन का दान, धन द्वारा अन्य वस्तु, दवाई, वस्त्र आदि का दान अच्छा माना जाता है दूसरी गति भोग है जो भी धन आपके पास है। उसका उचित भोग करना, अपने घर का निर्माण, बच्चों की शिक्षा, विवाह, प्रतिदिन जीवन में वस्तुओं का संग्रह तथा जीवन को सुख पूर्वक बिताने के लिए अपने धन का उपयोग करना श्रेष्ठ है लेकिन जो दान और भोग नहीं करता उसका धन नष्ट हो जाता, चोरी हो जाता है।

## स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल का किया निरीक्षण



**पन्ना, देशबन्धु।** कलेक्टर हरजिंदर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा ने विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत आज शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना पहुंचकर स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान यहां प्रवेश व निकासी व्यवस्था, प्रेक्षक सहित अन्य कक्ष की व्यवस्था, विधानसभावार मतगणना कक्ष इत्यादि का जायजा लिया और ईव्हीएम एवं कर्मचारियों की सुरक्षा व्यवस्था, बेरीकेट्स, बैठक व्यवस्था, टेण्ट व पण्डाल, काउंटिंग प्लान के संबंध में चर्चा की। अधिकारीद्वय ने ईव्हीएम सीलिंग, टेबुलेशन, आवागमन व्यवस्था के संबंध में भी जानकारी ली। साथ ही मतदान सामग्री वितरण व वापसी के लिए आवश्यक इंतजाम की व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। मतदान दलों के रवाना स्थल और पार्किंग स्थल भी देखा। इस दौरान अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र, एसडीएम अशोक अवस्थी सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

## खनिज मंत्री बृहस्पति कुण्ड में विकास कार्यों का करेंगे भूमिपूजन



पन्ना, देशबन्धु। खनिज साधन एवं श्रम मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह बुधवार 27 सितम्बर को दोपहर 1 बजे लवकुश वाटिका पन्ना एवं 2.30 बजे गांधी ग्राम-कल्याणपुर सड़क के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके उपरांत 3.30 बजे बृहस्पति कुण्ड पन्ना में पर्यटन विकास निगम द्वारा विकसित विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन करेंगे और 4.30 बजे ग्राम दिया के स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होकर 5.30 बजे सतना रवाना होंगे।

# दलित महापंचायत ने मांगों को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा




**दमोह देशबन्धु।** डॉ. अम्बेडकर परिनिर्वाण भूमि सम्मान कार्यक्रम समिति नेशनल दलित महापंचायत दमोह के तत्वाधान में धरना प्रदर्शन कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। जिसमें विभिन्न मांगे कलेक्टर के समक्ष रखी जैसे दिल्ली में निर्मित नये ससंद भवन का नाम डॉ.अंबेडकर संसद भवन रखा जाये, देश के सभी राज्यों के विधानसभा में डॉ.अंबेडकर जी आदमकद प्रतिमा लगाई जाये, हमारे राज्य मप्र विधानसभा में भी बाबा साहब की आदमकद प्रतिमा लगाई जाये। बाबा साहब की जन्मभूमि महू को निकट की दस एकड़ भूमि आबंटन की जाये। बाबा साहब की परिनिर्माण भूमि दिल्ली के निकट के आठ बंगले और राजघाट जैसे सम्मान दिया जाने हेतु संसद से एक्ट पास किया जाये। वर्ष 2010 में उज्जैन के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मप्र द्वारा की गयी घोषणा के अनुसार सौ करोड़ का भव्य रविदास स्मारक तथा संत रविदास विश्वविघालय उज्जैन मप्र में बनाया जाये। भारतीय संविधान का अपमान एवं बदलने की मांग करने वाले तथा आरक्षण एवं एससी एसटी एक्ट्रोसिटी एक्ट खत्म करने की मांग को राष्ट्रदोही अपराध घोषित किया जाये, स्थानीय मांग बजरिया वार्ड नं.6 में बनाये गये मंगल भवन जीर्ण छीर्ण हो गया है तथा स्थानीय व्यक्तियों द्वारा भूमि पर कब्जा कर लिया गया है जिससे तत्काल हटाया जाये एवं उसमें व्यक्ति विशेष कब्जा किये हुये है उसे रिक्त कराकर उसकी सम्पूर्ण मरम्मत कराई जाकर समाज को सौंपा जाये। चौनपुरा दमोह में चमड़ा फैक्ट्ररी की भूमि पर संत शिरोमणि रविदास जी की धर्मशाला का निर्माण कराया जायें तथा कार्यक्रमों हेतु उक्त भूमि को आवंटित की जायें। ज्ञापन सौंपने वालों में राजकुमार भारती, सीताराम भारती सहित बड़ी संख्या में संगठन के सदस्यों की उपस्थिति रहीं।

## नि:शुल्क भव्य एवं दिव्य योग जनजागरण शिविर को लेकर बैठक सम्पन्न

**दमोह देशबन्धु।** आगामी 5 अक्टूबर को पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से श्रद्धेय स्वामी रामदेव जी महाराज के कृपा पात्र एवं पतंजलि योगपीठ के मुख्य केंद्रीय प्रभारी श्रद्धेय स्वामी परमार्थ देव का आगमन दमोह में हो रहा है नि:शुल्क भव्य एवं दिव्य योग जनजागरण शिविर स्थानीय तहसील ग्राउंड में आयोजित होगा। जिसकी तैयारी के लिए महिला पतंजलि योग समिति की बैठक की गई। इस अवसर पर पतंजलि योग समिति के अध्यक्ष पंडित कृष्ण कुमार परोहा, भारत स्वाभिमान के अध्यक्ष डॉ रशीद खान पतंजलि से हरिराम राय, के एल साहू , महिला पतंजलि योग समिति से अनीता साहू, शांता कोटवानी, सरला कोटवानी नीता कोटवानी , महिला पतंजलि की कोषाध्यक्ष श्रीमती लीला सोनी की उपस्थिति रही। जिसमें दमोह जिले में महिलाओं एवं युवतियों को योग शिविर में विशेष सहभागिता की योजना बनाई गई। आभार प्रदर्शन सरस्वती धुर्वे ने किया।

### कर्मचारी संगठनों ने किया हंगामा, आरोपी को छुड़ाने का करते रहे प्रयास

# 3 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ाया पन्ना टाइगर रिजर्व का लिपिक



**पन्ना, देशबन्धु।** जिले में पन्ना टाइगर रिजर्व के लेखापाल रमेश शुक्ला को लोकायुक्त पुलिस सागर की टीम ने तीन हजार रूपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। सुरक्षा श्रमिक बृजेश रैकवार से मानदेय वृद्धि आदेश पर कार्रवाई के एवज में रिश्वत की मांग करने का आरोप है। लेखापाल रमेश शुक्ला के आवास पर ट्रैप कार्रवाई की गई। लेखापाल को हिरासत में लेने के बाद आगे की कार्रवाई के लिए लोकायुक्त पुलिस उन्हें पन्ना टाइगर रिजर्व कार्यालय ले गई। जहां वन कर्मचारी संघ एवं तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ से जुड़े वन कर्मियों एवं अन्य कर्मचारियों ने पहुंचकर कार्रवाई को फर्जी बताते हुए कड़ा विरोध जताया। तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ पन्ना के जिला अध्यक्ष बीपी परौहा एवं वन कर्मचारी संघ पन्ना के जिला अध्यक्ष महीप कुमार रावत ने बताया कि सुरक्षा श्रमिक बृजेश रैकवार ने लेखापाल रमेश शुक्ला से अपने पिता के इलाज के लिए बीस हजार रुपए उधार लिए थे। रुपए वापस मांगने पर लेखापाल श्री शुक्ला की झूठी शिकायत कर सुनियोजित तरीके से रिश्वत के आरोप में फंसाया गया है। जबकि लोकायुक्त पुलिस के डीएसपी राजेश खेड़े ने पत्रकारों को बताया कि लेखापाल रमेश शुक्ला के द्वारा सुरक्षा श्रमिक बृजेश रैकवार से रिश्वत की मांग करने संबंधी पुख्ता साक्ष्य उनके पास मौजूद हैं। जिसके आधार पर ट्रैप कार्रवाई की गई है। लोकायुक्त की ट्रैप कार्रवाई को फर्जी बताते हुए कर्मचारियों के द्वारा हंगामा करने से पन्ना टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक कार्यालय में कुछ देर तक तनावपूर्ण स्थिति निर्मित रही। लोकायुक्त पुलिस टीम ने एहतियात के तौर पर सहयोग के लिए पन्ना पुलिस को मौके पर बुलाया। उक्त कार्यवाही में लोकायुक्त की टीम मे डीएसपी राजेश खेडे तथा उनकी टीम शामिल रही।

# डेंगू, मलेरिया से लगातार हो रही मौतें, स्वास्थ विभाग बरत रहा लापरवाही

### कांग्रेस ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**पन्ना, देशबन्धु।** जिले में फैले डेगू मलेरिया के कारण हो रही मृत्यु एवं प्लाज्मा सेपरेशन मशीन की जिला चिकित्सालय में स्थापना को लेकर कांग्रेस द्वारा कलेक्टर पन्ना हरजिंदर सिंह को ज्ञापन सौंप डेगू से निपटने व उचित व्यवस्थाएं करने की मांग की है। ज्ञापन के माध्यम से बताया कि जिले में डेंगू और मलेरिया के कारण कई जानें निरंतर जा रही हैं, पन्ना जिला चिकित्सालय में हो रही जांचों में डेंगू की रिपोर्ट नहीं आ रही है और प्लेटलेट्स निरंतर घट रहे हैं। बाहर जाकर जांच कराने पर डेंगू की पुष्टि हो रही है। जिसके कारण असमय लोगों की जान जा रही है। जिसमें मलेरिया विभाग, जिला चिकित्सालय एवं नगरपालिका द्वारा अहतियातन कोई कार्य नहीं किया जा रहा है न दवाई छिड़की जा रही है, न जनता को जागरुक किया जा रहा है। पन्ना जिले में प्लाज्मा सेपरेशन मशीन न होने के कारण भी कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है और लोगों को मजबूरी में बाहर जाना पड़ता है। अन्य जिला चिकित्सालयों में प्लाज्मा सेपरेशन मशीन स्थापित है परन्तु पन्ना में यह व्यवस्था नहीं है। जबकि यह पिछड़ा जिला है, लोगों की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है जिसके कारण लोगों को बहुत समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है और लोगों की असमय मृत्यु हो रही हैं। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि शीघ्र नगरपालिका परिषद पन्ना एवं जिला चिकित्सालय पन्ना को आदेशित करें कि तुरन्त दवाई का छिड़काव हो एवं जिला चिकित्सालय में वास्तविक जांच हों, जिससे लोगों को सही समय पर सही इलाज मिल सके। ज्ञापन सौपने वालों में मुख्य रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवजीत सिंह, पूर्व विधायक श्रीकांत दुबे, राजेश तिवारी, जगतपाल सिंह, रेहान मोहम्मद, वैभव थापक, मृगेन्द्र सिंह गहरवार, भूपेन्द्र सिंह, राजबहादुर पटेल आदि उपस्थित रहे।

# मासूम का शव लेकर बण्डा आ रही एंबुलेंस ट्राले से टकराई, बच्चे की दादी और ड्राइवर की मौत

**बण्डा, देशबन्धु।** भोपाल के एम्स हॉस्पिटल से शव लेकर बण्डा आ रही एक एंबुलेंस क्रॉसिंग पर ट्राले से टकरा गई। हादसे में बच्चों की दादी और एंबुलेंस ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बच्चे के पिता सहित दो अन्य लोग घायल हो गए। घटना रायसेन-साची रोड के पास कौड़ी गांव की है। पुलिस ने 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों को भोपाल रेफर किया है। मासूम बच्चे का शव लेकर सागर के बण्डा आ रही एंबुलेंस रायसेन-सांची रोड पर कौड़ी गांव के पास पीछे से ट्राले में जा घुसी। हादसे में एंबुलेंस में सवार बच्चे की दादी जयंती मिश्रा और एंबुलेंस ड्राइवर अरबाज खान की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बच्चे के पिता विकास मिश्रा और अन्य दो परिजन गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए भोपाल रेफर किया है। घटना मंगलवार सुबह की बताई जा रही है। परिवार के लोग सागर के ग्राम भेड़ाखास के रहने वाले हैं। बच्चे को किडनी प्रॉब्लम होने के चलते परिजन इलाज के लिए भोपाल ले गए थे, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बच्चे के परिजन शव लेकर एंबुलेंस से सागर के बंडा लौट रहे थे तभी रायसेन के पास एंबुलेंस एक ट्राले से टकरा गई और दादी सहित ड्राइवर की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए।



### ड्राइवर को आई नींद, सहायक चला रहा था एंबुलेंस

जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि एंबुलेंस ड्राइवर को नींद आने से उसने अपने सहायक एंबुलेंस चालक को एंबुलेंस चलाने के लिए दे दी थी और खुद साइड वाली सीट पर सो गया था इसी दौरान रायसेन के पास क्रॉसिंग के दौरान एंबुलेंस ट्राले में पीछे से घुस गई हादसे में एंबुलेंस चकनाचूर हो गई। एंबुलेंस में बच्चे का शव सहित पांच लोग सवार थे जो अंदर ही दब गए हादसे में बच्चे की दादी, एंबुलेंस चालक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद एंबुलेंस का ड्राइवर फरार है पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मंत्री गोपाल भार्गव उत्कृष्ट मंत्री पुरस्कार से सम्मानित



**सागर, देशबन्धु।** लोक निर्माण मंत्री और रहली के विधायक पं. गोपाल भार्गव को भोपाल में मप्र विधानसभा सचिवालय द्वारा मप्र के प्रथम मुख्यमंत्री पं. रविशंकर शुक्ल की स्मृति में स्थापित उत्कृष्ट मंत्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम ने पं. गोपाल भार्गव को पं. रविशंकर शुक्ल की स्मृति में स्थापित किए गए सर्वश्रेष्ठ मंत्री पुरस्कार से सम्मानित किया। श्री गौतम ने कहा कि पिछले 40 वर्षों से श्री भार्गव जिस प्रकार जन सेवा के कार्य कर रहे हैं वह अनुकरणीय एवं प्रशंसनीय है। उल्लेखनीय है कि श्री भार्गव समाज के पिछड़े कमजोर वर्ग के हितों के लिए हमेशा सक्रिय रहते हैं। श्री भार्गव के भोपाल स्थित बंगले पर भी जरूरतमंद लोगों की मदद का सिलसिला 24 घंटे, सातों दिन, साल भर चलता है। वह गरीबों की बीमारी का अपने खर्चे से इलाज करवाते हैं। बेरोजगारों को योग्यता के अनुसार नौकरी देने की पहल करते हैं। क्षेत्र प्रदेश के विकास के लिए नई-नई योजनाओं को क्रियान्वित भी करवाते हैं। श्री भार्गव ने मध्य प्रदेश मंत्रिमंडल में सहकारिता, कृषि, खाद्य नागरिक आपूर्ति, खादी ग्रामोद्योग एवं कुटीर लोक निर्माण विभाग सहित अनेक विभागों में अपनी कार्यशैली की अनुकरणीय छाप छोड़ी है। जन सेवा के प्रति समर्पित भाव से काम करने का यह निराला अंदाज पं. गोपाल भार्गव को आम जनता से लेकर राजनीति और प्रशासन के क्षेत्र में लोकप्रिय बनाता है।

## सार-समाचार

### परिवार कल्याण कार्यक्रम की समीक्षा बैठक संपन्न



**सागर, देशबन्धु।** परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत संभागीय समीक्षा बैठक का आयोजन एक निजी होटल में किया गया। कार्यक्रम क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवायें डॉ. ज्योति चौहान, डॉ. प्रमोद कुमार गोइल, उपसंचालक, परिवार कल्याण, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, भोपाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें परिवार कल्याण की समस्त विधियों एवं गतिविधियों पर जिलावार समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत जिलों की उपलब्धि बढ़ाने के लिए सभी जिला अधिकारियों एवं ब्लॉक अधिकारियों को निर्देशित किया गया। आगामी 6 माह में जिलों की उपलब्धि जल्द से जल्द बढ़ाकर अपनी सेवा आवश्यकता की पूर्ति करें। संभाग के पांचों जिले मिशन परिवार विकास के अंतर्गत प्रमुख गतिविधियां सास बहू सम्मेलन, नई पहल किट, सेल्फ केयर किट एवं पुरुष सहभागिता सम्मेलन का आयोजन किया जाना है। जिसमें गुणवत्तापूर्ण सुधार लाने के लिए निर्देशित किया गया। जिलों को जल्द से जल्द सभी नव विवाहित दंपतियों को नई पहल किट प्रदाय की जाना चाहिये।

### अधिवक्ता संघ ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपे



**बण्डा, देशबन्धु।** काफी लंबे समय से अधिवक्ता एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग कर रहे हैं जिस पर सरकार द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा बण्डा न्यायालय के अधिवक्ता संघ के समस्त अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम अनु. अधिकारी बण्डा को ज्ञापन सौंपा और अति शीघ्र एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की। वही नगर में सड़क जो कि नगर परिषद से बरायठा तिराहा तक बनाई जानी है ठेकेदार द्वारा उक्त सड़क को खोद कर डाल दिया गया और गिट्टी डाल दी जिसकी वजह से आए दिन बच्चे एवं नगर वासी गिट्टियों की वजह से दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं शीघ्र ही सड़क निर्माण कार्य करने को लेकर भी अधिवक्ता संघ ने ज्ञापन सौंप मांग की है कि यदि अति शीघ्र ही सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया तो आंदोलन के लिए बाध्य होंगे ज्ञात हो की नगर परिषद द्वारा नगर परिषद से बरायठा तिराहा तक सीसी रोड बनाया जा रहा है किंतु निर्माण कार्य बंद होने की वजह से सड़क पर गहरे गहरे गड्ढे होने की वजह से धूल और गिट्टी की वजह से नगरवासी और स्कूली बच्चे काफी चोटिल हो रहे हैं जिसकी वजह से भी अधिवक्ताओं में आक्रोश देखा गया। ज्ञापन सौंपने वालों में अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सीके मिश्रा, आरपी सेठ, आर वी श्रीवास्तव, श्याम किशोर नामदेव, बीएल पटेल, एसएस ठाकुर, केबी पटैल, महीप राय, भरत कुमार अग्निहोत्री, राममूर्ति पाठक सहित शहर बंडा न्यायालय के अधिवक्ता संघ के अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### कांग्रेस की जन आक्रोश यात्रा आज शाम 6 बजे सागर विधानसभा में आएगी

**सागर, देशबन्धु।** भाजपा की कुशासन, भ्रष्टाचार और जन विरोधी नीतियों के खिलाफ मप्र कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में निकाली जा रही जन आक्रोश यात्रा का आज सागर विधानसभा में आगमन हो रहा है। इस यात्रा का नेतृत्व मप्र कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव कर रहे हैं। जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार पचौरी ने बताया कि इस यात्रा के प्रति कांग्रेस जन के मन में और आम जनता में उत्साह का वातावरण है। सभी लोग बढ़ चढ़कर भाजपा सरकार की कुरीतियों के खिलाफ इस जन आक्रोश यात्रा में हिस्सा ले रहे हैं। समस्त कांग्रेस जन इस जन आक्रोश यात्रा को सफल बनाने के लिए आवश्यक रूप से सम्मिलित होवे। जिला शहर कांग्रेस कमेटी की उपाध्यक्ष और प्रवक्ता आशीष ज्योतिषी ने बताया कि सागर विश्वविद्यालय मैं शाम 6 बजे वरिष्ठ कांग्रेस जन-जन आक्रोश यात्रा कि आगवानी करेंगे। तत्पश्चात कालीचरण चौराहा सिविल लाइन से जन आक्रोश यात्रा का आरंभ होगा, जो लाल स्कूल, झंडा चौक, काली तिगड्डा, गोपालगंज, बस स्टैंड, तीन मढ़िया, परकोटा, तीन बत्ती, कटरा मस्जिद, राजा टॉकीज होते हुए डॉ. भीमराव बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष सभा स्थल तक पहुंचेगी।

## जो राजनैतिक दल ब्राह्मण समाज की 17 सूत्रीय मांगो को मानेगा, उसे देगे समर्थन



**सागर, देशबन्धु।** ब्राह्मण समाज से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर समाज से जुड़े प्रफुल्ल दुबे, केलाश तिवारी, राजेश पाराशर, राम दुबे सहित अनेक लोगों मीडिया से चर्चा की। उन्होंने कहा कि राजनेताओं द्वारा केवल अपने निजी स्वार्थ के लिए बार-बार प्रदेश में अलग अलग जाति वर्गों को ब्राम्हणों के विरुद्ध बड़ा करके ब्राम्हणों को नीचे दिखाने का काम किया जा रहा है। वोट बैंक की राजनीति के चलते चारों वर्गों में से प्रत्येक वर्ग के लिए आए दिन नई नई योजनाएं शुरू की जा रही है, किंतु ब्राम्हण और सवर्ण वर्ग के लिए ना तो कोई योजनाएं है ना ही किसी भी पार्टी द्वारा इनकी कोई भी बात सुनी जाती है। जबकि ब्राह्मण समाज को कभी किसी भी अन्य समाज से कोई बैमनस्यता नहीं रही है। समस्त ब्राह्मण समाज ने 17 सितंबर 2023 रविवार को भोपाल में आयोजित संपूर्ण प्रदेश के ब्राह्मण संगठनों के पदाधिकारियों की बैठक मे सर्वसम्मति से ब्राह्मण एवं सवर्ण समाज के उत्थान के लिए 17 सूत्रीय मांगो का एक मांग पत्र सर्वसम्मति से तैयार किया था। बैठक में यह तय किया गया कि यह मांग पत्र सभी विधान सभाओं में ब्राह्मण संगठन द्वारा सभी राजनीतिक दलों को दिया जाएगा और राजनीतिक प्रतिनिधियों से आग्रह किया जायेगा कि यह मांग पत्र वह अपनी पार्टी के चुनावी घोषणा पत्र में शामिल करें। यदि पार्टियां इस मांग पत्र को अस्वीकृत करती हैं या अपने चुनावी घोषणा पत्र में शामिल नहीं करती तो ब्राह्मण और सवर्ण समाज जब चुनाव में अन्य विकल्प की खोज करने के लिए प्रतिबद्ध है। ये अन्य विकल्प नोटा भी हो सकता है। इस आवेदन के माध्यम से पूरे मप्र के समस्त ब्राम्हणों द्वारा सभी राजनैतिक पार्टियों के सामने अपनी ये मांगे प्रस्तुत की जा रही हैं और सभी का निवेदन है कि समय रहते इन मांगों का निराकरण किया जाए अन्यथा की स्थिति में आगामी चुनाव में पूरे प्रदेश के समस्त ब्राम्हणों द्वारा चुनाव में उसी पार्टी का साथ दिया जायेगा जो हमारी बात सुनेगी।

### टूटे हुए मकान से निकलने वाले सीमेंट कांक्रीट मलमे से बनाये जा रहे पेपर ब्लॉक

**सागर, देशबन्धु।** महापौर संगीता तिवारी एवं आयुक्त चंद्रशेखर शुक्ला के निर्देशानुसार 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक इंडियन स्वच्छता लीग 2.0 एवं स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत नगर निगम द्वारा विभिन्न जागरूकता सह क्षमतावर्धन गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, इसी क्रम में सीएनडी वेस्ट संग्रहण अभियान के संचालन के साथ उसके प्रसंस्करण से नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है, क्योंकि नगर में जिन मकानों का पुनर्निर्माण होता है या गिराया जाता है तो उनके गिरने से निकला हुआ मटेरियल यातायात व्यवस्था में बाधक बनता है या लंबे समय तक एक ही स्थान पर पड़े रहने के कारण गंदगी फैलती है, जिसको दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम द्वारा महाराजा छत्रसाल नगर कॉलोनी बाघराज वार्ड में बनवाया गया।

## विधायक शैलेंद्र जैन को मिला संसदीय उत्कृष्ट सम्मान



**सागर, देशबन्धु।** मप्र विधानसभा द्वारा विगत लंबे सत्र के बाद संसदीय प्रणाली के तहत कार्य करने वाले उत्कृष्ट मंत्री उत्कृष्ट विधायक उत्कृष्ट अधिकारी एवं उत्कृष्ट कर्मचारी को सम्मानित किया गया जिसमें चयन समिति द्वारा मूल्यांकन के पश्चात विधायक शैलेंद्र जैन को उत्कृष्ट विधायक के रूप में चयनित किया गया जिसके लिए उन्हें विधानसभा अध्यक्ष डॉ. गिरीश गौतम, संसदीय कार्य मंत्री नरोत्तम मिश्रा पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सीता शरण शर्मा, लोक लेखा समिति के सभापति पीसी शर्मा प्रकरण समिति के सभापति रामपाल सिंह सहित विधानसभा कर प्रमुख सचिव एपी सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। पुरस्कार लेने के पश्चात जब शैलेंद्र जैन सागर पहुंचे तब उनके रास्ते में जगह-जगह स्वागत किया गया और मोतीनगर चौराहे पर नगर के लोगों द्वारा स्वागत किया गया। उन्होंने स्वागत स्थल पर कहा कि विधानसभा में मैं आप सभी का प्रतिनिधित्व करता हूं और आपकी मांगों को वहां रखकर उन्हें पूर्ण करने का प्रयास करता हूं यह सम्मान भाजपा के देव दुर्लभ कार्यकर्ताओं का सम्मान है जिन्होंने लगातार तीन बार अच्छे मतों से एक ही विधानसभा से विजय श्री दिलाई है, विधानसभा की मूल्यांकन समिति द्वारा मूल्यांकन के पश्चात महाकौशल प्रांत से एक मात्र विधायक के रूप में मेरा चयन हुआ है।

### स्कूटी सहित 90 पाव अवैध शराब के साथ आरोपी पकड़कर पुलिस ने किया मामला दर्ज

**गौरझामर, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश सिन्हा अनुविभागीय अधिकारी शशिकांत सरयाम के निर्देशन में चलाए जा रहे अवैध मादक पदार्थों को लेकर कार्यवाही करने के सख्त निर्देश दिए थे उन्हीं निर्देशों के पालन करते हुए गौरझामर थाना प्रभारी बृजमोहन कुशवाह ने बताया सोमवार को शाम को सागर से गौरझामर की ओर जा रहे थे करीब चार बजे पुलिस को अवैध शराब की सूचना प्राप्त हुई तो पुलिस ने आरोपी सुरेश यादव पिता रुपनारायण यादव उम्र 38 वर्ष निवासी काकागंज सागर से स्कूटी सहित 90 पाव लाल मसाला शराब कीमत नो हजार रुपये स्कूटी की कीमत तीस हजार रुपये बताई गई है। मामला दर्ज किया गया। आबकारी की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है और विवेचना जारी है। कार्यवाही में थाना प्रभारी बृजमोहन कुशवाह, अशोक चौहान, अनिल कन्नौजिया, माखन अहिरवार, आशीष तिवारी सहित समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।

## इमरान हत्याकांड के आरोपी को उम्रकैद

### रंजिश में दिनदहाड़े गोली मारकर की थी हत्या, बबलू कमाली सहित एक बरी

**सागर, देशबन्धु।** बहुचर्चित इमरान खान हत्याकांड में मंगलवार को अदालत ने फैसला सुनाया। प्रकरण की सुनवाई जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरुण कुमार सिंह की कोर्ट में हुई। कोर्ट ने प्रकरण में सुनवाई करते हुए हत्या के आरोपी मोहम्मद इसरार कुरैशी को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई है। वहीं मामले में नजमा कुरैशी और शेख रशीद उर्फ बबलू कमानी को साक्ष्यों के अभाव में बरी किया गया है। शासन की ओर से प्रकरण में पैरवी कर रहे लोक अभियोजक रामअवतार तिवारी ने बताया कि 29 जुलाई 2021 को मृतक इमरान खान उर्फबादशाह की पुरानी रंजिश में शुक्रवारी वार्ड में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वारदात सामने आते ही पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मो. इसरार कुरैशी, नजमा कुरैशी, शेख रशीद उर्फ बबलू कमाली व एक नाबालिग को आरोपी बनाया था। जांच के दौरान आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। साथ ही वारदात में उपयोग की गई बंदूक बरामद की गई। मामले की जांच पूरी होने पर न्यायालय में चालान पेश किया। कोर्ट ने प्रकरण में सुनवाई शुरू की। सुनवाई के दौरान अभियोजन ने प्रकरण से जुड़े साक्ष्य और दस्तावेज न्यायालय में पेश किए। वारदात में उपयोग की गई बंदूक की जांच रिपोर्ट पेश की गई। जिसमें सामने आया कि आरोपी ने अपनी लाइसेंसी 12 बोर की बंदूक से इमरान खान पर फायर किया था। उक्त बंदूक मेक इन पाकिस्तान है। कोर्ट ने प्रकरणों में सभी पक्षों को सुना। जिसके बाद साक्ष्यों के आधार पर फैसला सुनाते हुए आरोपी इसरार कुरैशी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। वहीं दो आरोपियों को दोषमुक्त किया गया है। चर्चित इमरान खान हत्याकांड के फैसले को लेकर मंगलवार को जिला न्यायालय में अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किए गए। सुबह से ही पुलिस बल तैनात रहा। साथ ही न्यायालय में आम लोगों की आवाजाही बंद रही। दरअसल दोनों पक्षों के लोग फैसले को लेकर न्यायालय पहुंचे थे। जहां उनके बीच टकराव होने की आशंका को देखते हुए कोर्ट के आसपास पुलिस बल मुस्तैद किया गया था।

## सूबेदार, केशवगंज, पंतनगर और काकागंज वार्ड में सिर पर कलश रखकर यात्रा की अगवानी की



**सागर, देशबन्धु।** मेरी माटी-मेरा देश अभियान के तहत नगर के समस्त वार्डों में क्रमानुसार निकाली जा रही अमृत कलश यात्रा 11 वें दिन सूबेदार वार्ड पहुंची जहां पार्षद रूबी पटैल ने महिलाओं और नागरिकों के साथ यात्रा की अगवानी कर हाथ में अमृत कलश लेकर मिट्टी और चावल का एकत्रीकरण कराया और नागरिकों को पंचप्रण की शपथ दिलाई, केशवगंज वार्ड मे नीलोफर अंजुम ने वार्ड की महिलाओं के साथ सिर पर कलश रखकर यात्रा का स्वागत किया और श्रद्धा पूर्वक मिट्टी और चावल कलश में एकत्रित किये, पतंनगर वार्ड मे नीरज कोरी ने महिलाओं और नागरिकों के साथ पंचप्रण की शपथ ली और मिट्टी चावल का एकत्रीकरण कराया। काकागंज वार्ड मे भरत अहिरवार ने यात्रा का स्वागत किया और घरों से चावल और मिट्टी का एकत्रीकरण कराया। इस अवसर पर यात्रा के नोडल अधिकारी विजय दुबे, वार्ड के उपयंत्री श्वेतांक कुशवाहा के साथ वार्ड के नागरिक और कर संग्राहक उपस्थित थे।

## हिन्दी पखवाड़ा के अंतर्गत आशुभाषण प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न



**सागर, देशबन्धु।** गौर समिति कक्ष राजभाषा प्रकोष्ठ डॉ. हरीसिंह गौर विवि द्वारा आयोजित हिन्दी पखवाड़ा के अंतर्गत विश्वविद्यालय के अधिकारियों हेतु आशुभाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने समसामायिक विषयों जैसे भारत की डिजिटल यात्रा जी.20 सम्मेलन, उच्च शिक्षा में हिन्दी, वर्तमान समय में गांधीवाद की प्रासंगिकता, भारतीय संस्कृति आदि विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर निर्णायक एवं प्रतियोगिता समन्वयक की भूमिका के दायित्व का निर्वाहन करते हुए प्रभारी हिन्दी अधिकारी एवं संयुक्त कुलसचिव संतोष सोहगौरा ने अपनी बात रखते हुए कहा कि किसी भी मुद्दे को लेकर तथा उससे जुड़ी कार्यान्वयन नीतियों के सफल क्रियान्वयन हेतु अधिकारियों का अभिमत एक अलग स्थान रखता है। प्रतियोगिता में डॉ. संजीव सराफ, डॉ. भूपेन्द्र कुमार पटेल, माधवचंद्र, रूपेन्द्र चौरसिया, राजकुमार पाल आदि उपस्थित थे। प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा 29 सितम्बर को जवाहर लाल नेहरू पुस्तकालय में आयोजित हिन्दी पखवाड़ा समापन समारोह में की जायेगी जिसमें विजयी प्रतिभागियों को कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता द्वारा सम्मानित किया जायेगा।

### हावड़ा-इंदौर क्षिप्रा एक्सप्रेस ट्रेन से गिरा यात्री

**खुरई, देशबन्धु।** लहुर्रा गांव के पास हावड़ा-इंदौर क्षिप्रा एक्सप्रेस ट्रेन में गेट पर बैठे एक यात्री को चक्कर आने से वह चलती ट्रेन में से गिर गया। घटना की जानकारी मिलते ही आरपीएफ मौके पर पहुंची और घायल को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के मुताबिक खुरई रेलवे स्टेशन से हावड़ा-इंदौर क्षिप्रा एक्सप्रेस ट्रेन के छुटने के बाद करीब 2 किमी की दूरी पर ट्रेन में सवार एक अज्ञात यात्री ट्रेन से गिर गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद आरपीएफ मौके पर पहुंची और घटना की सूचना 108 एंबुलेंस को दी गई। इसके बाद 108 एंबुलेंस के पायलट राजेन्द्र पटेल और ईएमटी बबलू वासुदेव मौके पर पहुंचे और घायल को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। करीब 2 घंटे के बाद घायल के परिजन अस्पताल पहुंचे तो घायल की पहचान चंद्रमा उर्फ बेटू पिता हरिदीन साकेत 17 निवासी ग्राम चुरखरी थाना अमर पाटन जिला सतना के रूप में हुई। घायल ने बताया कि वह विदिशा सोयाबीन की कटाई के लिए जा रहा था, वह ट्रेन के गेट पर बैठा हुआ था कि अचानक से उसे चक्कर आ गए। जिसकी वजह से वह ट्रेन से गिर गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल सागर रेफर किया गया है। ड्यूटी चिकित्सक डॉ. अर्पित जैन ने बताया कि ट्रेन से गिरकर एक यात्री आया था। सिर में उसको कई चोटें आई हैं। प्राथमिक उपचार के बाद उसे सागर रेफर कर दिया गया है।

### 20 किमी समीप ग्रामों में सिटी बस सेवा प्रारंभ की जायेः विधायक

**मकरोनिया, देशबन्धु।** विधायक प्रदीप लारिया ने सागर नगर परिवहन सेवा को भापेल, किशनपुरा, नरयावली, जरूआखेडा, परसोरिया, कर्रापुर, बन्नाद, ढाना, एवं चितौरा तक प्रारंभ करने के संबंध में पत्र लिखा एवं चर्चा की। श्री लारिया ने अधिकारियों को कहा कि सागर परिवहन सेवा को सागर नगर के समीप लगभग 20 किमी में संचालित किया जाता है, तो परिवहन सेवा भी सुचारू रूप संचालित होगी एवं आम जन एवं ग्रामीणों को सिटी बस का लाभ मिलेगा। श्री लारिया के इस प्रस्ताव पर अधिकारियों द्वारा सहमति व्यक्त कर शीघ्र सागर नगर के समीप लगभग 20 किमी की दूरी के ग्रामों तक सिटी बसों के संचालन के संबंध में आस्वाशन दिया।

## संभाग स्तरीय टॉस्क फोर्स समिति की बैठक संपन्न



**सागर, देशबन्धु।** वन क्षेत्रों में अवैध कटाई, अवैध उत्खनन एवं वन भूमि पर अतिक्रमण की प्रभावी रोकथाम के लिये जिला स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित टास्क फोर्स की गतिविधियों की त्रैमासिक समीक्षा के लिये संभागीय आयुक्त डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत की अध्यक्षता में संभाग स्तरीय टॉस्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें वन वृत्त सागर के मुख्य वन संरक्षक, कलेक्टर दीपक आर्य, पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी एवं वन वृत्त सागर, छतरपुर के समस्त वनमंडल अधिकारियों सहित जिले के खनिज अधिकारी उपस्थित रहे। समिति के सचिव एवं मुख्य वन संरक्षक, सागर द्वारा अवगत कराया गया कि मप्र शासन वन विभाग की अधिसूचना के अनुसार जिले के नौरादेही वन्य प्राणी अभ्यारण्य एवं दमोह जिले के वीरांगना दुर्गावती अभ्यारण्य को मिलाकर वीरांगना दुर्गावती टाईगर रिजर्व, सागर के कोर क्षेत्र के रूप में घोषित किया गया है। यह क्षेत्रफल की दृष्टि से प्रदेश का सबसे बड़ा टाईगर रिजर्व होगा। उपस्थित सभी अधिकारियों द्वारा शासन के इस निर्णय का स्वागत किया गया। बैठक में निर्देश दिये गये कि वन क्षेत्रों राजस्व क्षेत्रों में विद्युत ट्रेपिंग द्वारा वन्य प्राणियों के अवैध शिकार की रोकथाम हेतु जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स की बैठकों में विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ नियमित मॉनीटरिंग की जाये। वनमंडल नौरादेही वन्य प्राणी, सागर में ग्रामों के विस्थापन हेतु आवश्यक राशि के प्रस्ताव संभागायुक्त के माध्यम से शासन को प्रेषित किये जायें। वन्य प्राणियों के अवैध शिकार में लिप्त गिरोहों को पकड़ने में स्थानीय पुलिस का सहयोग लिया जाये एवं मुखबिर तंत्र विकसित किया जाये। वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत जिन हितग्राहियों को वन अधिकार पत्र वितरित किये गये हैं, वे किसी भी तरह से वन भूमि पर अतिरिक्त विस्तार न करें यह सुनिश्चित किया जाये। ऐसे हितग्राहियों को निर्माण हेतु बैंक से ऋण स्वीकृत न हो, यह सुनिश्चित किया जाये। वीरांगना दुर्गावती टाईगर रिजर्व, घोषित होने पर पर्यटन को काफी बढ़ावा मिलेगा। अतः राजस्व क्षेत्र में मप्र पर्यटन विभाग के माध्यम से इन्टरपिटेशन सेंटर के निर्माण हेतु उपयुक्त स्थल का चयन कर कलेक्टर को अवगत कराया जाये। वन व्यवस्थापन की कार्यवाही में प्रगति लाये जाने हेतु वन विभाग के उप वनमंडल अधिकारी/ परिक्षेत्र अधिकारी संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के संपर्क में रहें एवं समन्वय करते हुये इसमें प्रगति लायें।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादकः **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादकः **ज़ाकिर अली***
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन-** MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।